CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 12°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 24 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 313 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 2 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

बीएलओ की मौत के आंकड़े वास्तविकता से बहुत अधिक, स्थिति अत्यंत चिंताजनक: खड़गे पेज 2

केएल राहुल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में कप्तानी करेंगे खेल टाइम्स

सेना बनाम सर्वोच्च न्यायालय बनाम मानवाधिकार सम्पादकीय

बांग्लादेश में विशेषज्ञों ने दी भीषण भूकंप की चेतावनी पेज 12

संक्षिप्त समाचार

एसआईआर अभियान: 19 दिन में 6 राज्यों में 15 बीएलओ की मौत

नई दिल्ली। देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) अभियान के बीच बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) की मौतें चिंता का कारण बन गई हैं। 21 नवम्बर की रात से 22 नवम्बर के मध्य प्रदेश में दो बीएलओ की बीमारी के कारण मौत हो गई। मध्य प्रदेश के भोपाल में दो बीएलओ को हार्ट अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। पश्चिम बंगाल में एक महिला बीएलओ ने भी आत्महत्या कर ली। मृतकों के परिजनों ने ज्यादा काम और लक्ष्य पूरा करने के दबाव को मौत का कारण बताया है। निर्वाचन आयोग की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार बड़े राज्यों में राजस्थान में सर्वाधिक 60.54 फीसदी फॉर्म डिजिटलाइज हुए हैं। वहीं, केरल में सबसे कम 10.58 फीसदी फॉर्म डिजिटल हो पाए हैं। कुल 98.98 फीसदी फॉर्म बंट चुके हैं।

मैदानों में कड़ाके की सर्दी शुरू, चार शहरों में एक्यूआई 300+

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों पर बर्फबारी हो रही है। इससे मैदानी इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में सर्दी के साथ धुंध का असर बढ़ने लगा है। इसके कारण शहरों में प्रदूषण भी बढ़ गया है। शनिवार शाम को भिवाड़ी, जयपुर, कोटा, टोंक में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लेवल 300 से ऊपर दर्ज हुआ। 8 शहरों में एक्यूआई 200 से ऊपर रहा। यूपी और बिहार में अब तक सर्दी से राहत थी, लेकिन सोमवार से तापमान गिरने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी में पहाड़ों से ठंडी हवाएं आने लगी हैं। इसके कारण, अगले पांच दिनों के दौरान राज्य का तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिरने की आशंका है। बिहार में 24 नवम्बर के बाद तापमान गिरने लगेगा। 27-28 नवम्बर तक भीषण सर्दी पड़ सकती है। कई शहरों में अभी से घना कोहरे छाने लगा है।

शीतकालीन सत्र में चंडीगढ़ से संबंधित विधेयक नहीं आएगा: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की वैधानिक स्थिति बदलने के बारे में आ रही रिपोर्टों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अभी चंडीगढ़ के लिए केंद्र द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है और इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इन रिपोर्टों के कारण सियासी हलकों में तीखी प्रक्रिया हो रही है। इसे देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि चंडीगढ़ के साथ पंजाब या हरियाणा के परंपरागत संबंधों को परिवर्तित करने के बारे में कोई बातचीत नहीं चल रही है। पोस्ट में कहा गया है कि संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव अभी केंद्र सरकार के स्तर पर विचाराधीन है।

देश में एक दिसम्बर से केस लिस्टिंग का नया सिस्टम: जस्टिस सूर्यकांत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बोले- मेरा फोकस अदालतों में पेंडिंग केसों की संख्या कम करना, आज शपथ ग्रहण
- जस्टिस सूर्यकांत एक दिसम्बर को देश को सरप्राइज देंगे
- लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी सब इसका करेंगे स्वागत

नई दिल्ली। जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट के 53वें सीजेआई के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले संकेत दिए कि वे एक दिसम्बर को देश को सरप्राइज देंगे। उन्होंने केवल इतना इशारा किया कि सरप्राइज केसों की लिस्टिंग को लेकर है। लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी कि सब इसका स्वागत करेंगे।

देश के सबसे बड़े ज्यूडिशियल ऑफिस का चार्ज संभालने से पहले, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डेजिग्नेटेड, जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उनका मेन फोकस देश की अदालतों में पेंडिंग केसों की भारी संख्या को कम करना होगा। जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के उन मामलों का निपटारा करेंगे, जो हाईकोर्ट में लास्ट स्टेज में हैं और सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण लटके हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने मीडिएशन को भी एक गेम चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि यह लिटिगेंट्स को कोर्ट के बाहर तेजी से सेटलमेंट दिला सकता है। अगर पेंडिंग और प्री-लिटिगेशन केस मीडिएशन से सुलझाए जाते हैं, तो कोर्ट पर बोझ काफी कम हो जाएगा। जस्टिस सूर्यकांत दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर लीगल जर्नलिस्ट्स के एक ग्रुप को एड्रेस कर रहे थे। जस्टिस सूर्यकांत की बकेटलिस्ट के अनूसार एरियर (पेंडिंग केस) को इंडिविजुअल कोर्ट लेवल पर और पैन-इंडिया बेसिस पर, दोनों तरह से एड्रेस किया जाना चाहिए। एक बड़ा चैलेंज मामलों का ओवरलैप होना है। कई जरूरी केस 5, 7 या 9 जजों की कॉन्स्टीट्यूशनल बेंच को भेजे गए हैं और इस वजह से, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी कई दूसरे केस नहीं देख पा रहे हैं। हजारों मामले इन बड़ी बेंचों के फैसलों का इंतजार करते हुए रुके हुए हैं। इस वजह से, हाईकोर्ट और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट भी कई कानूनी सवालों की वजह से अटके हुए हैं, जो अभी तक सुलझे नहीं हैं। हालात को करीब से समझने के लिए लगभग एक हफ्ते का समय लगेगा और इस काम में भी कुछ समय लगेगा। एक क्राइटेरिया यह है कि सबसे पुराने केस पहले लिए जाएं। हालांकि, कुछ नए मामले भी हैं जिन पर तुरंत और सच में ध्यान देने की जरूरत है। डिजिटल कोर्ट और एआई के इस्तेमाल को भी ज्यूडिशियल सिस्टम के कामकाज में शामिल किया जा सकता है। यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जो मतलब का बदलाव ला सकती है। लेकिन एक समय ऐसा आता है जब हर लिटिगेंट आखिरी फैसला सुनाने के लिए एक इंसानी कोर्ट की उम्मीद करता है। इसलिए, मुकदमेबाजी में एआई की सीमित लेकिन उपयोगी भूमिका है।

शीर्ष उल्फा कमांडर, बॉडी गार्ड ने किया सरेंडर

गुवाहाटी। यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के एंटी-टॉक ग्रुप के एक शीर्ष कमांडर और उसके एक साथी ने रविवार को असम राइफल्स के सामने सरेंडर कर दिया। अरुणोदोई दहोतिया उर्फ बिजित गोगोई नाम का यह कमांडर, संगठन की 709 कंपनी से जुड़ा था, जिसे उल्फा (इंडिपेंडेंट) के नाम से भी जाना जाता था। दहोतिया को उल्फा (आई) चीफ परेश बरुआ का भरोसेमंद साथी भी माना जाता है। दहोतिया के साथ उसके एक बॉडी गार्ड, फ्रांसिस असोम ने भी आत्मसमर्पण कर दिया।

एआई के गलत इस्तेमाल पर रोक जरूरी: पीएम मोदी

कहा: अपराध और आतंकवाद में एआई का प्रयोग खतरनाक

जोहान्सबर्ग, वार्ता

- जी-20 में ग्लोबल लीडर्स से मिले पीएम
- इससे बचाव के लिए मजबूत नियम और कानून बनाने चाहिए
- एआई पर अंतर्राष्ट्रीय समझौता होना जरूरी
- एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन जाएगा

पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग में हो रहे जी-20 समिट के दौरान दुनिया के 20 ग्लोबल लीडर्स से मुलाकात की। इनमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई बड़े अंतर्राष्ट्रीय नेता शामिल रहे।

मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए। मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल काम्पैक्ट (यानी अंतर्राष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता। उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले मोदी ने बताया था कि, शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहा कि मैंने दो सत्रों में भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। मोदी ने एक्स पर बताया कि जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर। इसके साथ ही मोदी ने जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी। मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत- ब्राजील- दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) नेताओं की बैठक में शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

जी-20 में पहली बार मेजबानी हैंडओवर नहीं हुई

- ट्रम्प के न आने से नाराज था साउथ अफ्रीका, अमेरिका बोला: यह ठीक नहीं किया

जोहान्सबर्ग। साउथ अफ्रीका में 20वां जी-20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा नहीं सौंपा। विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि आज कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी।

अमेरिका चाहे तो सोमवार से डीआईआरसीओ (दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय) के दफ्तर से जी-20 से जुड़े दस्तावेज ले सकता है। इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्री अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी-20 का औपचारिक हैंडओवर नहीं कर गलत किया है।

साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने रविवार को जी-20 समिट के समापन का ऐलान किया। दरअसल, हर जी-20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, अगले मेजबानी करने वाले देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमेरिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। ट्रम्प ने कहा कि साउथ अफ्रीका में गोरे ईसाइयों को मारा जा रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद आर्केस्ट्रा जैसा था: सेना प्रमुख

शाह टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद आर्केस्ट्रा की तरह था, जहां हर म्यूजिशियन ने एक साथ मिलकर काम करने वाली भूमिका निभाई, इसी तरह 22 मिनट में भारतीय सेना ने 9 आतंकी जगहों को तबाह कर दिया।

उन्होंने कहा कि मिलिट्री ऑपरेशन में हालात के बदलने के साथ बदलाव का अंदाजा लगाने की दूर की सोच दिखाई देती है। यह एक ऐसा जवाब था, जो उस पल में नहीं बल्कि सालों की सोच से बना था कि कैसे इंटेलिजेंस, सटीकता और टेक्नोलॉजी मिलकर एक्शन में बदल सकती हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले किए और उसके बाद भारत के सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए। न्यूक्लियर हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच करीब 88 घंटे तक चली मिलिट्री लड़ाई 10 मई की शाम को एक समझौते पर पहुंचने के बाद रुक गई। सेना 21वीं सदी में दुनिया प्रतिस्पर्धा और टकराव से भरी है।

- हर म्यूजिशियन ने भूमिका निभाई, 22 मिनट में भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए

बॉर्डर कब बदल जाए कोई नहीं जानता: राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। और जहां तक जमीन की बात है।

कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए। राजनाथ सिंह ने ये बातें रविवार को दिल्ली में सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने (आडवाणी) अपनी एक किताब में लिखा था कि सिंधी हिंदू, खासकर उनकी पीढ़ी के लोग अभी भी सिंध को भारत से अलग नहीं मानते हैं। दरअसल 1947 में भारत- पाकिस्तान बंटवारे के बाद सिंध प्रांत पाकिस्तान में चला गया। यह पाकिस्तान का तीसरा सबसे बड़ा प्रांत है। जिसकी राजधानी कराची है। प्रांत में उर्दू, सिंधी और अंग्रेजी बोली जाती है।

कहा: आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, पर सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा

दिल्ली ब्लास्ट: उमर को जमात से मिले थे 40 लाख

- हिसाब गड़बड़ हुआ तो उमर व मुजम्मिल झगड़े
- पुलिस ने फरीदाबाद में मस्जिद, घर, होटल, गोदाम खंगाले

नई दिल्ली। दिल्ली में 10 नवम्बर को हुए कार ब्लास्ट में शामिल सुसाइड बॉम्बर डा. उमर और डा. मुजम्मिल के बीच 40 लाख रुपये को लेकर झगड़ा हुआ था। फंडिंग जमात की तरफ से हुई थी। इसी पैसे से सामान खरीदने में हुए खर्च को लेकर उमर और मुजम्मिल की बीच तनाव था।

एनआईए टीम यूनिवर्सिटी के पास की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इसे ही जमात के जरिए कई लाख रुपये मिले थे, जिसका इस्तेमाल मुजम्मिल ने ब्लास्ट के लिए सामान खरीदने में किया था। सूत्रों के मुताबिक इन्हीं पैसों में हेरफेर को लेकर मुजम्मिल और उमर के बीच तनाव था। इधर, फरीदाबाद में पुलिस ने धौज गांव समेत 4 थाना क्षेत्रों में शनिवार को सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीम ने दिनभर मस्जिदों, दुकानों, होटलों, घरों व गोदामों में चेकिंग की। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था।

पाकिस्तानी पत्रकार ने फेक न्यूज फैलाई: फ्रांसीसी नौसेना

हमने राफेल गिरने की बात नहीं मानी, गलत तरीके से पेश किया अफसर का बयान

- हामिद मीर ने एक फ्रांसीसी अधिकारी के बयान का हवाला देते हुए राफेल गिरने का किया था दावा
- रिपोर्ट में जिस अफसर का नाम लिखा गया है, वह भी गलत : फ्रांसीसी नेवी

पेरिस। फ्रांसीसी ने ऑपरेशन सिंदूर में राफेल गिरने की पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर की रिपोर्ट को फर्जी बता दिया है। नौसेना ने कहा है कि राफेल गिरने की बात न तो कभी मानी गई और न ही किसी अधिकारी ने ऐसा बयान दिया।

हामिद मीर ने एक फ्रांसीसी अधिकारी के बयान का हवाला देते राफेल गिरने का दावा किया था। फ्रांसीसी नेवी ने बताया कि रिपोर्ट में जिस अफसर का नाम लिखा गया है, वह भी गलत है। रिपोर्ट में जैक्स लौने कहा गया, जबकि सही नाम कैप्टन यवन लौने है। नेवी ने कहा कि कैप्टन लौने के पद और जिम्मेदारियों को भी बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया। फ्रांस के मुताबिक कैप्टन लौने ने न तो राफेल गिराए जाने की कोई बात कही और न ही भारत-पाकिस्तान झड़प को लेकर कोई दावा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल पूछे जाने पर सिर्फ इतना कहा था कि वे इस पर टिप्पणी नहीं कर सकते। इसके बावजूद रिपोर्ट में इसे पुष्टि की तरह पेश किया गया। हामिद मीर ने अपनी रिपोर्ट में कैप्टन लै.नि. के बयान का झूठा हवाला देते हुए भारत के राफेल फाइटर जेट गिरने की बात की। हामिद के मुताबिक कैप्टन लै.नि. ने कहा कि राफेल के गिरना चीन के जे-10 से. की तकनीकी क्षमता की वजह से नहीं, बल्कि ऑपरेशन को संभालने के तरीके वजह से हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक कैप्टन लै.नि. ने कहा कि राफेल में कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन उसका सही उपयोग नहीं किया गया। राफेल किसी भी स्थिति में जे-10सी को हरा सकता है। पाकिस्तानी पत्रकार ने कैप्टन लोनै के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया कि दोनों देशों के 140+ फाइटर जेट एक-दूसरे के सामने थे। इतनी बड़ी संख्या में टारगेट होने से किसी भी विमान को मार गिराना आसान था। पाकिस्तान इस जटिल स्थिति को बेहतर तरीके से संभालने में कामयाब रहा। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कहा कि पाकिस्तान का मिस इन्फॉर्मेशन नेटवर्क एक बार फिर बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा कि हामिद मीर की रिपोर्ट में राफेल जेट्स को लेकर वही पुराने, मनगढ़ंत दावे दोहराए गए, जिन्हें अब फ्रांसीसी नेवी ने भी झूठा बता दिया है। मालवीय ने यह भी आरोप लगाया कि हामिद मीर के कुछ भारतीय मीडिया संस्थानों से करीबी संबंध हैं, जिससे पाकिस्तान की प्रोपेगेंडा मशीनरी को बढ़ावा मिलता है। एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने जारी किया है। रिपोर्ट पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि अमेरिकी संसद में पेश हुई इस रिपोर्ट ने भारत के साथ हुई सैन्य टकराव में पाकिस्तान की जीत पर मुहर लगा दी है।

संक्षिप्त समाचार

डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किया सम्मानित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने रविवार को पूरे प्रदेश में गर्व और सम्मान के साथ झंडा दिवस मनाया। लखनऊ में पुलिस डीजीपी राजीव कृष्णा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर पहुंचकर पुलिस फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। डीजीपी ने मुख्यमंत्री को मोमेंटो भी भेंट किया। मुख्यमंत्री की तरफ से यूपी पुलिस के इस अवसर की तस्वीरें साझा की गई हैं। यह आयोजन यूपी पुलिस के इतिहास और गौरव को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन पीएम द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उत्कृष्ट कार्य और पेशेवर दक्षता के लिए आधिकारिक पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

उपराज्यपाल ने जम्मू में सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिल्ली में पिछले हफ्ते हुए जानलेवा विस्फोट के बाद के हालात की रविवार को समीक्षा की और यहां एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में सुरक्षा बलों की सर्दियों की तैयारियों का जायजा लिया। यह सूचना आधिकारिक सूत्रों ने दी। बैठक में पुलिस, आर्मी, सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ इंटेलिजेंस एजेंसियों और प्रशासन के उच्च अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करने के साथ-साथ, सर्दियों की तैयारियों, खासकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के हालात का भी जायजा लिया। इसके अलावा, उन्हें जम्मू-कश्मीर में टेरर इकोसिस्टम को खत्म करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री योगी ने साढ़े तीन करोड़ लोगों को दी बड़ी राहत

यूपी में अभी नहीं बढ़ेंगे बिजली के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

- छह साल पुराने रेट पर ही बनेगा बिल
- बिजली आपूर्ति और सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं अधिकारी: शर्मा

लखनऊ। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लगातार छठवें साल बिजली दरें न बढ़ने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

बिजली दरें बढ़ाने को लेकर पावर कॉरपोरेशन की तरफ से नियामक आयोग को प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन अब सरकार के इस कदम से अब उपभोक्ताओं को बिजली जलाने के एवज में अतिरिक्त पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब उन्हें छह साल पहले वाली बिजली की जो दरें तय हैं, उन्हीं से बिल का भुगतान करना होगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जनता के हित में लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय से स्पष्ट है कि सरकार उपभोक्ता सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। ऊर्जा विभाग की पूरी टीम उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने और पारदर्शी तरीके से कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आगामी वर्षों में भी सरकार ऐसे निर्णय लेती रहेगी, जो आम जनता के हित में हों। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिजली आपूर्ति और सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार लाएं। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने योगी आदित्यनाथ सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न किए जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की जन-केन्द्रित नीतियों और उपभोक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल में सरकार ने बिजली के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है। यह उपलब्धि प्रदेश को देश का पहला ऐसा राज्य बनाती है, जिसने लंबी अवधि तक अपने उपभोक्ताओं को स्थिर और किफायती बिजली दरों का लाभ प्रदान किया है। यूपी विद्युत नियामक आयोग ने घोषणा की है कि घरेलू, व्यावसायिक, औद्योगिक, कृषि और ग्रामीण उपभोक्ताओं सहित सभी श्रेणियों के लिए बिजली के टैरिफ लगातार छठवें वर्ष भी पहले की ही तरह रखे गए हैं। किसी भी उपभोक्ता पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इस निर्णय से न सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारियों, उद्योगों और किसानों को भी लाभ होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और रोजगार को भी मजबूती मिलेगी। बिजली दरों में स्थिरता उद्योगों को अपनी लागत नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे प्रदेश में निवेश का माहौल भी बेहतर होता है। ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि वर्तमान समय में जब देश के कई राज्यों में बिजली दरें बढ़ाई जा रही हैं।

गीता का ज्ञान लोगों को बनाएगा स्मार्ट: सीएम

लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म ने हमें सिखाया है कि अच्छे कर्म का फल अच्छा मिलता है और बुरे कर्म का फल बुरा होता है। हमें गीता ने बताया कि फल की इच्छा से इतर निष्काम कर्म ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

सीएम ने स्मार्ट सिटी को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का क्या फायदा जब स्मार्ट सिटीजन ही नहीं होंगे। ऐसे में गीता का ज्ञान लोगों को स्मार्ट बनाने के लिए है। स्वार्थगत तुष्टिकरण के बादल छंट रहे हैं, सनातन का उदय हो रहा है। सीएम ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गीता के संदेश को घर घर और जन जन तक पहुंचाने का है।

बीएलओ की मौत के आंकड़ों की स्थिति चिंताजनक: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

- बीजेपी की वोट चोरी बीएलओ की जानलेवा बनी
- हम नहीं जागे, तो बिखर जाएगा लोकतंत्र: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि काम के दबाव में बीएलओ की मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं वास्तविक संख्या उनसे बहुत अधिक है।

यह अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है और इस पर सबको ध्यान देना जरूरी है। खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी सरकार के मतदाता सूची गहन विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि भाजपा की वोट चोरी बीएलओ के लिए जानलेवा रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा ष्काम के भार से बीएलओ और पोलिंग अधिकारी लगातार आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। मेरी हर एक परिवार, जिसने अपनों को खोया है, उनके प्रति गहन संवेदनाएं। मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं वास्तविक संख्या उनसे कहीं अधिक है। जो बेहद चिंता. जनक है। इन परिवारों को न्याय कौन दिलाएगा।ष श्री खड़गे ने चुनाव आयोग पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा चोरी की सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है और आयोग मूक दर्शक बने तमाशा देख रहा है। हड़बड़ी में बिना योजना के जबरन एसआईआर लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है। सत्ता का दुरुपयोग कर संस्थानों के कर्मचारियों से आत्महत्या करवाना, संविधान की धज्जियां उड़ाना और लो. कतंत्र को दुर्बल बनाना भाजपा की सत्ता की भूख का नतीजा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अब बस ! अगर अभी भी हम नहीं जागे तो लोकतंत्र के आखरी स्तंभों को गिरने से कोई नहीं बचा सकता। जो लोग एसआईआर और वोट चोरी पर चुप हैं वो इन निर्दोष बीएलओ की मृत्यु के कसूरवार है। आवाज़ उठाइए, लोकतंत्र बचाइए।

पुलिस झंडा दिवस उत्कृष्ट कार्य उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए: राज्यपाल

लखनऊ, वार्ता

- नीरा रावत ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को फ्लैग लगाया

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने को रविवार को राजभवन में पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन, उत्तर प्रदेश, नीरा रावत ने फ्लैग लगाया।

इस मौके पर राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर पर हुए संवाद में राज्यपाल ने कहा कि पुलिस झंडा दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम न बनकर पूरे वर्ष में अपराध नियंत्रण, नवाचार और समाज सेवा के क्षेत्र में पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस इस बात का उत्सव होना चाहिए कि कितना अपराध कम हुआ, कौन-कौन से नवाचार किए गए और समाज सेवा में कितना योगदान दिया गया। राज्यपाल ने नौ से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों की सभी बेटियों को यह वैक्सीन अवश्य लगनी चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत सबसे पहले राजभवन उत्तर प्रदेश से हुई, जिसके बाद इसे विश्वविद्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और पुलिसकर्मियों की पुत्रियों तक विस्तारित किया गया है। संवाद के दौरान राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान नियमों के अनुसार आयुष्मान कार्ड सात सदस्यों वाले परिवार को ही मिलता है।

एसआईआर कोई सुधार नहीं थोपा गया जुल्म: राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

- विशेष गहन पुनरीक्षण एक सोची-समझी चाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार और चुनाव आयोग को घेरने की कोशिश की है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने एसआईआर के नाम पर देश भर में अफरा-तफरी मचा रखी है, अब इसके नतीजे भी सामने आने लगे। एसआईआर की वजह से पिछले करीब 3 हफ्तों में 16 बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की जान चली गई। राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर एक सोची-समझी चाल है, जहां नागरिकों को परेशान किया जा रहा है और बीएलओ की अनावश्यक दबाव से मौतों को कॉलैटरल डैमेज मानकर अनदेखा किया जा रहा है। यह नाकामी नहीं, षड्यंत्र है और सत्ता की रक्षा में लोकतंत्र की बलि है। राहुल गांधी ने कहा कि इन बीएलओ में से किसी ने काम के दबाव के चलते आत्महत्या कर ली, तो किसी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। आज भी सैकड़ों बीएलओ भारी तनाव में एसआईआर का काम कर रहे हैं।

असम में उग्रवाद नियंत्रित करने में तरूण गोगोई की अहम भूमिका: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता तरुण गोगोई की पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उन्हें राज्य में उग्रवाद को नियंत्रित करने और सौहार्द स्थापित करने वाला नेता बताया। खड़गे ने कहा कि श्री गोगोई की निर्णायक भूमिका ने असम में उग्रवाद को नियंत्रित करने, सौहार्द स्थापित और राज्य में शांति एवं प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि श्री गोगोई की पुण्यतिथि पर हम उनके योगदान को याद करते हैं। पूर्वोत्तर भारत के सबसे सम्मानित और कद्दावर नेताओं में से एक श्री गोगोई ने अपना जीवन असम के विकास और कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उग्रवाद पर अंकुश लगाने और राज्य में सद्भाव, शांति और प्रगति लाने में उनकी निर्णायक भूमिका को लोग सदैव याद रखेंगे। जोरहाट के ताई-अहोम परिवार में जन्मे श्री गोगोई 1971 से 1985 तक पांच बार लोकसभा सदस्य चुने गए और इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सरकारों में केंद्रीय मंत्री भी रहे।

सेंसेक्स 85632.68
निफ्टी 26192.15

सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार

चांदी रु. 159000
प्रति किलो

शेयर बाजारों में दिखेगा वैश्विक कारकों का प्रभाव

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अगले सप्ताह वैश्विक कारकों का प्रभाव दिख सकता है। घरेलू स्तर पर शुक्रवार को रुपये में एक प्रतिशत से ज्यादा की भारी गिरावट का असर भी आने वाले सप्ताह में दिख सकता है। इसके अलावा, निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी जारी होने हैं, लेकिन वे शुक्रवार शाम जारी होंगे जिससे उनका असर आने वाले सप्ताह में नहीं दिखेगा।

शेयर बाजारों के लिए बीता सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहा। सोमवार को बाजार तेजी में खुले, लेकिन अगले ही दिन लुढ़क गए। मंगलवार और शुक्रवार को फिर तेजी दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का नि“टी.50 सूचकांक इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। अंतिम कारोबारी दिवस पर इसमें गिरावट रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 669. 14 अंक द्ध0.79 प्रतिशतऋ मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 85,231.92 अंक पर बंद हुआ। नि“टी-50 भी 158.10 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 26,068. 15 अंक पर पहुंच गया। खास बात यह रही कि जहां दिग्गज कंपनियों के सूचकांकों में तेजी रही,वहीं मझौली और छोटी कंपनियों की सूचकांक साप्ताहिक गिरावट में रहा। नि“टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.55 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 2.22 प्रतिशत लुढ़क गया। यह दिखाता है कि बाजार में कुल मिलाकर निवेश धारणा नकारात्मक रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 में साप्ताहिक तेजी और अन्य 13 में गिरावट रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 3.06 फीसदी चढ़ा। इंफोसिस में 2.80 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 2.62 फीसदी, पावरग्रिड में 2.34, टाइटन में 2.10, मारुति सुजुकी में 1.92 और रिलायंस में 1.78 फीसदी की मजबूती दर्ज की गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.57 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.49, टीसीएस का 1. 45 और सनफार्मा का 1.33 प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने सबसे अधिक 7.49 प्रतिशत का नुकसान उठाया। टाटा स्टील का शेयर 3.53 फीसदी, बीईएल का 2.52, अडानी पोर्ट्स का 2.13, बजाज फाइनेंस का 1.30, अल्ट्राटेस सीमेंट का 1. 14 और एशियन पेंट्स का 1.04 प्रतिशत लुढ़क गया।

मदरसा शिक्षक से होगी 16.59 लाख की रिकवरी

लखनऊ। यूपी में राष्ट्रीय सुरक्षा और भ्रष्टाचार पर योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। आजमगढ़ के मदरसा शिक्षक शमशुल हुदा खान के पाकिस्तान से अवैध संबंध उजागर होने के बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के चार अधिकारियों को निलंबित किया गया है। आरोप है कि इन अधिकारियों ने शिक्षक को विदेश में रहते हुए भी वेतन और अन्य लाभ दिलाए। इस मामले में 16.59 लाख की वसूली और विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा इस मामले से जुड़े जितने भी अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उन सभी को विभागीय जांच के दायरे में लाया गया है। ये भी संभावना है कि आगे और अधिकारियों और कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। ये मामला आजमगढ़ के मदरसा शिक्षक शमशुल हुदा खान से जुड़ा है, जिसके पाकिस्तान से अवैध कनेक्शन पाए गए थे। आरोप है कि इन अधिकारियों ने शमशुल हुदा खान को विदेश में रहते हुए भी वर्षों तक वेतन, चिकित्सा अवकाश और स्वैच्छिक सेवा. निवृत्ति (वीआरएस) जैसे लाभ दिलाए।

गेहूं, चीनी में साप्ताहिक गिरावट दालें मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव स्थिर रहे। गेहूं और चीनी के दाम घट गए जबकि दालों में तेजी देखी गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत लगभग स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,819.66 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

गेहूं नौ रुपये की टूटकर 2,848.14 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 11 रुपये फिसलकर 3,301.38 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बीते सप्ताह सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मूंगफली तेल औसतन 60 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 43 रुपये और वनस्पति की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में साप्ताहिक तेजी रही। तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। चना दाल और मूंग दाल के भाव लगभग स्थिर रहे। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 32 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल-दलहन : दाल चना 7858.64 रुपये, मसूर काली 8113.10 रुपये, मूंग दाल 10087.75 रुपये, उड़द दाल 10380.68 रुपये, तूअर दाल 10544.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलऋ गेहूं दड़ा 2848.14 रुपये और चावल 3819.66 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंऋ 3301.38 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4319.72 रुपये और गुड़ 4976. 91 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

एआई के...

हुए। इसमें विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी शामिल हुए। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी बैठक में मौजूद रहे। इस दौरान मोदी ने कहा कि वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी है, आईबीएसए को दुनिया को एक संद. ेश देना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी हो गया है।

ये संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकता से बहुत दूर हो चुकी हैं। अब बदलाव का समय आ गया है। आतंकवाद के मुद्दे पर कोई दोहरा मापदंड नहीं चल सकता। तीनों देशों को इस लड़ाई में पूरा समन्वय रखना होगा। तकनीक का इस्तेमाल इंसानों के विकास के लिए किया जाए। इसके लिए एक नया 'आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन अलायंस' बनाया जाना चाहिए। खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए 'आईबीएसए फंड फॉर क्लाइमेट-रेजि. लिएंट एग्रीकल्चर' शुरू किया जाए। यह कोष जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि को मजबूत बनाने में मदद करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बायकाट के बावजूद 20वीं जी-20 समिट के पहले दिन शनिवार को सदस्य देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही अमेरिका इसमें शामिल नहीं हुआ। वहीं, ट्रम्प ने आखिरी सेशन में 2026 की मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी। दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को नकार दिया। इस बार के जी-20 समिट में दो बड़ी परंपराएं टूट गईं और यही वजह है कि यह बैठक ऐतिहासिक रूप से अलग मानी जा रही है। पहली परंपरा मेजबानी सौंपने की है। हर जी-20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, इस साल के मेजबानी देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' (अध्यक्षता का प्रतीक) सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमे. रिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं हुए। 2024 में जी-20 की मेजबानी अमेरिका (सैन फ्रांसिस्को) ने की थी, इसलिए गवेल ट्रम्प को ही सौंपना था। लेकिन उनकी गैरहाजिरी की वजह से साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति ने खाली कुर्सी को मेजबानी सौंपने का ऐलान किया है।

लखनऊ घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग उठी

- 52 देशों के जजों ने की विश्व शांति के लिए सुधार की अपील

लखनऊ। लखनऊ घोषणा पत्र में 52 देशों के मुख्य न्यायाधीशों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में तत्काल सुधार की अपील की। विश्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। यह सम्मेलन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की भावना पर आधारित रहा, जो एक नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

लखनऊ में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का रविवार को सफल समापन हुआ। प्राइवेट सिटी मोंटेसरी स्कूल द्वारा तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। समापन पर 52 देशों के 160 से अधिक मुख्य न्यायाधीशों और न्यायविदों ने सर्वसम्मति से 'लखनऊ घोषणा पत्र' जारी किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन)में सुधार की अपील की गई। यह सम्मेलन 20 से 23 नवंबर तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ की मेयर, सुषमा खर्कवाल ने घोषणा पत्र जारी करते हुए यूएन में तत्काल सुधार, विश्व शांति और स्वच्छ वातावरण के लिए सभी देशों के प्रयासों पर बल दिय। सम्मेलन में न्यायविदों ने यूएन सुधार, मूलभूत अधिकारों की रक्षा, सभी धर्मों के सम्मान और स्कूलों में नागरिक व शांति शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी, जो एक नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेयर ने कहा कि यह घोषणा पत्र समता और शांति आधारित नई विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि प्रातः सत्र में 'बिल्डिंग टुमारोज़ लीगल आर्किटेक्चर' विषय पर चर्चा हुई, जिसमें मिस्र, इस्वातिनी, अर्जेंटीना और सामोआ के शीर्ष न्यायाधीशों ने मध्यस्थता, न्यायिक सहयोग और निरंतर संवाद को वैश्विक स्थिरता के लिए आवश्यक बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहले दिन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा था कि न्याय न केवल समता का बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके भविष्य का आधार बनना चाहिए। वहीं सम्मेलन संयोजिका गीता गांधी किंगडन ने कहा कि यह मंच गरीबी, अशिक्षा, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान को दिशा देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

कुख्यात ब्लैकमेलर की करतूतों से दहशत में व्यापारी

अधिकारियों और आम नागरिकों की फर्जी शिकायतें कर वसूल रहा था लाखों

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। नगर में लंबे समय से व्यापारियों और आम लोगों की परेशानी का कारण बना शातिर ब्लैकमेलर अब एक बार फिर सुर्खियों में है। जोकि एमडीए विभाग और आमजन से रंगदारी वसूलने वाला यह आरोपी सैकड़ों लोगों और व्यपारियों को शिकार बनाकर उनसे रंगदारी वसूलता है।ब्लैकमेलर अपने नेटवर्क के जरिए अपना मकान, या दुकान बनाने वाले व्यापारियों और लोगों की जानकारी जुटाता है और उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करा देता है। शिकायत मिलते ही विभागीय टीमें दुकान पर छापा मार देती हैं और व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेल का खेल, जिसमें आरोपी व्हाट्सएप कोल कर लाखों रुपये की मांग करता है।

एमडीए से शुरू हुआ खेल, अब जीएसटी पर नजर

स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी पहले एमडीए में निर्माण और दुकान से जुड़ी शिकायतें भेजकर लोगों से मोटी रकम वसूलता था। कई पीड़ित बताते हैं कि जरा-सी बात पर एमडीए को शिकायत भेज दी जाती थी और फिर आरोपी 'सुलह' के नाम पर लाखों की मांग करता था। अब यही पैटर्न जीएसटी में अपनाया जा रहा है। कुछ समय पहले बुढ़ाना तिराहा स्थित एक प्रतिष्ठित व्यापारी की दुकान पर जीएसटी का छापा इसी शिकायत के चलते पड़ा था, जिसके बाद व्यापारी को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

व्हाट्सएप कॉलिंग से धमकी, व्यापारियों में दहशत का माहौल

व्यापारियों का कहना है कि आरोपी व्हाट्सऐप कॉल कर रंगदारी मांगता है। मना करने पर तुरंत एमडीए या जीएसटी में शिकायत दर्ज करा देता है। इसी कारण नगर के अधिकांश व्यापारी इन दिनों भय के माहौल में कारोबार कर रहे हैं। पूर्व में बुढ़ाना तिराहे के पास एक स्पेयर पार्ट्स व्यापारी को फोन कर लाखों की मांग की गई, जिसके बाद व्यापारी ने तत्काल पुलिस की मदद ली। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित परिवारों की हालात बदतर, कई पहुंचे भुखमरी के कगार पर

नगरवासियों का कहना है कि ब्लैकमेलर की हरकतों से दर्जनों परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। व्यापार ठप पड़ रहा है और लोगों में गहरा आक्रोश है। कई लोगों का कहना है कि आरोपी विभागीय मुखबिर बनकर अधिकारियों को गुमराह करता है और अपनी जेबें भर रहा है।

अवर अभियंता ने दी तहरीर, पुलिस ने कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया

विकास प्राधिकरण खतौली के अवर अभियंता राजीव कोहली ने आरोपी विनय जैन उर्फ किक्की निवासी मिट्ठूलाल के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप है कि आरोपी अपनी पत्नी और कई अन्य लोगों के नाम से झूठी शिकायतें कर अधिकारियों व नागरिकों से रंगदारी वसूलता है। अवर अभियंता के अनुसार, आरोपी अब तक सैकड़ों व्यापारियों से लाखों रुपये की उगाही कर चुका है और पहले भी रंगदारी मांगने के मामलों में जेल जा चुका है। उन्होंने बताया कि उक्त ब्लैकमेलर दूसरे दर्जनों लोगों से साठ गाठ कर उनके अलग अलग नामों अतुल कुमार, ताहिर खान, अरुण सिंह, नीरज कुमार, कपिल, अम्बिका रानी, सुरेश आदि के नाम से झूठी शिकायत कर चुका है।

पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश, आरोपी की तलाश जारी

पुलिस ने आरोपी किक्की जैन के खिलाफ 308, 318, 351 सहित कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।नगरवासियों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

छपार। रामपुर तिराहा के निकट सड़क पार करते एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को दोपहर के समय थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी 20 वर्षीय शादाब पुत्र मुस्तकीम रामपुर तिराहा के निकट सडक पार कर रहा था उसी वक्त एक अज्ञात वाहन ने जोर से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम व कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

कांग्रेस सांसद इमरान के बयान पर भड़के यशवीर

दिल्ली बम धमाके के भटके हुए युवाओं पर जांच की मांग

■ **देश विरोधी घटनाओं पर सहानुभूति दिखाना गलत**

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। दिल्ली में हुए बम विस्फोट को लेकर चल रही जांच के बाद सहारनपुर के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बयान ने सियासी हलकों में तूफान ला दिया है, दरअसल इमरान मसूद ने संदिग्ध युवकों को भटकाहुआ बताया था। अपने बयानों, नेम प्लेट विवाद और धर्म परिवर्तन का शिकार हुए लोगों की घर-वापसी अभियानों को लेकर चर्चा में रहे योग साधना केंद्र, बघरा के संस्थापक स्वामी यशवीर महाराज ने कड़ी आलोचना करते हुए इमरान मसूद के बयान को आतंकवाद का सीधा बचाव करार दिया। उन्होंने कहा कि जिन युवकों पर विस्फोट में शामिल होने का शक है।

वे किसी भटकाव में नहीं, बल्कि मजहबी कटरपंथ के रास्ते पर हिंसा कर रहे हैं। महाराज ने आरोप लगाया कि सांसद की प्रतिक्रिया कई संदेह खड़े करती है।स्वामी यशवीर महाराज ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय जांच एजेंसियों से मांग की है कि सांसद के बयान एवं संभावित संपर्कों की गंभीरता से जांच की जाए।

उन्होंने दावा किया कि सहारनपुर और आसपास के इलाकों में पहले भी कटरपंथी नेटवर्क की गतिविधियां सामने आ चुकी हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध जुड़ाव को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि वे किसी को दोषी ठहराने की बात नहीं कर रहे, लेकिन ऐसे संवे. दनशील मुद्दे पर जनप्रतिनिधि का रुख जिम्मेदार होना चाहिए। उन्होंने उन हिंदू मतदाताओं से भी सवाल किया जिन्होंने इमरान मसूद को समर्थन दिया था।

महाराज के अनुसार, देश-विरोधी घटनाओं पर सहानुभूति दिखाना नहीं, बल्कि कड़ा रुख अपनाना चाहिए। एजेंसियाँ कई संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी हैं। इस पूरे विवाद पर अब तक न तो सांसद इमरान मसूद और न ही कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई नया बयान जारी किया गया है।

श्री कल्पद्रुम महा मण्डल विधान में शामिल हुई नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप

भावलिंगी संत विमर्श सागर महामुनिराज के सानिध्य में मेहता क्लब में हुआ शुभारंभ

■ **कई राज्यों से जैन श्रद्धालु विधान में हुए शामिल**

मुजफ्फरनगर। नई मंडी स्थित मेहता क्लब में रविवार को आध्यात्मिक उत्साह और धार्मिक भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला।

परम पूज्य भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर महामुनिराज ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित श्री कल्पद्रुम महा मण्डल विधान में मुख्य रूप से नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, सभासद सीमा जैन ने नगर के अनेक श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ भाग लेकर मुनिराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।मेहता क्लब परिसर सुबह से ही जैन धर्म के पावन मंत्रोच्चार, स्तोत्र पाठ और भक्तिमय अनुष्ठानों की गूंज से अनुप्राणित हो उठा। परम पूज्य भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर महामुनिराज के निर्देशन में प्रारंभ हुए श्री कल्पद्रुम महा मण्डल विधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धर्म लाभ अर्जित किया। विधान के दौरान संतों ने जीवन में संयम, करुणा और आत्म शुद्धि के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान न केवल व्यक्ति के मानसिक और आध्यात्मिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, सभासद सीमा जैन, विकल्प जैन ने अन्य श्रद्धालुओं के साथ मुनिराज को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत एवं सत्कार किया। नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने महामुनि. राज के सानिध्य में आयोजित इस विधान को नगर के लिए शुभ और कल्याणकारी बताया। उन्होंने सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना करते हुए विधान के सभी चरणों में सहभागिता की। मेहता क्लब में धार्मिक आयोजन को लेकर दिन भर आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीए शीतल जैन, पंकज जैन, अमित जैन एडवोकेट, जितेन्द्र उर्फ टोनी जैन, अशोक जैन, सचिन जैन, विपिन जैन, विकास कुमार जैन, पंकज कुमार, अनिल जैन, त्रिशला जैन, संगीता जैन, अर्जुन जैन और पिंकी जैन सहित श्री दिगम्बर जैन साधु सेवा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का विधिवत समापन 30 नवंबर को भव्य रूप से किया जायेगा। इसमें उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली, उत्तराखंड, गुजरात, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों से भी जैन समाज के श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं।

तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में लगाया पिंजरा

चरथावल । पिछले कई दिनों से क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर मे तेंदुआ दिखाई देने के चलते जहाँ ग्रामीणों मे भय व्याप्त हे वही आज वन विभाग द्वारा रोनी हरजीपुर के जंगलो मे पहुंचकर जाल लगाया गया हे तेंदुआ के डर से जहाँ ग्रामीण जंगलो मे जाने से डर रहे थे वही एक ग्रामीण द्वारा जंगल मे तेंदुआ की वीडियो भी अपने मोबाईलफोन मे बनाई थीस क्षेत्र मे पिछले कफ़ी दिनों से अलग अलग स्थान पर तेंदुआ दिखाई देने की बात कही जा रही हे लेकिन इसके बाद भी क्षेत्र मे वन विभाग द्वारा तेंदुआ से बचाव के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए थे जिससे वन विभाग के प्रति ग्रामीणों मे भारी रोष रहा अब ज़ब कल किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा द्वारा कल चौबीस नवंबर को डी एफओ कार्यालय के घेराव का ऐलान किया गया तो वन विभाग एकदम हरकत मे आ गया और रोनी हरजीपुर के जंगलो मे पहुँचकर तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल मे पिंजरे लगाने से ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली हे स और ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द तेंदूए को पकड़ने की मांग की हे ताकि भविष्य मे कोई तेंदुए का शिकार न हो सके।

चोरों ने पांच बिजली की ट्यूबवेलों से सामान चोरी किया

छपार। रात्रि में अज्ञात चोरों ने पांच बिजली की ट्यूवैलों से आपरेटर, स्टार्टर,कैबिल आदि सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। शनिवार की रात्रि में गांव ताजपुर खुर्द निवासी किसान संजीव कुमार, रविन्द्र कुमार व रविन्द्र गुर्जर होमगार्ड जवान व गांव बरला निवासी चंद्रबोस सहित पांच ट्यूवैल के कमरे को फाड़कर स्टार्टर, आपरेटर, कटाउट व कैबिल चोरी कर लिये। सुबह होने पर जब किसान जंगल में गये तो नुकसान देखकर होश उड़ गये। पीड़ितों ने डायल 112 को सूचना दी । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

निरगाजनी झाल पर युवक ने आत्महत्या को नहर में लगाई छलांग

भोपा। बदहवास हालत मे निरगा. जनी झाल पर पहुंचे युवक ने अपनी साइकिल व मोबाइल आदि को वहां मौजूद एक व्यक्ति को सौंप कर गंग नहर मे छलांग लगा दी। वहां मौजूद व्यक्तियों ने शोर मचाया कोई कुछ कर पाता इतने मे युवक गहरे पानी मे समा गया। मौके पर परिजन भी पहुंच गये। पुलिस की सहायता से युवक की तलाश गौताखोर द्वारा की जा रही थी।

छपार थाना क्षेत्र के गांव तेजलहेड़ा निवासी 24 वर्षीय शिवा पुत्र वीरसिंह घर पर ही किरयाना की दुकान चलाता है। रविवार की शाम वह भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी झाल पर साइकिल द्वारा पहुंचा और वहाँ मौजूद एक बुजुर्ग को अपनी साईकिल व मोबाइल गले की चौन सौंपते हुए कहा की इसे मेरे घर तक पहुंचा देना जिसके तुरंत बाद युवक ने गंग नहर मे छलांग लगा दी। मोबाइल द्वारा युवक के परि.

जनों को सूचना दी गयी।मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी देववृत वाजपेयी व थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने गोताखोर द्वारा युवक की तलाश शुरू कर दी। नहर मे गायब हुए शिवा के परिवार मे पिता वीरसिंह पत्नी जयदेवी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवा की शादी तीन वर्ष पूर्व हरिद्वार जनपद में हुई थी। हाल मे शिवा की पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया है। शिवा द्वारा नहर मे छलांग लगाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।



मुजफ्फरनगर: मेहता क्लब में शुरु हुआ श्री कल्पद्रुम महा मण्डल विधान

बिजनौर में निजी प्रैक्टिस करते पकड़े गए सीएमओ डा.सुनील तेवतिया

मुजफ्फरनगर। सीएमओ बिजनौर में क्लीनिक चलाते मिले: महिला आयोग की सदस्या ने पकड़ा, टॉयलेट में छिपे, पुलिस ने 5 मिनट में पकड़ा। बिजनौर में मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ सुनील तेवतिया को राज्य महिला आयोग की सदस्या की छापेमारी के दौरान एक क्लीनिक चलाते हुए पकड़ा गया।

यह घटना रविवार दोपहर को हुई। राज्य महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन को देखते ही सीएमओ तेवतिया क्लीनिक के पिछले गेट से निकलकर टॉयलेट में घुस गए पुलिस ने लगभग पांच मिनट बाद उन्हें बाहर निकाला। संगीता जैन दोपहर 1 बजकर 13 मिनट पर उनके केबिन में पहुंची थीं, जिसके बाद तेवतिया वहां से भाग खड़े हुए थे।संगीता जैन ने आरोप लगाया है कि सुनील तेवतिया बिजनौर जिले में अवैध तरीके से क्लीनिक चला

रहे थे और मरीजों से प्रति मरीज 300 रुपये फीस ले रहे थे। उन्हें इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल ने बताया कि 2 महीने पहले भी मैं उनको चेतावनी दे चुकी थी लेकिन वह मान नहीं रहे थे सीएमओ तेवतिया की पत्नी ने बताया कि वह मुझसे मिलने बिजनौर आए थे।

अनस आत्महत्या प्रयासकांड में तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

सस्पेंशन से सन्तुष्ट नहीं पीड़ित, की गिरफ्तारी की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। दुकानदार अनस मलिक आत्महत्या प्रयास के प्रकरण में जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज रविवार के दिन उन तीन दागी पुलिसकर्मियों को एसपी देहात आदित्य बंसल की जांच के बाद सस्पैंड कर दिया है जिसमें हस्पताल में अपना उपचार करा रहे गंभीर रुप से झुलसे हुए युवक दुकानदार अनस मलिक ने एक वीडियों में तीनों पुलिसकर्मियों के नाम लिये थे और उसके दादा नूर मौहम्मद ने एसएसपी संजय कुमार वर्मा को इस आश्य का एक प्रार्थना पत्र दिया था। अनस प्रकरण में जिन तीन पुलिसकर्मियों को सस्पैंड किया गया है उन में सब इंस्पेक्टर राम अवतार, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह और कांस्टेबल विकास कुमार हैं। ये तीनों दागी पुलिसकर्मी गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात थे।

इन पर आरोप था कि इन पुलिसकर्मियों ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के हुसैनपुर कलां

गांव निवासी मोबाइल बैंचने वाले एक दुकानदार अनस मलिक जो कि बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला लुहसाना रोड सफीपुर पटी में दुकान करता है उसको चोरी के आरोप में पकड़कर फटे से पिटाई कर 50 हजार रुपये की अवैध वसूली की पांच लाख रुपये और मांगे तो छात्र ने इन पुलिसकर्मियों की प्रताड़ना से तंग आते हुए अपने शरीर पर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। उसी दिन से आग में झुलसा हुआ युवक दिल्ली के एक हस्पताल में अपना इलाज करवा रहा है। घटना बीते 19 नवम्बर की सुबह 9 बजे की है। उधर अनस मलिक अभी भी गंभीर बताया गया है।

एक पखवाडे में क्षेत्र के 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड

बुढ़ाना। कुल 14 दिनों में दो अलग अलग एक जैसे ही मामलों में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के दो दारोगा सहित छह पुलिसकर्मी इसी नवम्बर के महीने में सस्पैंड हुए हैं। इनमें से 03 पुलिसकर्मी इसी महीने बीती 9 नवम्बर को छात्र उज्जवल राणा प्रकरण में सस्पैंड हो गये थे। इन तीनों ही दागी पुलिसकर्मियों पर डीएवी डिग्री कालेज बुढाना के प्राचार्य प्रदीप कुमार के कहने पर एक छात्र को प्रताड़ित करने का खुला आरोप लगा था। जिनके उत्पीड़न से तंग आकर छात्र उज्जवल राणा ने अपने उपर पैट्रोल छिडककर आत्मदाह कर लिया था। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस की काफी फजीहत हुई थी। अभी लोग उज्जवल की मौत को भूले भी नहीं थे कि फिर इसी तरह की अनस वाली दूसरी घटना 10 दिन बाद हो गयी। जो पहले तीन पुलिसकर्मी सस्पैंड हुए थे उनमें सब इंस्पैक्टर नंद किशोर, कांस्टेबल विनीत कुमार और कांस्टेबल ज्ञानवीर सिंह हैं।

तीन तिगाड़ा-काम बिगाड़ा

बुढ़ाना। अगर देखा जाए तो इन दोनों कांडों में बुढ़ाना पुलिस की काफी फजीहत देखने को मिली वहीं दोनों ही मामलों में 3-3 पुलिसकर्मियों की ही संलिप्तता उजागर हुई। जिसको लेकर चर्चा है तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा जिसका मतलब है जहां 3 लोग एक साथ काम करते हैं वहां काम बिगड़ने की ज्यादा संभावना होती है। यह कहावत अक्सर साझेदारी में गलतफहमी, असहमति या अव्यवस्था के कारण होने वाली समस्याओं को दर्शाती है।

भाजपाई मोनू मलिक ने सीएमओ के कार्यों की निंदा की

बुढ़ाना। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक ने रविवार की देर सायं एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर चल रही खबरों से पता चला कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील तेवतिया समीपवर्ती जनपद बिजनौर में किसी एक प्राइवेट अस्पताल में प्रैक्टिस करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन के अचानक से छापा मारने के दौरान रंगे हाथों पकड़े गये जो कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। स्वास्थ्य विभाग का जिला मुजफ्फरनगर का एक ऐसा आला अधिकारी जिस पर वाकई में समूचे जनपद की स्वास्थ्य विभाग की पूर्ण रूप से जिम्मेदारी है उनके द्वारा अगर ऐसा कार्य किया जा रहा है तो वह वास्तव में बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कहीं ना कहीं अगर ऐसा ही है तो एक जिले के स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा ऐसा कार्य छोटे

कर्मचारियों का हौंसला बढ़ाता है। अगर जिले का स्वास्थ्य विभाग का मैन अधिकारी ही इस तरह के अवैध कार्यों को करेगा तो छोटे अधिकारी गलत सलत कामों में बढ़ चढ़कर लिप्त मिलेंगे। मुजफ्फरनगर जिले का दुर्भाग्य है कि स्वास्थ्य विभाग के लिए हमें ऐसा अधिकारी शासन ने दिया जिसकी वजह से जिला शर्मसार हो गया।

मुजफ्फरनगर: सपा कार्यालय पर मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करते सपाई।

कलयुग में घर को ही तीर्थ बनाए परिजन : विजय कौशल

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। कंसल परिवार मुजफ्फरनगर द्वारा नई मंडी रामलीला भवन में बनाए गए भव्य मंडप में कराई जा रही नौ दिवसीय श्री राम अमृत कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास संत प्रवर श्री विजय कौशल जी महाराज ने आज कथा के दूसरे दिन प्रभु श्री राम के जन्म की कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया । श्री राम जन्म के बाद मंडप में खुशियां मनाई गई बच्चों को खिलौने और उपहार वितरित किए गए महिलाओं ने बधाई गीत गाए ।

कथा व्यास संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने कथा को शुरू करते हुए मनु महाराज और शतरूपा का वर्णन करते हुए बताया कि हम सभी मनुष्य ही उनकी संतान है उन्होंने ही मनुष्य सृष्टि का शुभारंभ किया है उन्होंने कहा दंपति अगर सही है तो संतान कभी बिगड़ नहीं सकती। उन्होंने इस कलयुग मे घर को ही तीर्थ बनाना चाहिए तीर्थ में स्थाई निवास नहीं

बनाना चाहिए संत निंदा और गुरु निंदा करने से बहुत बड़ा पाप होता है। संत प्रवर श्री विजय कौशल जी महाराज ने कहा भगवान और भक्त की अटूट भक्ति का अनूठा वर्णन करते हुए नरसी जी की कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन किया नरसी जी की कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी भक्तजन भाव विभोर हो गए। भगवान राम के जन्म का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा अवध और अयोध्या का मतलब बताया कि अवध का मतलब जहां कभी वध न हुआ हो तथा अयोध्या का मतलब जहां कोई युद्ध ना हुआ हो ऐसी पावन धरती पर भगवान राम का जन्म हुआ है द्य

आज की कथा में मुख्य रूप से कंसल परिवार के साथ राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उद्यमी अशोक बिंदल, राकेश बिंदल, अमरीश गोयल, डॉ एम. एल गर्ग, ललित महेश्वरी, पूर्व

पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा, श्रवण गोयल सराफ, महेश जिंदल, दिनेश बंसल, श्री मोहन तायल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नई मंडी रामलीला भवन में 22 नवंबर से 29 नवंबर तक श्री राम कथा रोजाना साय 3 से 6 बजे तक तथा 30 नवंबर को प्रातः 9:00 से 12:00 बजे तक होगी।

मुठभेड़ में एक अभियुक्त घायल, तीन शातिर गोकश दबोचे

अवैध तमंचा, जिंदा गोवंश व उपकरण बरामद

शाह टाइम्स सवांददाता

खतौली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल व क्षेत्राधिक. ारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण में थाना रतनपुरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार देर रात हुई मुठभेड़ में एक गौकश को गोली लगने से घायल कर दिया, जबकि तीन अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा बछड़ा तथा गौकशी के उपकरण बरामद किए हैं।

शनिवार की देर रात कल्याणपुर पुलिस चौकी के पास पुलिस चेकिंग के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम टोडाखभनवाड़ा रोड स्थित ईख के खेत में कुछ लोग गौकशी की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो वहां एक गोवंश को बांधकर गौकशी की तैयारी की जा रही थी। पुलिस को देख आरोपी फायरिंग करते हुए ईख के खेतों में छिपने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर चेतावनी दी, लेकिन बदमाशों की ओर से लगातार फायरिंग जारी रही। जवाबी कार्रवाई में राशिद उर्फ रईश उर्फ रहीस उर्फ सईद के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल राशिद के दो अन्य लोगों, मेहराज पुत्र लियाकत, नदीम पुत्र रमनक निवासी रियावली नंगला को मौके से गिरफ्तार कर लिया। लेकिन उनके तीन अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस

ने पकड़े गए गौतस्करों से 1 अवैध तमंचा ,1 जिंदा व 2 खोखा कारत. ूस, 1 जिंदा बछड़ा, गौकशी के उपकरण व दो छुरियाँ बरामद की है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरा. ेपी पूर्व में भी गौवध अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट के कई मुकदमों में वांछित रहे हैं। केवल राशिद के खिलाफ 5 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। गौतस्करों को पकड़ने में एस एचओ राकेश कुमार, उ.नि. अजय सोल. की, शैलेंद्र कुमार, मागेराम कर्दम, अजय यादव, कां. नवीन, गजेन्द्र मावी, प्रशांत चौधरी, प्रमोद कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

सोते हुए समाज को जगाएंगे वैश्य महासंगठन के युवा

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। रविवार को अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की खतौली नगर एवं जनपद मुजफ्फरनगर इकाई की संगठनात्मक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल अलीगढ़ से, राष्ट्रीय महामंत्री व पश्चिमी यूपी प्रभारी प्रिंस कंसल मोदीनगर से, राष्ट्रीय महामंत्री ललतेश गुप्ता हाथरस से तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगेश वार्ष्णेय नगर पहुंचे। नेशनल हाईवे के समीप आयोजित स्वागत समारोह में नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही वरिष्ठ नगर महामंत्री अमित गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन सिंघल, नगर महामंत्री निर्भीक अग्रवाल और नगर मंत्री रिंकू गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी का सम्मान किया।राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल ने समीक्षा बैठक से पूर्व खतौली में गत सप्ताह आयोजित वैश्य प्रतिभावान एवं मेधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह के सफल आयोजन के लिए टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मजबूती का प्रमुख स्तंभ है। एकजुटता के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हसंगठित समाज की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। महासंगठन सभी उपवर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है।हपश्चिमी यूपी प्रभारी प्रिंस कंसल ने कहा कि युवा किसी भी संगठन को गतिशील और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि महासंगठन का उद्देश्य समाज के

सभी वर्गों को जोड़ना और सामूहिक प्रयासों से आर्थिक-सामाजिक उन्नति को गति देना है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी साझा किए। नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने कहा कि वैश्य समाज को संख्या बल के अनुरूप सम्मान और भूमिका सुनिश्चित करने के लिए संगठित होकर हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। बैठक में कई पदाधिकारी उपस्थित रहे और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

बीएलओ की मदद से शाहिद सिद्दीकी ने फार्म भरवाए

बुढ़ाना। नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर नौ में शाहिद सिद्दीकी ने अपने आवास पर एक भव्य कैम्प लगवाकर एसआईआर फार्मों को भरवाने में बीएलओ सिया राम की काफी मदद की। इस दौरान कुल 150 फार्म ही भरे गये जबकि अभी काफी ऐसे लोग हैं जिनके फार्म अब तक भी नही भरे गये। अन्य लोगों में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से शाहरुख सिद्दीकी, तालीम उस्मानी, आफताब, राशिद अहमद, जाकिर मलिक, खालिद सिद्दीकी और इतंजार उस्मानी आदि हैं। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना एसडीएम अपूर्वा यादव ने बीते कई दिनों से इस कार्यक्रम की डोर टू डोर समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने एसआईआर को लेकर बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। उन्होंने बूथ

लेवल ऑफिसर द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, उसे भरवाने, पुनरू वापस लेकर उसे बीएलओ एप पर डिजिटाइज्ड करने की प्रगति की जांच की थी। कुछ जगहों पर खराब प्रगति मिलने पर इस कार्य में जल्द तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस पर वे खुद ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बीडीओ सतीश कुमार और नगर के लिए ईओ आलोक रंजन से इस कार्य की प्रगति जान रही हैं। वे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में भी भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रही हैं। जिसके कारण प्रगति में अब काफी सुधार दिखाई दिया है ऐसी खबर है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बुलेट सवार मेहमान हुआ घायल

बुढ़ाना। एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर चालक ने एक बुलेट मोटर साइकिल में टक्कर मारकर मेहमान को घायल कर दिया। इस मामले में बुढाना पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुता. बिक अरविन्द कुमार पुत्र जय सिंह निवासी गांव शाहडब्बर ने बुढ़ाना पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बतलाया कि उसका दामाद अनुभव कुमार पुत्र उदेश पाल निवासी गांव मुकन्दपुर थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर का निवासी है।

अनुभव कुमार बीती 20 नवम्बर को उसके गांव शाहडब्बर से अपने पुत्र की दवाई लेने के लिए बुढाना कस्बे में किसी मेडिकल स्टोर पर गया हुआ था। तभी बुढाना कस्बे के कांधला रोड के समीप स्थित केनरा बैंक के पास तेज गति से आ रही एक ट्रेक्टर ट्रोली के चालक ने उसके दामाद अनुभव की बुलेट मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

जिसमें मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी और उसके दामाद को भी चोट लग गयी। आरोपी ट्रेक्टर चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस से फरार आरोपी ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने अज्ञात ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरु कर दी है।

भाजपा नेता उमेश मित्तल को बधाई देने पहुंचे सर्व समाज के लोग

शाहपुर। नगर के वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा नेता उमेश मित्तल की पुत्री की शादी समारोह में गत रात्रि जनपद मुजफ्फरनगर के किंग्स विला रिसोर्ट में जनपद की हस्तियों ने पहुंचकर पुत्री को शादी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, गवर्नमेंट ठेकेदार एवं समाजसेवी सिराज मलिक, धार्मिक सामाजिक आयोजनों में विशेष आस्था रखने वाले समाजसेवी कमल वर्मा, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, प्रिंस मेडिकल स्टोर के स्वामी शाकिर मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, मणिकांत मित्तल, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, महाकाल प्रेमी गोविंद वर्मा, समाजसेवी मनोज सिंघल, हर्षित सिंघल, आशीष सिंघल, दिव्यांश नामदेव, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, युवा समाजसेवी ललित जैन, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, द

स्काईलैंड स्कूल के प्रबंधक एवं समा. जसेवी राहुल गोयल, भाजपा नेता ;षभ गोयल, बॉबी सिंघल, सनी गोयल, हर्षित जैन, विनय गोयल, शगुन जैन, अनिल गोयल ऊन वाले, समाजसेवी प्रमोद गर्ग, ग्रोविल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अमित जैन, पूर्व सभासद उमेश गोयल, मुकेश सैनी, सामद खान, हसन सिद्दीकी, अर्पित गोयल, अनिल बंसल, अमित सिंघल, वंश जैन, गौरव सिंघल, श्री बालाजी धाम मंदिर से जुड़े अतुल सिंघल, विनीत मित्तल, राजू बंसल, नितिन मित्तल, देशराज बंसल, अमन मित्तल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फिर दोबारा प्रेमी संग फुर्र हुई नाबालिग लड़की

बुढ़ाना। एक नाबालिग किशोरी फिर दूसरी बार अपने प्रेमी संग फुर्र हो गयी। पहली बार किशोरी को बुढ़ाना पुलिस ने आगरा जिले से बरामद किया था। मिली जानकारी के मुताबिक बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में बीती 04 नवम्बर की सुबह एक परिवार अपने खेत पर गया हुआ था। घर पर सिर्फ परिवार की एक नाबालिग किशोरी ही थी। जो घर से निकलकर कहीं चली गयी थी। जब परिवार खेत से घर लौटा तो उनकी पुत्री वहां नहीं थी। परिवार ने अपनी पुत्री को काफी जगहों पर तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। किशोरी बीती 26 सितम्बर को भी घर से निकलकर कहीं चली गयी थी। जिसे बुढ़ाना पुलिस ने भागदौड़ कर 13 अक्टूबर को जिला आगरा की लोहा मंडी निवासी तुषार पुत्र राजेंद्र के घर से बरामद किया था। किशोरी के पास आरोपी तुषार और उसकी मां व बहन का रोजाना फोन आता था। दोनों मां बेटी फोन पर किशोरी बहकाती रहती थी। अब परिवार को यही शक है कि उनकी पुत्री आरोपी तुषार के पास फिर से चली गयी है। पीड़ित परिवार के अनुसार सब आरोपी उनकी पुत्री को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकते हैं। अब पीड़ित परिवार ने एक बार फिर बुढ़ाना पुलिस से ही अपनी पुत्री की बरामदगी और आरोपी परिवार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

खतौली: मां कामाख्या धाम मंदिर में अनुष्ठान कराते श्रद्धालु।

मां कामाख्या धाम गुफ़ा वाला मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। नेशनल हाइवे स्थित नावला कट पर स्थित माँ कामाख्या धाम गुफ़ा वाला मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत रविवार को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ।

19 से 23 नवम्बर 2025 तक चले हवन-पूजन एवं अनुष्ठानों के दौरान मंदिर परिसर दिव्य और भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। समारोह में श्री दस महाविद्या देवी, श्री लक्ष्मी नारायण, श्री राम दरबार, माता शाकुम्भरी देवी एवं श्री हनुमान जी महाराज की नवनिर्मित प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधानपूर्वक किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्रभर से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन एवं आरती में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सुबह-शाम विशेष पूजा, हवन और आरती के दौरान मंदिर परिसर में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

भक्तों ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ आयोजन में सहभागिता की। कार्यक्रम का संच. ालन मंदिर के मुख्य सेवादार विनोद चावला के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य आचार्य मारकंडे शास्त्री, महेंद्र शास्त्री, गोविंद राम, नित्यानंद डिमरी, मनमोहन झां एवं तुलसीराम ने पूजा-अनुष्ठान सम्पन्न कराए। आयोजन में राजकुमार, विकास कुमार, धर्मेंद्र तेसर, बंटी शर्मा, गौरव शर्मा, राकेश कुमार लाला, सत्तू प्रधान, यशवीर प्रधान, जगदेव चावला, सुशीते भटनागर, नीरज बिट्टू, जयपाल पेंटर और बिट्टू सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्राण प्रतिष्ठा के सफल समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को क्षेत्र के लोगों ने सौभाग्यपूर्ण और धार्मिक वातावरण को और अधिक प्रबल करने वाला बताया। मंदिर समिति ने सभी भक्तों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ताईक्वांडो प्रतियोगिता में श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने जीते कई पदक

मुजफ्फरनगर। श्रीराम कॉलेज की शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने माॅ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय अंतरमहाविद्यालय तायक्वोंडो प्रतियोगिता में जीते पदक।

श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं कृतिका शर्मा ने 62 किग्रा, सलौनी ने 52 किग्रा भारवर्ग में और भारती कश्यप बीपीईएस तृतीय वर्ष ने 47 किग्रा भारवर्ग में माॅ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय, सहारनपुर की अंत. रमहाविद्यालय तायक्वोंडो महिला वर्ग प्रतियोगिता में जीते सिल्वर पदक।प्रतियोगिता के बारे में जानक. ारी देते हुए श्रीराम कॉलेज के शारी. रिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि यह अंत. रमहाविद्यालय तायक्वोंडो महिला वर्ग प्रतियोगिता मुन्ना लाल कॉलेज, सहारनपुर में आयोजित हुई थी। जिसमें माॅ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय से संबंद्ध 10 महाविद्यालय के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। श्रीराम कॉलेज की छात्राओं ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला खिलाडी दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की महिला खिलाडी अंतरविश्वविद्यालय तायक्वोंडो प्रतियोगिता में माॅ शाकुम्भरी विश्व. विद्यालय, सहारनपुर का प्रतिनिधित्व करेगी।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल तथा श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार ने खिलाडियों के महाविद्यालय आगमन पर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में सभी खिलाडी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करते है।

इस प्रतियोगिता में भी इस महाविद्यालय के प्रतिभागियो ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर जीत हासिल की। भविष्य में भी महाविद्यालय के खिलाडियों से इसी प्रकार के उम्दा प्रदर्शन को बनाये रखते हुये पूरी लगन एवं मेहनत से खेलने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागध्यक्ष प्रमोद कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण डा0 अब्दुल अजीज खान, सन्दीप देशवाल, भूपेन्द्र कुमार, अमरदीप, तरूण तथा विश्वदीप कौशिक आदि ने विजयी टीम को शुभकामनायें एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुजफ्फरनगर: श्रीराम कॉलेज में ताईक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली छात्राए।

वाहन में ज्यादा गन्ने भरने वाले चालक हो जाएं अलर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। स्थानीय पुलिस ने क्षमता से ज्यादा गन्ने भरकर ले जा रहे एक ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ओवरलोड पर बुढाना पुलिस की इस पहली कार्यवाही को लेकर अन्य वाहन चालकों में जबरदस्त हडकम्प मचा है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री के अनुसार जब वे रामछैल तिराहा कस्बा बुढाना में चौकिंग कर रहे थे तो एक ट्रक कांधला की ओर से आता हुआ दिखाई दिया जिसमें क्षमता से अधिक गन्ना भरा था। भरा गन्ना ट्रक से बाहर चारों तरफ निकला हुआ था। ट्रक ओवरलोड होने के कारण मार्ग पर सही तरीके से नही चल पा रहा था। गन्ने से भरा ट्रक कहीं भी पलट सकता था। जिससे सडक पर चलने वाले अन्य वाहन और व्यक्तियों की जन हानि हो सकती थी। उनके जीवन को संकट उत्पन्न हो सकता था। तब पुलिस ने ट्रक चालक प्रमोद पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी किरठल थाना रमाला बागपत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस की इस तरह की पहली कार्यवाही से अन्य ट्रक चालकों में हड़कंप मचा है। इसके अलावा बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में एसएसआई ललित शर्मा ने कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार और अन्य भारी पुलिस बल को साथ लेकर बुढ़ाना कस्बे के महावीर चौक पर अवरलोडिंग वाहनों के चालकों और रोड पर अतिक्रमण करने वाले सैंकड़ों स्थाई व अस्थाई दुकानदारों के विरुद्ध भी अभियान चलाया। इस दौरान यहां हड़कंप मचा रहा।

मुठभेड़ में घायल हुआ खालापार का शातिर शादाब

छपार। छपार - रोहाना मार्ग पर चेकिंग कर रही पुलिस ने एक बाइक कै रोकने की कोशिश की तो बाइक सवार बदमाश बाइक छोड़कर भागने लगा ओर पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने भी फायर किया तो उसके पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस व बाइक बरामद की। घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

शनिवार की रात्रि में पुलिस रो. हाना छपार मार्ग पर गांव खामपुर के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी उसी वक्त रोहाना की ओर से एक बाइक आई पुलिस ने रुकने का इशारा किया मैं बाइक सवार बाइक को वापस घुमाने लगा जिस पर बाइक फिसलकर गिर गई ओर बाइक सवार ने भागते हुए पुलिस पर तमंचे से फायर किया जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार कर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर , दो जिंदा कारतूस व एक खोखा व बिना नम्बर की बाइक बरामद की। पूछताछ में उसने थाना खालापार गांव सुजडू निवासी शादाब नाम बताया। पुलिस का कहना है कि शादाब शातिर बदमाश है ओर उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में संगीन धाराओं में लगभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

महामंडलेश्वर ने शुकतीर्थ में किया नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ

दर्जनों मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। शुकतीर्थ में हिमालयन हॉस्पिटल जौली ग्रांट देहरादून के तत्वाधान में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ महा मंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज द्वारा फीता काटकर किया गया जिसमें सेंकड़ो मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया, जिनमें दर्जनों मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है।

इसलिए हमें अधिक से अधिक समाजसेवा कार्यो मे भाग लेना चाहिए। शिविर में हिमालयन हॉस्पिटल जौली ग्रांट से आए प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मनोज कुमार वर्मा, डॉ.रितिका गुप्ता डॉ. आशीष कुमार, डॉ. अंशिका ने क्षेत्र के गांव मोरना, शुकतीर्थ, फिरोजपुर, शुक्रतारी, बहुपुरा, इलाहबास, चौरावाला आदि गांवों से आए सेंकड़ो ग्रामीणों व साधु संतो की आंखों का परीक्षण कर दवाई व चश्में निशुल्क वितरित किए गए। शिविर में दर्जनों मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया, जिनको लेकर जाने व ऑपरेशन के बाद छोड़कर जाने की जिम्मेदारी हॉस्पिटल की होगी। शिविर में स्वामी गीतानन्द महाराज, महेशानन्द महाराज,अजय कृष्ण शास्त्री, राधा माता,डॉ. संजू शर्मा, सुभाष शर्मा, देवयानी शर्मा, देवपाल आदि मौजूद रहे।

मोरना:शुकतीर्थ मे नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ करते महामंडलेश्वर

रात में बिना रिफ्लेक्टर दौड़ रहे गन्ना वाहन

पुलिस की सख्ती के बावजूद नहीं सुधर रहे ट्रक, ट्रैक्टर चालक, कई वाहन टकराए

गन्ने के वाहन रोजाना दे रहे हैं यातायात पुलिस को चुनौती

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। गन्ना पेराई सत्र शुरू होते ही खतौली की सड़कें एक बार फिर खतरे का पर्याय बन गई हैं। ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और रिफ्लेक्टर की भारी कमी के कारण रात्रि में लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले एक पखवाड़े में ही कई हादसे सामने आए हैं, जिससे नगरवासियों का आनाख्रजाना मुश्किल हो गया है।

खतौली में एक चीनी मिल और एक गुड़ मंडी होने के चलते यहां दिन-रात गन्ने से भरे वाहनों की भारी आवाजाही रहती है। हर साल पेराई सत्र में दुर्घटनाओं में इजाफा दर्ज किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद चालक खतरनाक तरीके से ओवरलोड गन्ना ढोना जारी रखते हैं। पुलिस की बार-बार की अपील के बाद भी अधिकांश वाहन बिना रिफ्लेक्टर और बिना उचित रोशनी के सड़कों पर दौड़ते दिख रहे हैं। वाहन चालक तेज़ आवाज़ में संगीत बजाकर, अनुशासनहीन तरीके से ड्राइविंग करते हैं। कई वाहन सड़क किनारे रात में खड़े रहते हैं, जिससे वे राहगीरों और दोपहिया चालकों के लिए अख्रश्य खतरा बन जाते हैं। कुछ दिनों पूर्व, सीओ खतौली राम आशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने मिल परिसर में पहुंचकर ट्रक-ट्रॉली चालकों और मिल प्रशासन को कड़े निर्देश दिए थे। सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने और ओवरलोडिंग रोकने के आदेश भी दिए गए थे। लेकिन इन आदेशों का पालन धरातल पर कहीं दिखाई नहीं देता।रविवार को खतौली पुलिस ने गंगनहर पटरी और जीटी रोड पर चौकिंग अभियान चलाकर दर्जनों ओवरलोड वाहनों के चालान काटे और सख्त चेतावनी दी। बीती रात भी बिना रिफ्लेक्टर के चल रहे कई गन्ना लदे ट्रक सड़क पर खड़े थे, जिनसे कई वाहन टकरा गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि बढ़ते हादसों पर रोक लगाई जा सके और आमजन सुरक्षित रह सके।

बीच सड़क पर कार सवारों व राहगीरों में भिड़ंत, जमकर हंगामा

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। रविवार देर रात बुढ़ाना तिराहे पर उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब कार सवार युवकों और राहगीरों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग बीच सड़क पर ही भिड़ गए, जिससे मौके पर जाम लग गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कहासुनी बढ़ने पर राहगीरों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए उसका शीशा तोड़ दिया। वहीं कार सवारों ने अपनी गाड़ी को आगे बढ़ाकर नुकसान से बचाने की कोशिश की। इस दौरान कार सवारों में से एक युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर दूर फेंक दिया गया।घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्हें देख हमलावर राहगीर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, जिससे आरोपियों की शिनाख्त की जा सके। देर रात तक पुलिस पीड़ित कार सवारों से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही थी। अचानक हुए इस विवाद और मारपीट से बुढ़ाना तिराहे पर कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने की सही फार्म भरने की अपील

बुढ़ाना। उप जिला अधिकारी बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव ओर बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव ने आज रविवार के दिन भी बुढ़ाना कस्बे की मास्टर कालोनी में पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया के चलते एसआईआर फार्मों को सही तरीके से साफ साफ भरने की अपील मौहल्ले के काफी लोगों से की।

मिली जानकारी के अनुसार डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर बुढ़ाना उप जिला अधिकारी अपूर्वा यादव और बुढाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव ने रविवार के दिन मास्टर कालोनी में पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया के बारे में वार्डवासियों को समझाया। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना उप जिला अधिकारी अपूर्वा यादव लगातार अलग अलग वार्डों में बुढाना कस्बे में और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देती नजर आ रही हैं।

एसआईआर प्रक्रिया का आगामी 04 दिसंबर तक का लास्ट समय बताया जा रहा है। इसी के चलते बुढ़ाना उपजिलाधिकारी द्वारा सभी कस्बेवासियों और क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द एसआईआर प्रक्रिया के चलते अपने फार्म भरकर उन्हें सबमिट कराएं। बताया जाता है कि बीएलओ द्वारा लगातार घर घर जाकर एसआईआर फॉर्म भरे जा रहे हैं।

एमजी स्कूल में बाबू हरबंस लाल गोयल को दी पुष्पांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। एम.जी. पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को संस्थापक अध्यक्ष कर्मयोगी स्व. बाबू हरबंस लाल गोयल के 13वें निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां पर एम.जी. चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष भीम सैन कंसल, प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ ने बाबू को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां आयोजित मासिक चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति अग्रवाल एवं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. भावना तोमर ने सैंकड़ों रोगियों का परीक्षण करते हुए उनको उपचार लाभ प्रदान किया। मोतियाबिन्द के मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि एम.जी. पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय बाबू हरबंस लाल गोयल जी के 13वें निर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके अतिरिक्त इस बार वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. भावना तोमर ने भी अपनी टीम के साथ नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में रोगियों का परीक्षण करते हुए उनको उचित उपचार सलाह प्रदान की। उनके द्वारा शिविर में 26 रोगियों को परामर्श एवं दवा प्रदान की गई। एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सतीश गोयल द्वारा चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को सहयोग के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कर्नल सुधीर सिंह, शिवचरण दास गर्ग, इंजी. अशोक अग्रवाल, एडीजीसी विक्रांत राठी, सत्यवीर सिंह, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

गृहणी नीरा की मृत्यु पर रखा 2 मिनट का मौन

बुढ़ाना। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के संरक्षक सुरेंद्र सिंघल की लगभग 62 वर्षीया पत्नी नीरा सिंघल की रस्म तेरहवीं कार्यक्रम रविवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा में स्थित कृष्णा पैलैस के भव्य परिसर में आयोजित किया गया।

जिसमें लगभग सभी वक्ताओं के द्वारा बताया गया कि दिवंगत महिला नीरा सिंघल अच्छे स्वभाव की एक धार्मिक महिला थी। इस दौरान सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी धारण किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना रजिस्टर्ड ईकाई के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, लाला निरंजन स्वरूप, बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद राधेश्याम ठेकेदार, लाला मनोज, योगेश मित्तल, लाला राजकुमार, कृष्ण गोपाल, तनवीर कुरैशी, हिमांशु संगल, सुनील, पप्पू, छोटू, अमन, यश, आयुष गर्ग आदेश, नरेश, मयूर, शिवम कंसल, अरविन्द गोयल, रविन्द कंसल, शिवम, योगेश त्यागी, कृष्ण त्यागी और विनोद त्यागी आदि सम्मानित लोगों की उपस्थिति देखने की मिली।

रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के ध्रुवतारे : कपिल देव अग्रवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। आज वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर पधारकर आगामी 3 दिसंबर मे भगवान वाल्मीकि जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना महाअनुष्ठान में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल ने समाज की एकता, श्रद्धा और परंपरा की भावना के साथ मंत्री जी को आमंत्रित किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि हरामायण के रचयिता आदिकवि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के ध्रुवतारे हैं। उनके जीवन, साहित्य और आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले दिव्य प्रकाशस्तंभ हैं। इस पावन आयोजन का निमंत्रण केवल सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य, विश्वास और समाज से जुड़े भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 'सबका साथकृसबका विकासकृसबका विश्वास, सबका प्रयास' की नीति के अंतर्गत समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान, सम्मान और सांस्कृतिक संवर्धन की प्रतिबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी भावना के साथ वे इस आयोजन में सहभागी होंगे। मंत्री कपिल देव ने भगवान वाल्मीकि जी की कृपा से होने वाले इस महाअनुष्ठान के सफल, भव्य और सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाले आयोजन की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

चौहान क्षत्रीय कल्याण महासभा द्वारा प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

क्षत्रियों के पराक्रम के बिना देश का इतिहास अधूरा

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। शुकतीर्थ मे स्थित चौहान क्षत्रिय धर्मशाला मे चौहान क्षत्रिय कल्याण महासभा द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों सहित वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया।साथ ही समाज से एकजुटता का आह्वान किया गया व राष्ट्रवाद व हिंदुत्व की रक्षा के लिए कार्य करने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति उत्तराखंड सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री डॉ. जयपाल सिंह चौहान ने कहा कि क्षत्रियों के पराक्रम के बिना देश का इतिहास नही लिखा जा सकता।हमें पृथ्वीराज चौहान जैसे महापुरुषो से प्रेरणा लेनी चाहिए।हमें महिला स्वावलंबन के लिए कार्य करना है। एक बेटी दो कुल को संस्कार प्रदान करती है। महिलाएं सशक्त होगी तो देश तरक्की करेगा।

एचके सिंह ने कहा की हिंदुत्व व राष्ट्रवाद के लिए कार्य करें देश रहेगा तो हम रहेंगे। राष्ट्रीय जनसंख्या कानून को लागू किये जाने की आवश्यकता है। मदरसों से पोषित आतंकवाद के चलते दिल्ली मे बम विस्फोट हुआ है।मदरसा बोर्ड, तब्लीग जमात संदिग्ध हैं। यह हिंदुत्व के खिलाफ अभियान चलाये हुए हैं।

प्रदीप चौहान ने कहा की संगठन एक परिवार होता है। एक दूसरे की ज़रूरत मे काम आएं।

एक जुटता के साथ समाज की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें। शिक्षा ही विकास उन्नति का माध्यम है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता स्वामी विचारानदं महाराज ने कि व संचालन आजाद प्रताप ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जयंत चौहान, ठा. रविन्द्र सिंह, मा. विजय सिंह, संजय प्रधान, योगेश चौहान, सोमपाल ,पीतम सिंह राणा,नरदेव चौहान, अँगूर सिंह, हरेन्द्र सिंह, धर्म सिंह, महेन्द्र सिंह,बुद्धराम, शिव कुमार, पवन चौहान, कल्लू ठाकुर सलेकचंद आदि मौजूद रहे।

मोरना: मेधावी क्षत्रिय युवाओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

ब्रह्मपुरी में सभासद देवेश कौशिक ने लगवाया एसआईआर वोटर मेला

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआरद्ध के तहत रविवार को शहर भर में लगे शिविरों में मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया तेज रही। ब्रह्मपुरी वार्ड-26 स्थित श्री राम ट्रस्ट परिसर में वार्ड सभासद भाजपा नेता देवेश कौशिक द्वारा आयोजित वोटर मेले में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और बीएलओ की मदद से अपने फ़ॉर्म भरकर मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन एवं दावे के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

ब्रह्मपुरी स्थित श्री राम ट्रस्ट परिसर में लगे विशेष वोटर मेले में बीएलओ की टीम ने मतदाताओं के फ़ॉर्म भरने और सत्यापन का कार्य पूरे दिन जारी रखा।

मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चल रहे इस विशेष पुनरीक्षण अभियान में आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने अतिथि के रूप में शिविर में पहुंचकर मतदाताओं व बीएलओ को प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्थल पर मौजूद लोगों से संवाद करते हुए कहा कि एसआईआर अभियान में सहभागिता लोकतंत्र को मजबूत बनाती है।

समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के बाद कई मामलों का समाधान वहीं मौके पर किया गया।वोटर मेले के संचालन में वार्ड सभासद व भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक देवेश कौशिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें फार्म भरने की प्रक्रिया समझाई और मतदाताओं का समस्या समाधान के लिए मार्गदर्शन भी किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि रविवार को उनके प्रयास से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शहर में कुल सात स्थानों पर वोटर शिविर आयोजित किए गए, जिनम. ेंकृगांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका, पटेल नगर रामलीला मैदान, श्री राम सेवा ट्रस्ट ब्रह्मपुरी, डीएवी इंटर कॉलेज आर्य समाज रोड, पुरूषार्थी कन्या पाठशाला, ग्रेन चेम्बर पब्लिक स्कूल नई मंडी और प्राथमिक विद्यालय संख्या-2 कूकड़ा शामिल रहे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने नजदीकी शिविर पर जाकर एसआईआर फॉर्म भरें और मतदाता सूची में अपना नाम, पता तथा अन्य विवरण अद्यतन कराएं। उन्होंने कहा कि अवकाश के दिन भी लगाए गए इन शिविरों का उद्देश्य अधिकतम लोगों को जोड़ना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए।

नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मतदाता सूची की शुद्धता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह अभियान नागरिकों की भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे समय से अपने दस्तावेज़ सत्यापित कर मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टियाँ सही कराएं। कार्यक्रम में नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेडा, मंडल कोषाध्यक्ष कमलकांत शर्मा, वार्ड-6 की सभासद रितु त्यागी, प्रमोद त्यागी, शैल गौतम, मोगली, संजय सक्सेना, उत्तम शर्मा, शिल्पी राजवत्स, मंडल महामंत्री आदेश गौतम, दिनेश पुंडीर सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

मुजफ्फरनगर: वोटर मेले में मतदाताओं को जागरूक करते गौरव स्वरूप।

संक्षिप्त समाचार

जौला में आवाम ए हिंद पार्टी ने एसआईआर फार्म भरे

बुढ़ाना। ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में आज रविवार के दिन आल इण्डिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार रावघ सलीम एडवोकेट के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष ने अपनी टीम के दर्जनों सदस्यों को साथ लेकर कई स्थानों पर सहायता कैम्प लगाकर एक हजार के आसपास वोटरों के फार्म सही तरीके से भरे और सभी बीएलओ का खूब सहयोग किया।घ यहां पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राव सलीम एडवोकेट द्वारा कैंप में स्थानीय लोगों की एसआईआर के फार्म से संबंधित समस्याओं को ध्यानपूर्वक तरीके से सुना और सही तरीके से सभी फार्मों को भरवाकर पूरी सहायता प्रदान की गयी। जन सेवा और जागरूकता के इस अभियान में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी का उद्देश्य है हर जरूरतमंद तक सरकारी सुविधाओं योजनाओं और अधिकार पहुंचाना। जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है। राव सलीम एडवोकेट ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द एसआईआर फॉर्म भरकर बीएलओ को वापस कर दें। इसका उद्देश्य ऑनलाइन प्रक्रिया को गति देना है। जिससे सब वोटरों का नाम भारतीय निर्वाचन नामावली में आसानी से दर्ज हो और उन्हें मतदान करने में सुविधा हो। वहीं ग्राम राजपुर छाजपुर में सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार कश्यप ने भी अपने गांव के वोटरों के एसआईआर फॉर्म भरवाने में बीएलओ की मदद की। यहां पर भी काफी भीड़ रही।

आसपा की महारैली को रुड़कली मे नेताओं ने किया जनसम्पर्क

भोपा।आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर मुज़फ्फरनगर के राजकीय इंटर कॉलिज के मैदान मे आयोजित आज़ाद समाज की महारैली को सफल बनाने के उद्देश्य को लेकर रुड़कली तालाब अली मे जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमे प्रत्येक से अपनी भागीदारी को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। भोपा क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली मे जाहिद हसन के आवास पर आयोजित जनसंपर्क सभा के मुख्य अथिति झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा ने कहा की हमें भावनाओं से इतर तकनीकी रूप मे कार्य करना है। हमारा संदेश कमजोर व दबे कुचलो की मदद करने का है।बिहार के चुनाव मे महागठबंधन द्वारा उनकी पार्टी को हिस्सेदारी नहीं दी गयी इसलिए उसका अंजाम इतना बुरा हुआ। आज मुस्लिम तरक्की मे पिछड़ गया है। हमें तकनीकी रूप से सक्षम होना है। आज़ाद समाज पार्टी के नेता चन्द्रशेखर जुल्म के खिलाफ लड़ाई मे सबसे आगे रहते हैं। मुस्लिम समाज पीड़ित बनकर न रहे। जो डरता है उसे और अधिक डराया जाता है। हमें सर्व समाज के साथ मिलकर आगे बढ़ना है। उपचुनाव मे विधानसभा प्रत्याशी रहे जाहिद हुसैन ने कहा की आसपा के संस्थापक चन्द्रशेखर संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।हमें मिलकर मुज़फ्फरनगर की महारैली को सफल बनाना है। सामाजिक एकता के साथ हमें पार्टी संगठन को मज़बूत बनाना है। पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष बबलू चौधरी ने की व संचालन अमजद अली ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मौ. शिराज़,सतेन्द्र राठी,डॉ. राजपाल सिंह, उन्नाव प्रधान,वसीम प्रधान,सुभाष जाटव, मौलाना खालिद, हाजी भूरा ठेकेदार, शमीम अहमद,शकील डीलर, मौलाना सोहराब,मौ.असलम, नावेद, मुकरर्म, हाजी फखहरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

रसूलपुर दभेडी में हुई भाकिमसंमो की बैठक

बुढ़ाना। ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में एक स्थान पर आज रविवार के दिन भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम के आदेश अनुसार एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सभी की सहमति से भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष हुसैन चौहान के नेतृत्व में गांव के ही साहिब राणा को भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा युवा का जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया और हाथों हाथ नियुक्ति पत्र देते हुए आशा भी जताई कि वे इस संगठन के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा से कार्य करेंगे। यह संगठन आपके उज्जवल भविष्य की भी कामना करता है। यहां जिला अध्यक्ष हुसैन चौहान का फूल मालाओं से भी स्वागत किया गया। इस दौरान यहां पर संगठन को मजबूत बनाने पर भी बल दिया गया और आगामी समय में बड़ा कार्यक्रम भी करने की बात कही गयी। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से शामली से जिला प्रभारी शादाब राणा, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, जिला मुजफ्फरनगर से जिला महामंत्री चौधरी शोएब राणा, अल्पसंख्यक जिला सचिव चौधरी वशीम राणा, चौधरी सलमान और हंसराज राजपूत आदि सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

पुलिस क्रिकेट टीम ने सेमीफाईनल में स्थान बनाया

मुजफ्फरनगर। पुलिस क्रिकेट टीम द्वारा जनपद बागपत को सेमीफाईनल में हराकर, अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ के निर्देशन में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल में किया प्रवेश।अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ ज़ोन मेरठ भानु भास्कर के निर्देशन में अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मेरठ जोन के जनपद मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, हापुड, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली की क्रिकेट टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 44 वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ के क्रिकेट ग्राउन्ड पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ श्रीमान एडीजी मेरठ जोन मेरठ द्वारा दिनांक 09.11.2025 को किया गया था। आज दिनांक 23.11.2025 को प्रतियोगिता का सेमीफाईनल मुकाबले खेला गया जिसमें मुज़फ्फरनगर पुलिस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद बागपत टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आज का मैच 44वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ के क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया, जिसमें मुज़फ्फरनगर पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 230 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कई दमदार पारियाँ देखने को मिलीं। आरक्षी जगत कुमार ने मात्र32 गेंदों में 68 रन बनाकर टीम को तेज़ शुरुआत दी। मु0आ0 मनीष राणा ने 47 गेंदों पर 54 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। आरक्षी अंकित त्यागी ने 15 गेंदों में 55 रन की तूफ़ानी पारी खेलकर टीम के स्कोर को बड़े लक्ष्य तक पहुँचाया। बागपत की ओर से गेंदबाज़ी में आरक्षी भरत बाना ने 4 ओवरों में 32 रन देकर 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागपत की टीम ने भी आक्रामक अंदाज दिखाया, परंतु मुज़फ्फरनगर पुलिस टीम की कसी हुई गेंदबाज़ी के आगे वे 194 रन पर ऑल आउट हो गए। बागपत टीम की ओर से आरक्षी मोनू बस्सी ने 17 गेंदों में 40 रन तथा भरत बाना ने 24 गेंदों में 39 रन बनाए। मुजफ्फरनगर पुलिस क्रिकेट टीम की ओर से आरक्षी सोमवीर द्वारा 02 विकेट तथा आरक्षी विवेक कुमार द्वारा 03 विकेट लिये गये। मुज़फ्फरनगर पुलिस टीम ने 36 रन से महत्वपूर्ण जीत दर्ज कर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनांक 30.11.2025 को जनपद मुज़फ्फरनगर व जनपद हापुड़ पुलिस टीम के बीच खेला जायेगा।

जी.डी. गोयनका में कला शिक्षा पर कार्यशाला

मुजफ्फरनगर। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में कला शिक्षा पर एक दिवसीय 'क्षमता संवर्धन कार्यक्रमश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और अतिथियों को स्मृति स्वरूप पौधे भेंट कर सम्मानित किया। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई विशेषज्ञ संजया वालिया एवं अमिता चौधरी ने किया। उन्होंने कक्षा में कला आधारित शिक्षण को सृजनात्मक और प्रभावशाली ढंग से समाहित करने के व्यावहारिक प्रशिक्षण और रणनीतियाँ साझा कीं। कार्यशाला में कुल 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया और रचनात्मक शिक्षण को सुख्रढ़ बनाने तथा कक्षा अनुभव को समृद्ध करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। कार्यशाला का उद्देश्य ब्ढैम् के दिशा-निर्देशों के अनुसार कला एकीख्रत शिक्षा को प्रोत्साहित करना और शिक्षकों को रचनात्मक शिक्षण में दक्ष बनाना था। कार्यशाला के समापन अवसर पर उपप्रधानाचार्या अंजली आनंद ने विशेषज्ञों और प्रतिभागियों की प्रशंसा करते वे उनका आभार व्यक्त किया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष आधा दर्जन महिला पुरुष घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी मे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने के बाद जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले जिसमें दोनों और से आधा दर्जन महिला पुरुष घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गाव आल्दी निवासी रोहतास पक्ष एवं विनोद पक्ष में पुरानी रंजिश चल रही है। बीते दिनों विनोद के दामाद बसंत निवासी ग्राम सुन्ना व रोहतास के पुत्र सनुज के बीच फोन पर गाली गलौज हुई थी और एक दूसरे ने देख लेने की धमकी दी थी।

गत शनिवार को आल्दी निवासी अंग्रेज के पुत्र रितेश की शादी थी। शादी समारोह में विनोद का परिवार हरिद्वार से शिरकत करने के लिए आया हुआ था। रविवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले।

खूनी संघर्ष में रोहतास पक्ष से सनूज व अनूज पुत्र रोहतास, एवं रुचि और साक्षी पुत्री रोहतास, विनोद पक्ष से विनोद बसंत एवं विनोद की पुत्री मानवी घायल हो गई। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग करते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्साकों ने कई घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया और कई घायलों को छुट्टी दे दी। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की तहरीर मिली है पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को भी मतदान केंद्रों पर बीएलओ रहे तैनात

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर रविवार को जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्धबीएलओत्र्न ने तैनात होकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का कार्य सम्पन्न किया। सुबह से ही शहर तथा देहात क्षेत्रों के बूथों पर बीएलओ उपस्थित रहे और मतदाताओं को विभिन्न श्रेणियों के एसआईआर फार्म उपलब्ध कराए। वही ग्रामीण व बिना पढे लिखे मतदाताओं को फार्म भरने में परेशानियां हो रही है। जिसमें उन्होने बीएलओ पर कोई सहयोग न किए जाने का आरोप लगाया है।

रविवार को जिलेभर के समस्त बूथों पर डीएम के निर्देश पर बूथ लेवल अधिकारियों ने तैनात होकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया। अभियान के दौरान बीएलओ ने मतदाताओं को संबंधित फार्म वित. रित किए। बड़ी संख्या में नागरिकों ने बीएलओ की उपस्थिति में अपने फार्म भरकर जमा कराए। कई स्थानों पर युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से प्रक्रिया में भाग लिया।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक मतदाता एसआईआर का फार्म भरकर जमा कराय। जिससे कि चुनाव आयोग निर्देशानुसार समय से उक्त फार्मो की ऑन लाईन फीडिंग कराई जा सके। डीएम अरविंद कुमार चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एसआईआर अभियान के तहत प्रत्एक बूथ पर पारदर्शिता, तत्परता और सटीकता से कार्य किया जाए तथा किसी भी चूक को गंभीरता से लिया जाएगा। वही दूसरी ओर ग्रामीण और अनपढ मतदाओं को फार्म भरने में परेशानियां हो रही है। 2003 की मतदाता सूची भी उनको ढूढने में परेशानियां हो रही है। उन्होने आरोप लगाया कि बीएलओ मतदाता सूची ढूढने में कोई मदद नही कर रहे और 2025 की नई मतदाता सूची लेकर बैठे है। कही पर तो बीएलओ द्वारा फोटो भी बार बार बदलवाए जा रहे है। यही नही ऑन लाईन मतदाता सूची निकालवाने में जनसेवा केन्द्र संचालन उनके मनमाने ढंग से पैसे मांग रहे है। उन्होने ऐसे में जिला प्रशासनिक अधिकारियों से संज्ञान लेकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की ताकि सभी को मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। इसके अलावा डीएम अरविन्द कुमार चौहान व एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने कई बूथों पर जाकर निरीक्षण किया और लापरवाही करने पर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी है।

दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर रविवार को यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। अतिक्रमण और पुलिस की अनुपस्थिति के कारण चरथावल बस स्टैंड से लेकर शामली बस स्टैंड तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और सड़क तक किए गए अतिक्रमण ने मार्ग को अत्यंत संकरा बना दिया है, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। इसके साथ ही बस चालकों द्वारा मुख्य सड़क पर ही मनमर्जी से रुककर सवारियां चढ़ाने-उतारने से जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। बसों के बीच सड़क पर रुकने से पीछे चल रहे वाहन पूरी तरह फंस जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यह तिराहा अत्यधिक व्यस्त रहता है, फिर भी पूरे दिन किसी भी पुलिसकर्मी की मौजूदगी नहीं दिखाई देती। यातायात नियंत्रण के अभाव में चालक नियमों की अनदेखी करते हैं, जिसके चलते जाम की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है। जाम के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों, कर्मचारियों और व्यापारियों को रोजाना घंटों की देरी झेलनी पड़ती है। निवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों की मांग है कि चरथावल बस स्टैंड और तिराहे से अतिक्रमण हटना चाहिए बसों को बीच सड़क रोकने पर सख्त कार्रवाई की जाए, व्यस्त समय में पुलिसकर्मियों की स्थाई तैनाती की जाए, यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम उठाएं जाने चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थिति किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देगा और सड़क पर सुचारु यातायात सुनिश्चित करेगा।

एसपी ने कैराना के बाजारों में पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने आमजन के मन-मस्तिष्क में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास को और अधिक सु.ढ करने हेतु देर शाम पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ में कस्बे के बाजारों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि वह नि:संकोच अपना कारोबार करें, पुलिस-प्रशासन उनकी सुरक्षा हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही, खुराफात करके कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों को सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

शनिवार देर शाम एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने नगर के बाजारों में पुलिस व पीएसी बल के साथ में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया। एसपी ने व्यापारियों से कुशल-क्षेम जानते हुए सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस हर स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा अवैध हरकत दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। एसपी ने व्यापारियों को बेझिझक अपना कारोबार करने को कहा। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने पुलिस बल की सतर्कता, डड्यूटी अनुपालन, यातायात व्यवस्था तथा भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति की प्रभावशीलता का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने, व्यापारी वर्ग से सतत संपर्क बनाए रखने तथा सायंकालीन गश्त को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, एसएसआई अरुण कुमार, इमाम गेट पुलिस चौकी प्रभारी गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

एसपी ने मालखाने व मिशन शक्ति केंद्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। शनिवार देर शाम एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने कोतवाली प्रांगण में स्थित ई-मालखाना का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने माल-मुकदमाती से संबंधित सभी अभिलेखों, ई-रिकॉर्ड, डिजिटल एंट्री, भंडारण व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मालखाना परिसर की स्वच्छता तथा अभिलेखों के अद्यतन की स्थिति का गहन परीक्षण किया। साथ ही, किसी भी केस प्रॉपर्टी की अंकन, एंट्री, रख-रखाव अथवा सुरक्षा में कोई कमी न रहने तथा सभी अभिलेख समय से पूर्ण और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा, एसपी ने कोतवाली परिसर में स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का भी निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने महिला हेल्पडेस्क की कार्यप्रणाली, पीड़ित महिलाओं की सुनवाई, परामर्श, काउंसलिंग, उत्पीड़न से संबंधित मामलों में की जा रही कार्रवाई, केस फॉलो-अप एवं महिला सुरक्षा से जुड़े अभियान की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया। एसपी ने हेल्पडेस्क पर तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्एक महिला फरियादी की समस्या संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर सुनी जाए तथा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं, एसपी ने बताया कि जनपद में शांति, कानून-व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है। कस्बे में पैदल गश्त, सघन निगरानी, अपराधियों पर नियंत्रण तथा जनसहभागिता को मजबूत करते हुए पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन कर रही है। अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर जनता में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना बनाए रखने तथा प्रत्एक सूचना पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

चित्राकला प्रदर्शनी में वॉश पेंटिंग व जल रंग का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के वीवी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी प्रथम प्रयास वॉश पेंटिंग एवं जल रंग का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ डीएम अरविंद कुमार चौहान, विद्यालय संरक्षक संजय संगल एवं एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कला अध्यापक एवं प्रदर्शनी के आयोजक अर्जुन राम ने बताया कि प्रदर्शनी में वॉश पेंटिंग, वस्तु चित्रण तथा .श्य चित्रण सहित विभिन्न विधाओं की पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया है। प्रथम दिन डीएम अरविंद कुमार चौहान ने पूरी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार का आयोजन बेहद सराहनीय है और यह प्रयास विद्यार्थियों में कला के प्रति नई ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने पेंटिंग्स के विषय में छात्रों से जानकारी भी प्राप्त की। विशिष्ट अतिथि एसडीएम हामिद हुसैन ने कहा कि चित्रकला भावनाओं और विचारों को रंगों के माध्यम से सहजता से अभिव्यक्त करती है। ऐसी प्रदर्शनी देखना स्वयं में सुखद अनुभव है। रविवार को दूसरे दिन भी शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ। अनुराग शर्मा ने किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य गुरद. ास सिंह, रजनीश कुमार, डीके पांडे, मनोज कुमार, अर्चना शर्मा, तरुण निर्वाह, दिनेश तोमर, नरेंद्र शर्मा, राजनाथ सिंह, राजवीर सिंह, रणवीर सिंह कुरमाली, बाबूलाल पब्लिक इंटर कॉलेज कैराना से आए नवनीत गुप्ता, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

ओवरलोड गन्ने का ट्रक व ट्रैक्टर ट्राला से नागरिक परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक व ट्रैक्टर ट्रॉलो से मार्ग पर नागरिको व छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बार-बार ट्रांसफार्मर व केबल्स के क्षतिग्रस्त होने से मोहल्लेवासियों में रोष व्याप्त है। लोग दुर्घटना की आशंका के चलते भयभीत है नगर के मोहल्ला नबीपुरा, मेलाग्राउंड से क्षेत्र के गांव नोजल, रसीदगढ़, यारपुर, मस्तगढ़ रोड पर इन दिनों ओवरलोड गन्ने से भरे भारी भरकम ट्रक व ट्रैक्टर ट्राला रास्ते से गुजर रहे है इन वाहन ने सड़क किनारे रह रहे मोहल्ले वासी ग्रामीणों का जनजीवन मुश्किल में डाल रखा है। रोड पर हर समय गन्ना लदे भारी वाहन दौड़ते रहते हैं, जिससे पैदल चलने वालों, स्कूली बच्चों व

दोपहिया चौपाइयां वाहन चालकों को सड़क से निकलना दुभर हो रहा है।

स्थानीय लोगों विनोद कुमार, नाजिम, जुम्मा, तौफिक, रामपाल, मेहरबान, शमीम, अरमान, का कहना है रोड पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर व खंभों से गन्ने की ट्रकों ट्रैक्टर ट्राला के टकराने से ट्रांसफार्मर की फीडिंग केबलें टूट जाती हैं और 11,000 लाइन पर बार-बार फाल्ट बन जाता है।

इस कारण पूरे मोहल्ले की बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रहती है। लगातार हो रहे फाल्ट के कारण क्षेत्र में रहने वाले बिजली उपभोक्ताओं के इलेक्ट्रॉनिक सामान फ्जि, वाशिंग मशीन, पंखे, टीवी और घरेलू वायरिंग कई बार खराब हो चुकी हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के किनारे लगे ट्रांसफार्मर के पास से ओवरलोड गन्ना ट्रक और ट्रैक्टर बहुत नजदीक से गुजरते हैं, जिससे बड़े हादसे का खतरा हर पल बना रहता है। कई बार स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि खंभे हिलने लगते है और केबलें नीचे गिरने की नौबत आ जाती है। मोहल्लेवासियों ने शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से इस समस्या का स्थाई समाधान कराने की मांग की है। मोहल्ले वालो का सुझाव है कि या तो सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर को सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट किया जाए या ओवरलोड वाहन संच. ालन पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

मोहल्ले वालो ने चेताया है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो किसी दिन ओवरलोड वाहन और विद्युत् उपकरणों के बीच टकराव से गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

एक नजर

अवैध हथियार के साथ एक पकड़ा गया

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा मय 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त नितिन मलिक पुत्र सुरेन्द्र मलिक निवासी ग्राम कुरमाली थाना बाबरी जनपद शामली है।

विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन आज जलालाबाद के सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल में

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। प्र. जिला युवा कल्याण एवं प्रा।वि।द। अधिकारी शामली सचिन पंवार ने अवगत कराया कि माननीय विधायक खेल स्पर्धा थानाभवन का आयोजन दिनांक 24 व 25 नवम्बर 2025 को सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल जलालाबाद में प्रात: 10 बजे से आयोजित कराया जाएगा। इस खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाडी विभिन्न खेलो द्धएथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिन्टन, कुश्ती आदि खेलो मेत्र्न आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में वो खिलाडी प्रतिभाग कर सकते है जिन्होने युवा साथी पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है जिन खिलाडियों ने अपना रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं कराया है वो खिलाडी अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 24 तक प्रात: 10 बजे तक अपना पंजीकरण करा सकते है। प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खिलाडियों को अपने आधार कार्ड की फोटोस्टेट लाना अनिवार्य है। महत्वपूर्ण जानकारी के विभागीय कार्यालय शहीद ऊधम सिंह स्टेडियम में सम्पर्क किया जा सकता है । रजिस्ट्रेशन कराने हेतु लिंक ीजजचेरूध्ध्ूलनअेंजीप।पदध्ेचवतजे-तमहपेजतंजपवदध् पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

सपा कैंप कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। प्रखर समाजवादी नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजनारायण की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कैम्प कार्यालय भैंसवाल में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें उनके राजनीतिक जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं पर चर्चा की गई। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजनारायण काशी के राज परिवार में पैदा हुए लेकिन पूरा जीवन गरीबों एवं वंचितो के पक्ष मे संघर्ष करते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में जेल काटने के बाद स्वतंत्रता के बाद भी उनका सरकार का विरा. ेध जारी रहा। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में दलितों के प्रवेश को लेकर आन्दोलन किया तथा उसे संभव बनाया। उन्होंने इन्दिरा गॉधी के चुनाव को चुनौती देकर लोकतंत्र को नई दिशा दी। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए उन्होंने भारतीय चिकित्सा पद्धति को सम्मान दिलाया तथा 1957 में उन्होंने सार्वजनिक स्थानों से ब्रिटिश शासकों की मूर्तियां हटवाने का सफल प्रयास किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सलेक चंद, विकास, राव यासीन, खुशनूद, रविन्द्र जोगी, डा। सतपाल कश्यप, प्रियांशु पंवार, सलेकचंद,भूपेन्द्र सैनी, भोपाल कश्यप, कर्मवीर कसेरवा, देवेन्द्र वालिया, राजसिंह पाल, लालसिंह कश्यप, सचिन पंवार, अनवर, बिट्टू पांचाल, योगराज पंवार, सतवीर गोहरनी, जावेद आदि मौजूद रहे।

सगाई में दी गई सामग्री को वापस दिलाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हाथी करोदा निवासी एक दंपति ने थाने पर तहरीर देकर कस्बा निवासी एक व्यक्ति पर उसके पुत्र का रिश्ता तोड़ने और सगाई में दी गई नगदी और जेवरात वापस दिलाने की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हाथी करौदा निवासी जहूर हसन व उसकी पत्नी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उन्होंने कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक व्यक्ति की पुत्री के साथ अपने पुत्र सलमान का रिश्ता तय किया था। पीडितों ने सगाई रस्म में 51 हजार रूपए नगद और सोने चांदी के जेवरात सहित कीमती समान देकर सगाई पक्की की थी। दंपति का आरोप है कि अब युवती पक्ष के लोग अपनी पुत्री का उसके पुत्र के साथ विवाह करने से इनकार कर रहे हैं। और रिश्ते से मना करते हुए सगाई तोड़ दी। जब पीड़ित ने सगाई में दी गई नगदी और जेवरात सहित कीमती सामान वापस मांगे तो आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ फोन पर कई-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। रविवार को दंपति ने थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी सामग्री वापस दिलाने की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

युवक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, पुलिस से शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। रामड़ा निवासी व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर फोन पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। गांव रामड़ा निवासी धीरसिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि विगत शनिवार को वह अपने पुत्र विकास के साथ में रिश्तेदारी में शादी में गया था। इसी दौरान गांव के ही एक ने उसके पुत्र के मोबाइल पर कॉल किया। कहा कि वह उसे और उसके पिता को जान से मार देगा। युवक की धमकी से वह और उसका परिवार डरा-सहमा है।

आशंका है कि धमकी देने वाला युवक उसके अथवा परिवार के किसी सदस्य के साथ में कोई अप्रिय घटना कारित न कर दे। आरोपी युवक के विरुद्ध पूर्व में भी कैराना कोतवाली पर जानलेवा हमले समेत अनेकों गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। आरोपी की धमकी की रिकॉर्डिंग उनके पास उपलब्ध है। पत्र में बताया कि आरोपी युवक व उसके पिता का आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी युवक दबंगई दिखाकर आए दिन किसी न किसी व्यक्ति के साथ में मारपीट करता रहता है। पीड़ित ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

सास से झगड़कर सुसाइड करने यमुना पर पहुंची महिला, पुलिस ने किया रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। सास से विवाद के चलते एक महिला आत्महत्या करने के इरादे से यमुना नदी पर पहुंच गई। वहीं, यमुना ब्रिज चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सूझ-बूझ व समझदारी का परिचय देते हुए महिला को सकुशल बचाकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल पंकज कुमार व कांस्टेबल रामकुमार ने एक महिला को रोते हुए यमुना नदी की ओर जाते हुए देखा। इस पर पुलिसकर्मियों ने महिला को रोककर यमुना नदी की ओर जाने की बाबत पूछताछ की, जिस पर महिला ने यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने की बात कही। पुलिसकर्मियों ने महिला को समझाते हुए चौकी में बैठाया तथा परिजनों को मामले की सूचना दी। कांस्टेबल रामकुमार ने

बताया कि महिला कैराना कस्बे के मोहल्ला रेतेवाला की रहने वाली है। महिला का किसी बात को लेकर अपनी सास से विवाद हो गया, जिसके बाद महिला आत्महत्या करने के इरादे से यमुना नदी पर पहुंच गई। बाद में महिला को उसके पति व अन्य परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

विदित रहे कि विगत 03 अक्टूबर को कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी सलमान ने पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर अपने चार मासूम बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। नदी में कूदे सलमान के तीन बच्चों के शव आज तक बरामद नही हुए है।

हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। एक हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, प्रत्येक दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला ओम कुमार हत्याकांड से संबंधित है। ओम कुमार की हत्या मामूली बात पर पीट-पीटकर की गई थी। यह घटना मार्च 2023 को हुई थी। मृतक की पत्नी शकुंतला ने इस संबंध में पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली क्षेत्र के बली गांव निवासी ओम कुमार की हत्या खैराती पुत्र अतरे, ओमवीर पुत्र प्रकाश और सुखपाल पुत्र गजराज ने की थी। शकुंतला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था।

स्टंट ब्वॉय खुद की और राहगीरों की जान डाल रहे जोखिम में

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। देर रात्रि कार सवार युवकों ने शहर के माजरा रोड पर स्टंड करते हुए जमकर हुडदंग मचाया। युवक गाडी में लटक कर और छत पर बैठकर जमकर शोर शराबा करते रहे और खुद की जान को जोखिम में डालने के साथ साथ दूसरी की जान को भी जोखिम में डाल रहे थे। कई जगहों पर राहगीर उक्त युवकों की गाडियों की बाल बाल बचे है।

गत शनिवार देर रात्रि दो गाडियों स्कॉर्पिओ व थार में सवार होकर कुछ युवक शहर के माजरा रोड पर पहुंचे। जहां उन्होने गाडियों की खिडकियों में लटककर और छत पर बैठकर तेज आवाज में गाने बजाते हुए जमकर हुडदंग मचाया।

युवकों ने स्टंड करते हुए कई लोगों की जान को भी जोखिम में

डाल दिया। इस दौरान बाइक सवार लोग बाल बाल बचे।

कई बुर्जुग सडक पार करते समय हादसे से शिकार होने से बच गए, लेकिन उक्त युवक नही माने और हुडदंग मचाते हुए शहर के नवीन मंडी की ओर फरार हो गए।

लोगों का कहना था कि वैसे तो यातायात माह चल रहा है और ट्रेफिक पुलिस सडकों पर बिना हेलमेट के चलने पर भी कडी कार्यवाही कर रही है, लेकिन ऐसे युवकों पर कोई कार्यवाही नही की जाती है। उक्त लापरवाही से पूर्व में भी कई बडे बडे हादसे हो चुके है। यह युवक अपनी जान को जोखिम में डालते ही है साथ ही सडक पर चलने वाले बेकसूर लोगों को भी दुर्घटनाओं का शिकार बना देते है। उन्होने ऐसे युवकों पर कडी कार्यवाही की मांग की।

एक नजर

पट्टी चौधरान में सर्वसमाज बैठक नशाखोरी और भ्रूण हत्या पर लगेगी रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। नगर की पट्टी चौधरान में रविवार को सर्वसमाज खाप चौधरियों की मासिक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी सुरेंद्र तोमर चौरासी देशखाप और पंडित सुभाष भारद्वाज ब्राह्मण समाज रहे। बैठक की अध्यक्षता 360 सर्वखाप के चौधरी जीतेन्द्र धामा ने की, जबकि संचालन शास्त्री सतीश शर्मा ने किया। आयोजन की जिम्मेदारी चौधरी 84आकाश उपाध्याय समाज के चौधरी ने निभाई। बैठक में भ्रूण हत्या, नशाखोरी और चुनावों के दौरान शराब वितरण जैसे सामाजिक अपराधों पर रोक लगाने के प्रस्ताव पारित हुए। तय किया गया कि जो व्यक्ति चुनावों में शराब का वितरण करेगा, उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। चौधरी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में बावली गांव में एक बड़ी पंचायत बुलाकर कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। सुभाष चौधरी ने कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों पर हमें चोट करनी है। समाज में पहली बुराइयों को जड़ से मिटाना है। नशाखोरी को भी जड़ से मिटाना है अपने बच्चों को संस्कृतिवान बनाना है। बैठक में शिक्षा संस्कार की संस्कार शाला आयोजित हुई दहेज प्रथा नशा खोरी पर सभी लोगों ने प्रकाश डाला 84 देश का चौधरी ब्राह्मण समाज पंडित सुभाष भारद्वाज ने कहा कि हम सभी लोगों को सभी बिरादरी के लोगों को मिलकर अपने बच्चों को बुजुर्गों द्वारा बताई गई नीतियों को अपनाना है तभी जाकर समाज के युवा जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। बैठक में सोरम में हुई सर्वसमाज महापंचायत का सर्वसम्मति से समर्थन किया गया। कार्यक्रम में विनोद कैप्टन, चौधरी जयपाल सिंह, डा.योगेश जिंद, उज्जवल चौधरी, वंदना गुप्ता, रश्मी और डा.इरफान मलिक सहित अन्य समाजसेवी हरीश भारद्वाज पंडित राकेश शर्मा योगेश जिंदल रमेश शर्मा सभासद श्रद्धानंद शर्मा पंडित विजयपाल शर्मा पूर्व दिल्ली पुलिस से रिटायर राधेश्याम शर्मा दरोगा दीपक शर्मा जय हिंद मंच के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य पंडित अनिल कौशिक नरेश शर्मा जागौश पूर्व प्रधान विजयपाल शर्मा जिला पंचायत सदस्य पंडित राजपाल शर्मा जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य खेड़ा हटाना ओंकार शर्मा विश्वास चौधरी के अलावा भारी संख्या में समाजसेवियो गणमान्य नागरिकों ने अपने अपने विचार प्रकट किया।

एसआईआर फॉर्म को लेकर एसडीएम ने बीएलओ व सभासदों की बैठक ली

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। थाना भवन नगर पंचायत में उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने क्षेत्रीय बीएलओ व नगर पंचायत सभासद की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जहां एस।आई।आर फार्म के विषय में जानकारी दी वही सभासदों से मत फॉर्म में सहयोग करने की अपील की।

थाना भवन नगर पंचायत कार्यालय सभागार में उप जिलाधिकारी ऊन ने रविवार को क्षेत्रीय बीएलओ व नगर पंचायत सभासद की बैठक ली। बैठक में बोलते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मत पत्र में कोई भी बीएलओ लापरवाही न बरते। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का फॉर्म पूरी तरह से स्पष्ट भरा जाना चाहिए उन्होंने प्रपत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 2025 के मतदाता सूची में जिसका नाम है उसी को गणना प्रपत्र प्राप्त हुआ है। एस।आई।आर के चार 4 कैटेगरी ऐ, बी, सी, डी बनाया गया है जिसे ऐ कैटेगरी में 2003 के मतदाता 1987 के पूर्व में पैदा हुआ हो व 2003 सूची

में उसका नाम हो। कोई दस्तावेज नहीं लिया जाएगा। सूची में अंकित क्रमांक उसका शविवरणश लिया जाएगा होगा।

वही बी कैटेगरी में जो 1987 के पूर्व पैदा हुआ हो और किसी कारण से 2003 के मतदाता सूची में नाम नहीं है, उसको निर्धारित दस्तावेज में किसी एक का साक्ष्य देना पड़ेगा। यह साक्ष्य अभी फार्म के साथ नही देना है। सी कैटेगरी में 1 जुलाई 1987 से 02 दिसम्बर 2004 के बीच में जन्म हो उसे अपना स्वयं का एवं अपने माता-पिता में किसी एक का साक्ष्य बाद में देना पड़ेगा। डी कैटेंगरी में 02 दिसम्बर 2004 के बाद जिसका जन्म हुआ हो उसे अपना दस्तावेज देना हीं देना है एवं साथ में माता-पिता दोनों का सक्षय भी देना होगा। गणना प्रपत्र के साथ अभी कोई दस्तावेज नही देना है। मत फार्म पर मात्र फोटो चस्पा होना चाहिए जिसमे दोनों कान दिखाई दे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभासद गणों से कहा कि में प्रपत्र भरने में बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय बीएलओ व नगर पंचायत सभासद, नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

एसआईआर के लिए ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण द्धएसआईआरऋ अभियान के संबंध में कांग्रेस पार्टी ने अपने पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने हेतु ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में एआईसीसी के संजय दीक्षित सहित कई वक्ताओं ने प्रतिभाग किया और प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी विस्तार से साझा की।

रविवार को ऑन लाईन कार्यशाला में एसआईआर की प्रक्रिया, आने वाली चुनौतियों तथा उनके समाधान पर व्यापक चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने यह भी सवाल उठाया कि राज्य में फिलहाल चुनाव न होने के बावजूद आयोग कम समय में प्रक्रिया पूरी कराने पर क्यों जोर दे रहा है। इसके बावजूद पदाधिकारियों को पूरी सजगता के साथ अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए की जिम्मेदारियों एवं अधिकार क्षेत्र की जानकारी भी दी गई। फर्जी मतदान रोकने और नियमित मतदाताओं को किसी भी अनावश्यक परेशानी से बचाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एआईसीसी संयोजक संजय दीक्षित ने विशेष रूप से जोर दिया कि शोषित, वंचित और गरीब समाज के लोगों को किसी भी परिस्थिति में मतदान से वंचित न होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे वर्गों के मताधिकार की रक्षा करना पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। कार्यशाला में शामली जनपद से पार्टी कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा, वैभव गर्ग और रवींद्र आर्य शामिल रहे।

कैंसर से पीड़ित बंदी की इलाज के दौरान मौत

बागपत। जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बंदी आलम की दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य ने बताया कि आलम लंबे समय से कैंसर से पीड़ित था। गंभीर बीमारी के चलते उसे नियमित चिकित्सा परामर्श के बाद दिल्ली रेफर किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आलम को 30 सितंबर को तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही थी।

कला और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के केएस ग्रुप ऑफ कॉलेज में रविवार को मनोरंजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रबंधक संजीव कुमार, शैलेंद्र भार्गव डीएवी कॉलेज, मुजफ्फरनगर, प्रोफेसर सुधीर कुमार, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, वीरेंद्र गुर्जर, अरुण सिंह, डॉ। शेखर मलिक ने किया। दिनभर चले कार्यक्रम में बॉलीवुड डांस, फैशन शो, ड्रामा व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। बीए, एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र अरशद की कुंती पुत्र कर्ण पर शानदार मंच प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाओं में भारत की सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम के समापन पर पंजाब के प्रसिद्ध कलाकारों ने प्रस्तुति दी।इस अवसर पर आकाश निर्वाल, यश निर्वाल, निवेदिता निर्वाल, संजीव शर्मा, विशुल गर्ग, महेश कुमार, रेनू शर्मा, अंकित शर्मा, अंजलि गर्ग, अंकित मलिक मौजूद रहे।

झिंझाना में सफाईकर्मियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी गंदगी से बेहाल कस्बेवासी

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। नगर पंचायत झिंझाना में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। धरना स्थल पर शासन या प्रशासन का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। लगातार चार दिनों से सफाई व्यवस्था ठप रहने के कारण कस्बे की गलियों और मुख्य सड़कों पर गंदगी के अंबार लग गए हैं। जगह जगह कूड़ा फैलने से दुर्गन्ध उठ रही है और लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

गंदगी के कारण स्कूली छात्रों, महिलाओं और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर कूड़े के ढेर सड़क के बीच तक फैल चुके हैं, कूड़ा नालियों में जाने से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिससे पैदल चलने और वाहनों के

आवागमन में भी दिक्कतें आने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द सफाई शुरू नहीं हुई तो बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

शनिवार को अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों के बीच हुई वार्ता विफल रही, इसके बावजूद रविवार को कोई समाधान सामने नहीं आया। बताया जा रहा है कि सफाई कर्मचारी और नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप दोनों अपनी अपनी जिद पर अड़े हुए हैं, जिसके चलते मामला फिर से अटक गया है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, हड़ताल जारी रहेगी। वहीं नगर पंचायत प्रशासन की ओर से भी अभी तक कोई नई पहल सामने नहीं आई है। कस्बेवासियों में नादिर सिद्दीकी, बिलाल अहमद, टीटू कुमार, रामफल सिंह आदि ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल दखल देकर स्थिति को सामान्य बनाए, वरना हालात और बिगड़ सकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल ने बताया कि सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद हमने प्राइवेट टीम बुलाकर कस्बे सफाई शुरु कराई थी लेकिन उन्हें सफाई नहीं करने दी गई सफाई कर्मियों की सभी मांगे मान ली गई थी उसके बाद भी उनका हड़ताल करना अनुचित है। एस डी एम ऊन संदीप त्रिपाठी ने बताया कि सफाई कर्मियों की हड़ताल अनुचित है समाज के बैनर तले सफाई कर्मी हड़ताल नहीं कर सकते कल उनको नोटिस भेजा जाएगा।

जिलेभर में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया एक व्यापक अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। रविवार को जिलेभर में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी नगर निकायों में मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, बस अड्डों, औद्योगिक क्षेत्रों, घनी आबादी वाले इलाकों तथा निर्माण-प्रभावित स्थलों पर नियमित एवं निरंतर जल छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एंटी-स्मॉग गन वाटर स्प्रिंकलर टैंकरों के माध्यम से उड़ती धूल को नियंत्रित करने के लिए विशेष ड्राइव संचालित की जा रही है, ताकि सर्दियों के दौरान हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा न बढ़े। कई स्थानों पर सुबह और शाम दोनो समय छिड़काव कराया जा रहा है, जिससे हवा में मौजूद धूलकणों का स्तर तेजी से कम हो सके।

बागपत में एसआईआर अभियान जोर पर, 98.91 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुँचे गणना प्रपत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जनपद में रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 अभियान तेजी से संचालित है। जिले के 513 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 981 मतदेय स्थलों पर तैनात 981 बूथ लेवल ऑफिसर और 102 सुपरवाइजर्स लगातार घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। बीएलओ मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और भरे हुए फॉर्म को संकलित कर रहे हैं।

सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र किट, नए मानकीकृत पहचान पत्र और फील्ड रिपोर्टिंग से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। प्रशासन ने सोशल मीडिया, जनसंपर्क, माइक अनाउंसमेंट, डिजिटल माध्यमों और जागरूकता पोस्टरों के जरिए जनजागरूकता अभियान को भी गति दी है। प्रत्येक नागरिक से अपील जारी है कि वे अपना एसआईआर फॉर्म समय से भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं। जनपद की छपरौली, बड़ौत और बागपत तीनों विधानसभाओं में कुल 9,76,798 मतदाता पंजीकृत हैं।

यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान

शामली। यातायात माह-2025 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात अपेक्षा निम्बाडिया के पर्यवेक्षण में जनपद शामली में यातायात पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के महत्व एवं सुरक्षित ड्राइविंग की आदतों के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक चौराहों, प्रमुख बाजारों, विद्यालयों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं राजमार्गों पर पहुंचकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में आज विभिन्न स्थानों पर चलाए गए विशेष निरीक्षण अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने पर कुल 200 चालान की कार्यवाही की गई। इसमें बिना हेलमेटध्सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, मोबाइल का प्रयोग, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना तथा अन्य नियम उल्लंघन की स्थितियों पर कार्यवाही शामिल रही। शामली यातायात पुलिस द्वारा यह जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके तथा जनपद में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके।

ध्वजारोहण कर पुलिस झंडा दिवस उत्साह से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन शामली स्थित क्वार्टर गार्ड पर एसपी एनपी सिंह ने ध्वजारोहण कर पुलिस झंडा दिवस को गरिमा और उत्साह के साथ मनाया। एसपी ने डीजी का संदेश सुनाते हुए पुलिसकर्मियों को शपथ ग्रहण भी कराई।

रविवार को निर्धारित समय पर एसपी एनपी सिंह क्वार्टर गार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने ध्वजारोहण कर सलामी ली और समारोह की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर परेड दस्ते द्वारा सुसज्जित एवं अनुशासित टर्नआउट प्रस्तुत किया गया। ध्वजारोहण के बाद एसपी ने पुलिस महानिदेशक के संदेश को उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष पढ़कर सुनाया। एसपी ने कहा कि पुलिस ध्वज केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि यह प्रत्एक पुलिसकर्मी के कर्तव्य, अनुशासन, निष्ठा और देशभक्ति का प्रतीक है। इसलिए सभी पुलिसकर्मी अपने दैनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा और गौरव को अक्षुण्ण रखें। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस बल आधुनिकता, संवेदनशीलता और प्रोफेशनलिज्म के साथ जनपद शामली की कानून-व्यवस्था एवं जनसेवा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा। समारोह में सीओ थानाभवन जितेंद्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

कांधला। रविवार को थाना प्रांगण में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने क्वार्टर गार्ड पर सम्मानपूर्वक पुलिस ध्वज फहराया। इसके बाद उन्होंने सभी उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी।निरीक्षक सतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया और पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के अतुलनीय शौर्य, निष्ठा और उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मानस्वरूप भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 23 नवंबर 1952 को लाल और नीले रंग का पुलिस ध्वज प्रदान किया था। उसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 23 नवंबर को पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है।इस अवसर पर सभी पुलिस कर्मियों ने राष्ट्र सेवा, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनता

की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी उपनिरक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

हत्या की आशंका

बागपत। बावली गांव निवासी 25 वर्षीय शुभम का शव अंबाला कैंट के पास रेलवे ट्रैक पर मिला है। शुभम पिछले पांच साल से अंबाला स्थित एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी के तौर पर कार्यरत था।

परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है। शुभम के पिता रविंद्र, जो बावली गांव के किसान हैं, ने बताया कि उन्हें शुभम का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की सूचना मिली थी। अंबाला पहुंचने पर उन्हें पता चला कि शुभम के सिर पर गंभीर चोटें थीं। परिजनों का आरोप है कि शुभम की हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, अंबाला जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) के अनुसार, शुभम रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया था।

पत्ती के ढेरों में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। कोल्हू के बाहर पड़े पत्ती के कई ढेरों में आग लग जाने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक हजारों रुपयों कीमत की खोई और पात्ती जलकर राख हो चुकी थी।

मंगलौर मार्ग पर नगर निवासी वाजिद का गन्ना कोल्हू है। रविवार की दोपहर कोल्हू पर रोजाना की भांति काम हो रहा था। इसी दौरान अचानक वहां पड़े पात्ती के ढेर में आग लग गई और देखते ही देखते यह आग एक ढेर से दूसरे और दूसरे से तीसरे में लग गई। धुआ और आग की लपटे उठती देख मौके पर अफरा तफरी मच गई। तुरंत घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक वहां पड़ी पात्ती और खोई जलकर राख हो चुकी थी।

दमकल अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि कोल्हू में भट्टी से ही निकली किसी चिंगारी के कारण पत्ती के ढ़ेर में आग लग गई थी जिस पर समय रहते सूचना पर पहुंची टीम ने काबू पा लिया गया।

वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा को दारूल उलूम ने जारी की गईड लाईन

दारूल उलूम के मोहतमिम बोले: उम्मीद पोर्टल पर जल्द अपलोड करें वक्फ सम्पत्तियों की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। उम्मुल मदारिस दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम व राब्ता मदारिस इस्लामिया अरबिया के अध्यक्ष मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने देश भर में चल रहे मदरसों के जिम्मेदारों से समस्त वक्फ संपत्तियों का ब्यौरा सरकारी गाइडलाइन के अनुसार उम्मीद पोर्टल पर अवश्य अपलोड किए जाने की अपील की है। कहा कि यह वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम है।



मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने रविवार को राब्ता मदारिस इस्लामिया अरबिया के सभी राज्यों के अध्यक्ष, एग्जीक्यूटिव सदस्यों और देश भर में चल रहे मदरसों के जिम्मेदारों से वक्फ प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए कदम उठाने हेतु गाइडलाइन जारी की है। मुफ्ती नौमानी ने कहा कि देश में वक्फ संपत्ति की सुरक्षा का मामला नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है, वक्फ अमेंडमेंट एक्ट-2025 के तहत आगामी पांच दिसंबर तक सभी रजिस्टर्ड वक्फ की जानकारी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करना कानूनी तौर पर जरूरी है। कहा कि वक्फ अमेंडमेंट एक्ट-2025 के सेक्शन 3 के मुताबिक वक्फ बोर्ड में पहले से रजिस्टर्ड सभी मदरसों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों, दरगाहों, इमामबड़ों और दूसरी वक्फ प्रॉपर्टी की सारी मौजूदा जानकारी और डेटा उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर करना जरूरी है, ऐसा न करने पर इन प्रॉपर्टी की कानूनी सुरक्षा गंभीर रूप से खतरे में पड़ सकती है। इतना ही नहीं उन्हें रजिस्टर्ड वक्फ के कानूनी दर्जे से भी वंचित किया जा सकता है।

मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी ने कहा कि सभी जिम्मेदार क्षेत्रीय स्तर पर हेल्प डेस्क बनाकर रजिस्टर्ड वक्फ का पूरा डेटा इक;ा करें और इसे धार्मिक व राष्ट्रीय कर्तव्य मानते हुए व्यवस्थित तरीके से पोर्टल पर अपलोड करें।

उन्होने कहा कि जो प्रॉपर्टी वक्फ बोर्ड में रजिस्टर्ड नहीं हैं उन्हें उम्मीद पोर्टल पर शामिल नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी जिम्मेदार सिर्फ वही प्रॉपर्टी पोर्टल पर अपलोड कराए जो असली वक्फ है और वक्फ बोर्ड में पहले से रजिस्टर्ड है।

मौलाना अरशद मदनी के बयान के समर्थन में उतरे उलेमा

उलेमा ने वर्तमान में देश में उपजे हालात का आईना बताया, मौलाना मदनी के बयान को ठहराया सही

मुफ्ती असद कासमी व कारी इसहाक गोरा ने किया समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के यूनिवर्सिटी के मुस्लिम चांसलरों पर होने वाली कार्रवाई को लेकर दिए गए बयान पर राजनीति गरमा गई है। एनडीए ने मदनी के बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया है, वहीं उलमा ने समर्थन करते हुए मदनी के बयान को वर्तमान में देश में उपजे हालात का आईना बताया है।

मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि मुसलमानों को लेकर हुकुमत का जो रवैया है वे किसी से छिपा नहीं है, मुल्क में मुस्लिमों के खिलाफ लगातार जो कार्रवाई हो रही है उसे सब जानते हैं। उन्होंने मौलाना अरशद मदनी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है मुसलमानों के अंदर सलाहियत (योग्यता) न हो या शिक्षा के हिसाब से वे कमजोर हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि मुल्क के अंदर मुसलमानों के साथ दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली के हरियाणा भवन में एक कार्यक्रम के दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात के दौरान देश में उपजे हालात पर चर्चा की थी। उन्होंने इसे गंभीरता से लिए जाने का आश्वासन दिया था। जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि मौलाना अरशद मदनी हमारे बुजुर्ग हैं और बड़े आलिम हैं, उन्होंने जो बात कही है वह बहुत सोच समझ कर कही है, वो बहुत पहले से हालत देखते आ रही है। इसलिए उनकी कोई बात खाली नहीं हो सकती। बता दें कि जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने देश के अंदर मुस्लिमों की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने सरकार की मुस्लिम विरोधी नीति पर जमकर कटाक्ष करते हुए था कि मुस्लिम होने के कारण अल फलाह यूनिवर्सिटी के चांसलर, पूर्व केबिनेट मंत्री आजम खां और ग्लोकल यूनिवर्सिटी के चांसलर इकबाल के साथ क्या हो रहा है सब जानते हैं। हिंदुस्तान के अंदर किसी यूनिवर्सिटी का चांसलर कोई मुस्लिम नहीं बन सकता।



थाने में नहीं मिली खामी

अफजलगढ़। सीओ को रेहड़ थाने के निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की कोई खामी नहीं मिली। उन्होंने स्टाफ को व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने एवं जनशिकायतों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। प्राप्त समाचार के अनुसार सीओ आलोक कुमार सिंह ने थाना रेहड़ का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के कार्यालय, भोजनालय, परिसर, बैरकें, मालखाना, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, राजकीय संपत्ति आदि का मुआयना करते हुए बहुत कुछ ओके पाया।थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी व सहयोगी पुलिस स्टाफ की कार्यशैली को सराहा। सीओ आलोक कुमार सिंह ने व्यवस्था को अधिक बेहतर कार्य हेतु अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी सहित उपनिरीक्षकों बलवीर सिंह, सोनू कुमार आदि रहे।

अचलवीर का बीमारी से निधन

नांगल सोती। क्षेत्र के बड़े किसान और समाजसेवी अचलवीर सिंह का इलाज के दौरान निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। ग्राम सराय आलम निवासी कामरेड ब्रजवीर सिंह के पुत्र अचलवीर सिंह (53 वर्ष) लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। उनका मेरठ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान लगभग नौ बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नांगल गंगा घाट पर कर दिया। उनकी अंतिम यात्रा में कामरेड रामपाल सिंह, कामरेड विजय शर्मा, माकपा के जिला मंत्री विजेंद्र सिन्हा, विजय सिंह, संदीप कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

नाले को गलत स्थान पर बनाने का आरोप

कोतवाली देहात। क्षेत्र के ग्राम थंबू चाऊ उर्फ थंबूवाला के ग्रामीणों ने ग्राम में बन रहे नाले को गलत स्थान पर बनाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। ग्रामीणों ने ग्राम के कई लोगों पर सड़क में अतिक्रमण करने का आरोप भी शिकायती पत्र में लगाया। ग्राम थंबूवाला में जिला पंचायत के द्वारा नाला बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाले को अतिक्रमण के बीच सड़क में बनाया जा रहा है। इसके चलते सड़क पतली हो जाएगी। इस मार्ग पर सहकारी समिति के ट्रकों की आवाजाही रहती है। इस मार्ग से कई गांव के ग्रामीण निकलते हैं। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर हठधर्मिता करने का आरोप लगाते हुए नाले को सही स्थान पर बनवाने की मांग की है। शिकायती पत्र भेजने वालों में ग्रामीण कपिल त्यागी, महेश त्यागी, रूपेश त्यागी आदि शामिल रहे ।

कांग्रेसियों ने लगाई हैल्प डेक्स

नहटौर। ग्राम कश्मीरी में आज दोपहर करीब एक बजे कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में जिला सचिव सुकेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम, जसराम सिंह के सहयोग से एसआईआर हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और फार्म भरने में मदद की गई। इस मौके पर कांग्रेसियों ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस कार्य को कराया जा रहा है। शुद्ध मतदाता सूची के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। फार्म भरने के दौरान बीएलओ द्वारा मांगी जा रही जानकारी को अवश्य उपलब्ध कराए। इस मौके पर कुंवरपाल सिंह, पुखराज सिंह, बिगुल कुमार, रतिराम सिंह गोलू सिंह, दीपक कुमार, अनिल कुमार आदि ने भाग लिया।

सर्दी में रहे सावधान : डॉ. सुरेश

सहसपुर। ठंड का मौसम शुरू हो गया है और इस समय अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसी विषय पर नगर के मौहल्ला सराय कला निवासी समाजसेवी एवं वर्मा हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. सुरेश कुमार वर्मा ने बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य के हित में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों व बुजुर्गों के लिए गर्म कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। डॉ. सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि नियमित व्यायाम सभी को नियमित व्यायाम करने के लिए प्रोत्साहित करें। योग के साथ-साथ गर्म पेय पदार्थ पेय पदार्थ दें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली स्वस्थ अपनाएं।

पुलिसकर्मियों में अनुशासन जरूरी

हल्दौर। थाना परिसर में पुलिस झंडा दिवस बड़े गर्व और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पुलिस स्टाफ ने अनुशासन और उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि प्रदेश में प्रतिवर्ष 23 नवंबर को पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1952 में इसी दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को उसके अद्वितीय योगदान और उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मानस्वरूप पुलिस ध्वज एवं पुलिस कालर प्रदान किया था। इसी अवसर पर पीएसी बल को भी ध्वज से सम्मानित किया गया था। यूपी पुलिस के गौरवमयी इतिहास में 23 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर थाना परिसर में ध्वज को शस्त्र सलामी दी गई और पुलिस जवानों ने कर्तव्यनिष्ठा, सेवा तथा समर्पण की शपथ दोहराई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह, दरोगा सुरेंद्र सिंह, अन्नु पंवार, चेतन सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रहित और सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के संदेश के साथ किया गया।

पेरूवाला में गुलदार के शावक मिले

कोतवाली देहात। ग्राम पेरूवाला निवासी हरपाल सिंह का खेत ग्राम के निकट ही है। आज जब ग्रामीण खेत में काम करने पहुंचे, तब उन्हें गुलदार के दो शावक मिले। शावक 4-5 दिन पहले जन्मे लग रहे थे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश काकरान, धर्मपाल सिंह, हरीराज सिंह, ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह आदि मौके पर पहुंच गए। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को दूर भेज दिया तथा दोनों शावकों को उसी स्थान पर रखवा दिया। जिस स्थान पर ग्रामीणों को मिले थे। इसके लगभग एक घंटे बाद मादा गुलदार दोनों शावकों को कहीं दूसरे स्थान पर ले गई। शावक मिलने के बाद ग्रामीण भयभीत हैं। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गांव में पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है।

मिशनरी पत्रकारिता का आह्वान

झालू। आदर्श प्रेस क्लब की बैठक में मिशनरी पत्रकारिता करने का आह्वाहन करते हुए कहा गया किपत्रकारों को समाज में आगे बढ़कर पीड़ितों, शोषितों के हक की लड़ाई लड़ते रहना होगा। आदर्श प्रेस क्लब कार्यालय पर क्लब के अध्यक्ष अनिल चौधरी की अध्यक्षता तथा सचिव अभिषेक अग्रवाल के संचालन में बैठक में पत्रकारों ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में क्षेत्रीय अखबारों तथा पत्रकारों का महत्व बहुत बढ़ गया है। क्षेत्रीय अखबारों और पत्रकारों ने लोग का विश्वास कायम कर रखा है तथा वह व्यवसायिककरण के इस दौर में भी अनेक परेशानियों से जूझते हुए मिशनरी पत्रकारिता का परचम बुलंद किए हुए है। बैठक में आह्वान किया गया कि हमें शोषितों पीड़ितों तथा पिछड़े लोगों की आवाज शासन प्रशासन तक अपने कलम की माध्यम से पहुंचाकर उन्हें उनका हक दिलाना होगा तथा पीत पत्रकारिता से बचना होगा। यह कार्य केवल तभी संभव है, जब हम पत्रकारिता को ईमानदारी और निस्वार्थ भाव से करेंगे। आज कुछ पत्रकारों ने इसे अपना व्यवसाय बना लिया है, जो दूसरों को भी बदनाम कर रहे हैं। इससे हर एक को बचाना चाहिए। बैठक के अंत में पत्रकार लव अग्रवाल की माता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमेश्वर से दिवाग्त आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दारुण दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। बैठक को अनिल चौधरी , अभिषेक अग्रवाल, तुवासिन कस्सार, खालिद परवेज बिट्टन, रोहित जोशी,गौरव शर्मा, शुभम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल,गौरव अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

हॉस्पिटल में महिला की मौत, हंगामा

नूरपुर रोड स्थित एमएस हॉस्पिटल के बाहर लगी भारी भीड़ को पुलिस ने हटाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। एमएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने एमएस हॉस्पिटल के चिकित्सक व स्टाफ पर ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप लगा कर अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल हंगामा शांत कराया। जनपद के हॉस्पिटलों में आपरेशन के दौरान मौतें होने के मामले लगातार सामने आ रहे है। जिससे मरीजों व तीमारदारों में दहशत का माहौल है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हल्दौर के मौहल्ला जामुनवाला निवासी संदीप कुमार की पत्नी पूजा की तबीयत खराब चल रही थी। उन्हें पेट में दर्द की शिकायत हो रही थी। इस बीच शुक्रवार को नूरपुर रोड पर स्थित एम एस हॉस्पिटल में पूजा को भर्ती कराया था। एमएम हॉस्पिटल के चिकित्सक ने पूजा की जांच करने के बाद उसके परिजनों को बताया था कि पूजा के गर्भाशय में गांठ है। चिकित्सकों ने परिजनों की ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी। एमएस हॉस्पिटल के चिकित्सक ने मरीज पूजा का ऑपरेशन भी कर दिया। लेकिन ऑपरेशन के बाद पूजा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। चिकित्सक ने मरीज पूजा को इमरजेंसी वार्ड में भेज दिया। वहां पर उसकी मौत हो गई।

उसकी मौत की खबर से परि. जनों में कोहराम मच गया। मौत की सूचना मिलने पर परिजन ने हॉस्पिटल पर पहुंच कर ऑपरेशन मे लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए वहां पर हंगामा किया। हॉस्पिटल के सामने भारी भीड़ लग गई। हंगामे की सूचना पर शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को शांत कराया।

आरोप है कि खून कम होने के बावजूद चिकित्सक ने आपरेशन कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि चिकित्सक ने पूजा की ऑपरेशन से पहले जरूरी जांच कराई थी। जांच में मरीज का खून कम था। परिजनों ने कम खून होने पर ऑपरेशन करने को मना कर दिया था। चिकित्सक ने परिजनों से कहा कि कम खून होने से मरीज को कोई दिक्कत नहीं होगी। इसके बावजूद भी ऑपरेशन कर दिया। बताते है कि ऑपरेशन के बाद महिला मरीज पूजा की अचानक तबियत बिगड़ गई। चिकित्सक व स्टॉफ ने हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने परिजनों को सही जानकारी भी नहीं दी।

शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि एम एस हॉस्पिटल पर हंगामा की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर महिला के परिजनों को समझ कर शांत किया गया। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

दो छात्राओं के रहस्यमय ढंग से लापता होने से पुलिस बेहद परेशान

बिजनौर। दो छात्राओं के रहस्यमय ढंग से लापता होने होने के बाद उनको बरामद करने का पुलिस पर भारी दबाव है। जिससे पुलिस परेशान है। गंभीर बात यह है कि जनपद में सबसे ज्यादा मामले छात्राओं व युवतियों के अपने प्रेमियों के साथ फरार होने के हैं। अभिभावक अपने बच्चों पर नजर नहीं रखते है और बाद में जब कोई अनहोनी हो जाती है, तो पुलिस पर दबाव डालते है। प्राप्त समाचार के अनुसार जिला मुख्यालय से सटे ग्रामीण इलाकों की दो छात्राओं के एक ही दिन रहस्यमय तरीके से लापता हो जाने से पुलिस की चिंता बढ़ गई है। दोनों बिजनौर के एक कॉलेज में कक्षा नौ और कक्षा 12 की छात्रा हैं और आपस में घनिष्ठ मित्र बताई जाती हैं। 15 नवंबर को दोनों अचानक गायब हो गईं। जिसके बाद से पुलिस उनकी तलाश में लगातार जुटी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है। पहली लड़की के परिजनों ने उसकी बरामदगी की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदाधिकारियों के साथ मिलकर थाना कोतवाली शहर में टेंट लगाकर कई दिनों तक धरना दिया। धरने के दौरान पुलिस अधिकारियों से उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई। काफी प्रयासों और समझाने के बाद पुलिस धरना समाप्त कराने में सफल हुई।

दूसरी छात्रा का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। परिजन आरोप लगा रहे हैं कि उनकी मजबूरी और खामोशी को पुलिस ने उनकी कमजोरी समझ लिया, जिसके चलते पुलिस उनके साथ सख्ती बरत रही है। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने उनके कई रिश्तेदारों को कई-कई दिन तक अवैध हिरासत में रखा, यहां तक कि छात्रा के भाई और अन्य रिश्तेदार सात दिनों से पुलिस हिरासत में हैं। परिवार का आरोप है कि पुलिस की पूछताछ और दबाव के कारण छात्रा की मां की तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पिता इकरामुद्दीन का कहना है कि हम गरीब लोग हैं। हमारी बेटी लापता है। हम पुलिस का हर तरह से सहयोग कर रहे हैं, फिर भी पुलिस उसे ढूंढ़ने के बजाय हम पर ही जुल्म कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि परिवार का उत्पीड़न नहीं किया जा रहा, बल्कि छात्रा की तलाश में जरूरी पूछताछ और सहयोग लिया जा रहा है। दोनों छात्राओं की बरामदगी अभी तक नहीं हो सकी है और पुलिस टीमें लगातार सुराग जुटाने में लगी हुई हैं।

राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव

छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में वार्षिकोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया।

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना के उपरांत स्वागत गीत, राष्ट्रभक्ति गीत, पर्यावरण जागरूकता, मद्य निषेध, नारी सशक्तिकरण, राष्ट्रीय एकता, हास्य व्यंग्य, सोशल मीडिया जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न प्रांतों की झांकियां प्रस्तुत की। बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राहिल जहां, अर्शिल, रहमत, साक्षी, कनक, गरिमा, जोया, आदित्य, कृष्णा, जसप्रीत ने प्रतिभाग किया। अध्यक्षता एड. ओमपाल सिंह ने की व संचालन अरुण दीक्षित ने किया।

प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि उनका शिक्षण संस्थान निर्धारीत पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एड. ओमपाल सिंह ने कहा कि देहात क्षेत्र के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने बहुत प्रभावित किया है। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, रोशन सिंह, हेमराज राजपूत, पूजा कुमारी, करण सिंह, पूर्व नौसैनिक रविन्द्र काकरान, गौतम कुमार, महेंद्र सिंह, रामबली, दिव्यांजलि, योगाचार्य अरुण राजपूत, लक्ष्मी, धर्मेंद्र कुमार, शाजिया खान, अनिता त्यागी, शिल्पी वर्मा, नसीम अहमद, प्रमोद कुमारी, अक्सा राजप. ूत, रजनीश सागर आदि मौजूद रहे। बड़ी संख्या में अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

चंदक रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के निर्माण की आस जगी

सोनू आदित्य

नजीबाबाद। चंदोक रेलवे स्टेशन पर मौजूद रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी पर अंडरपास की जगह रोड ओवर ब्रिज बनेगा।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय को भेजी एक शिकायत में चंदोक रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी पर अंडर पास बनाए जाने की मांग रेल मंत्रालय की थी। बताया था कि नजीबाबाद लक्सर मार्ग स्थित चंदोक रेलवे स्टेशन पर मौजूद रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी जो कि सहायक मंडल अभियंता रुड़की के अधीन आता हैं। यह व्यस्ततम मार्ग है तथा आए दिन यहां पर जाम लगता रहता है। गन्ने का सीजन शुरू हो चुका है और गन्ने के ट्रक भी बड़ी संख्या में जा रहे हैं और उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर 24 घंटे में लगभग 120 ट्रेन अप और डाउन गुजरती हैं। पत्र में कहा था कि सुरक्षित आवागमन के लिए यहां पर आरओबी या अंडरपास का निर्माण बेहद जरूरी है।

इसी परिपेक्ष में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में तैनात अपर मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद परितोष गौतम ने पूर्व में इस संबंध में की गई एक शिकायत के बारे में लिखित में बताया कि रेलवे बोर्ड की पावर में वर्ष 2026-27 के लिए लेवल कासिंग 495/बी पर आरओबी का कार्य प्रस्तावित है और स्वीकृति के पश्चात कार्य शीघ्र प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

भारत ने दृष्टिबाधित महिला विश्वकप जीता

फाइनल में दिखा दृष्टिबाधित भारतीय टीम का दबदबा, नेपाल को सात विकेट से हराया

कोलंबो, वार्ता। भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने टी-20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टि बाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी। भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने

पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस टूर्नामेंट की सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती दौर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीत सकी थी। टीम ने अमेरिका को हराया था। पाकिस्तान की मेहरीन अली छह टीमों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 600 से ज्यादा रन बनाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों पर 230 रन बनाना शामिल है। मेहरीन ने इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ 133 रन बनाए थे।

अभिनव देशवाल ने 25मी पिस्टल इवेंट में जीता गोल्ड

टोक्यो, वार्ता। भारत के अभिनव देशवाल ने रविवार सुबह यहां चल रहे डेफलम्पिक्स के 9वें दिन 25मी पिस्टल मेन्स इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। साउथ कोरिया की लीना सेउंग ह्वा ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि यूक्रेन के फोमिन सेरही ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। एक और भारतीय शूटर, चेतन हनमंत सपकाल, 5वें स्थान पर रहे। क्वालिफायर में 600 में से 575 के साथ क्वालिफिकेशन वर्ल्ड रिकॉर्ड और क्वालिफिकेशन डेफलम्पिक्स रिकॉर्ड की बराबरी करने के बाद अभिनव 25मी पिस्टल मेन्स इवेंट के फाइनल में पहुंच गए थे।

केएल राहुल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में कप्तानी करेंगे

● इंजर्ड श्रेयस शुभमन बाहर कोहली-रोहित 9 महीने बाद घर में इंटरनेशनल मैच खेलेंगे

गुवाहाटी, वार्ता। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। इंजर्ड कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान श्रेयस अय्यर और आलराउंडर हार्दिक पांड्या इस सीरीज से बाहर हैं। वनडे टीम की कप्तानी विकेटकीपर केएल राहुल संभालेंगे। वहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते दिखाई देंगे। जसप्रीत बुम. राह को आराम दिया गया है।

3 वनडे की सीरीज 30 नवम्बर से शुरू होनी है। टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से खेली जाएगी, लेकिन इसके लिए टीम घोषित नहीं की गई। विकेटकीपर केएल राहुल तीनों फार्मेट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही टीम की वनडे में कप्तानी की थी, जिसमें भारत को 8 विकेट से हार मिली थी। उन्होंने 12 वनडे में टीम की कप्तानी की है। 8 में भारत को जीत और 4 में हार मिली। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। पहली पारी में बैटिंग के दौरान स्वीप शाट खेलने के बाद उन्हें गर्दन में खिंचाव महसूस हुआ। जिसके बाद वे रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्हें हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां सामने आया कि वे क्रिकेट खेलने के लिए फिलहाल फिट नहीं हैं। शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में बैटिंग करने के दौरान इंजर्ड हो गए थे। श्रेयस आस्ट्रेलिया में इंजर्ड हुए टीम इंडिया अक्टूबर में आस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 खेलने गई थी। वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में उप कप्तान श्रेयस अय्यर कैच लेने की कोशिश में इंजर्ड हो गए। वे कैच लेते हुए अपने कंधे के बल गिरे, जिस कारण उन्हें गंभीर चोट लग गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनका अगले साल मार्च तक क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर पाना मुश्किल है। हार्दिक पांड्या एशिया कप में चोटिल हुए आलराउंडर हार्दिक पांड्या एशिया कप में चोटिल हो गए थे। इसी साल सितम्बर में सुपर-4 स्टेज मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। जिस कारण वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल भी नहीं खेल सके थे। हालांकि, टीम इंडिया ने 5 विकेट से मुक. ाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया था। अगले साल फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप होना है, बीसीसीआई उससे पहले हार्दिक की फिटनेस पर पैनी नजर रखे हुए हैं। माना जा रहा है कि वे 26 नवम्बर से सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्राफी में कुछ मैच खेलेंगे। यहां उनकी फिटनेस जांचने के बाद ही उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट में उतारा जाएगा। हार्दिक पांड्या सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट से मैदान पर वापसी कर सकते हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल मैच खेलते नजर आएंगे। दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार फरवरी में घरेलू मैदान पर वनडे सीरीज खेली थी। फिर दुबई में चौंपियंस ट्राफी जीतने के बाद दोनों ने पिछले महीने आस्ट्रेलिया में खेले थे।

संक्षिप्त खेल समाचार

सत्र को जीत के साथ समाप्त कर अच्छा लगा: लक्ष्य सेन

सिडनी, वार्ता। ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन ने आज कहा कि सत्र को जीत के साथ समाप्त कर अच्छा लग रहा है। इंडिया के टॉप रैंक वाले पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, जो 14वें नंबर पर हैं, ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में जापान के वर्ल्ड नंबर 26 युशी तनाका को 21-15, 21-11 से हराया। इस जीत के बाद लक्ष्य ने कहा," मैंने इस सीजन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं, सीजन की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं, लेकिन मैंने पूरे सीजन में अपनी मेहनत जारी रखी और मैं सीजन को अच्छे नोट पर खत्म करके बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं, अब अगले सीजन का इंतज़ार कर रहा हूं और मैं आज और इस हफ्ते जिस तरह से खेला, उससे सच में बहुत खुश हूं।

जर्मनी को हराकर डेविस कप फाइनल में पहुंचा स्पेन

स्पेन, वार्ता। स्पेन यहां जर्मनी पर 2-1 से जीत के बाद छह साल में पहली बार डेविस कप फाइनल में पहुंचा। छह बार के डेविस कप चैंपियन शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 से सेमीफाइनल जीत के साथ आगे बढ़े, जब मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज की डबल्स जोड़ी ने केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुट्ज़ को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। स्पेन का सामना रविवार को मेजबान और डिफेंडिंग चैंपियन इटली से होगा। इटली शुक्रवार के सेमीफाइनल में बेल्जियम पर जीत के साथ फाइनल में पहुंचा था। कैप्टन डेविड फेरर की टीम, चोटिल दुनिया के नंबर 1 कार्लोस अल्काराज के बिना, अपने डबल्स स्पेशलिस्ट, 39 साल के फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन चैंपियन ग्रैनोलर्स और उनके पार्टनर मार्टिनेज का शुक्रिया अदा कर सकती है।

अनाहत ने जीता इंडियन ओपन स्कवैश का खिताब

● जोशना चिनप्पा की कड़ी टक्कर के बावजूद अनाहत ने 5वां मैच जीत लिया और इस सीजन का का अपना तीसरा टाइटल जीता

इंदौर, वार्ता। भारतीय स्क्वैश की होनहार खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शनिवार को इंदौर में अपनी सीनियर हमवतन जोशना चिनप्पा को हराकर एसआरएफआई इंडियन ओपन 2025 पीएसए चैलेंजर महिला खिताब जीता। डेली कॉलेज में मुकाबला कर रही, टॉप सीड और दुनिया की 33वें नंबर की महिला स्क्वैश खिलाड़ी, अनाहत सिंह ने अपनी ज़डादा अनुभवी और बिना सीड वाली विरोधी के खिलाफ 54 मिनट में 3-2 (11-8, 11-13, 11-9, 6-11, 11-9) से फाइनल जीता। 17 साल की अनाहत ने पहले गेम में शानदार शुरुआत की और 7-4 से आगे हो गईं। हालांकि 39 साल की अनुभवी जोशना, जो दो बार की एशियन चैंपियन हैं, ने कुछ देर के लिए कंट्रोल करके 8-7 की बढ़त बना ली, लेकिन अनाहत ने बिना जवाब दिए चार पॉइंट्स के साथ गेम जीत लिया। अनाहत ने दूसरे गेम में भी इसी मोमेंटम को बनाए रखा और 10-7 से आगे हो गईं। हालांकि, जोशना ने और ज़ोर लगाया, लगातार चार पॉइंट्स बनाकर 11-10 से आगे होने से पहले 13-11 से गेम अपने नाम कर लिया। मैच तीसरे गेम में भी इसी तरह जारी रहा, जोशना 9-8 से आगे थीं, इससे पहले अनाहत सिंह ने लगातार तीन पॉइंट जीतकर मैच 2-1 कर दिया।

खिताब दांव पर होने के साथ, जोशना ने चौथे गेम की शुरुआत में कंट्रोल हासिल कर लिया और 4-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इसे 9-2 तक बढ़ाया और हालांकि अनाहत ने लगातार चार पॉइंट बनाए, लेकिन यह निर्णायक मुकाबला रोकने के लिए काफी नहीं था। हालांकि, मुंबई में इंडियन ओपन इवेंट और चेन्नई में एसआरएफआई इंडियन टूर टाइटल के बाद जोशना चिनप्पा

की कड़ी टक्कर के बावजूद अनाहत ने पांचवां गेम जीत लिया और इस सीजन का अपना तीसरा टाइटल जीत लिया। कुल मिलाकर, यह अनाहत सिंह का सिर्फ 20वें पीएसए इवेंट में 13वां पीएसए टाइटल था। दोनों भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी मार्च में मुंबई में हुए इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी आमने-सामने हुए थे, जिसे अनाहत सिंह ने 3-1 से जीता था। इससे पहले इंदौर में हुए सेमीफाइनल में, अनाहत सिंह ने आयरलैंड की हन्ना क्रेग को 3-2 (11-4, 10-12, 9-11, 11-6, 11-4) के स्कोर से हराकर जीत हासिल की। इस बीच, जोशना ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में ि की दूसरी सीड नाडियन एल्हममी को 3-1 (7-11, 11-5, 11-7, 11-7) से हराया। पिछले महीने कैनेडियन विमेंस ओपन में, अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड की वर्ल्ड नंबर 10 जॉर्जिना केनेडी से हारने से पहले सातवीं रैंक की टिने गिलिस और दुनिया की 20 नंबर की मेलिसा अल्वेस को हराया था।

मेरे लिए सचमुच यह एक खास पल है: सेनुरन

● मुझे खुशी है कि मैं टीम में अपना योगदान दे सका

गुवाहाटी, वार्ता। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को शानदार शतक बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज सेनुरन मुथुसामी ने कहा कि यह उनके लिए सचमुच यह एक घस पल है। मुथुसामी ने 109 रन बनाए जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 489 रन का विशाल स्कोर खघ किया। दिन के खेल के बाद मुथुसामी ने कहा कि इतने भरे हुए हाउस के सामने यह सच में एक खास पल था। मुझे खुशी है कि मैं टीम में अपना योगदान दे सका और पहली इनिग्स में कुछ रन बना सका, जो हमेशा जरूरी होता है। यह (प्लान) बस पार्टनरशिप बनाने और इनिग्स को आगे बढ़ाने और फिर बीच में रन बनाने का था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि स्कोल्सी (वेरेन) ने आज सच में बहुत अच्छा किया और मार्को स्पेशल था। और दूसरे लोगों ने भी योगदान दिया, जो बहुत बढ़िया था। यानसन के लंबे छक्कों पर मुथुसामी ने हैरानी जताते हुए कहा कि ओह, यह अविश्वसनीय था। मुझे हाउस में सबसे अच्छी सीट मिली थी। वह स्पेशल था। स्पेशल बॉल स्ट्राइकिग। यह उसकी तरफ से शानदार था। यह बहुत बढ़िया था। पगबाधा कॉल को सफलतापूर्वक रिव्यू करने पर उन्होंने कहा कि मैं सच में बहुत निराश था। और जब मैं स्कोल्सी के साथ खड़ा था, तो मैंने कहा कि तुम्हें पता है, यह शायद मेरे ग्लब से छू गया होगा।

द. अफ्रीका पहली पारी में 489 पर ऑलआउट

गुवाहाटी, वार्ता। कुलदीप यादव ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को शतक की ओर बढ़ रहे मार्को यानसन (93) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी का 489 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए नौ रन बना लिए है। केएल राहुल दो और यशस्वी जयसवाल सात रन बनाकर क्रीज पर है। भारत के लिए कल तीसरा दिन बहुत चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि मेजबान टीम के सामने दक्षिण अफ्रीका का विशाल स्कोर होगा। कुलदीप ने आज 152वें ओवर की पहली गेंद पर मार्को यानसन को आउटकर दिन का अपना यह पहला विकेट झटककर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 489 रन के स्कोर पर अंत किया। मार्को यानसन ने 91 गेंदों में सात छक्के मारे और छह चौके लगाते हुए 93 रनों की पारी

● दूसरे टेस्ट का दूसरा दिन-अब नजरें भारतीय बल्लेबाजों पर, स्कोर 9/0

खेली। कुलदीप ने चार विकेट लिए, और जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले। दक्षिण अफ्रीका की पारी में केवल साइमन हार्मर ही एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जो दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सके वरना अन्य सभी 10 बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा पार किया। दक्षिण अफ्रीका की पारी में 21 अतिरिक्त रनों का भी योगदान रहा। इससे पहले भोजनकाल के बाद 139वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने शतकवीर सेनुरन मुथुसामी जयसवाल के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। सेनुरन मुथुसामी ने 206 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 109 रनों की पारी खेली।

जयपुर ने कश्मीर चैलेंज कप के फाइनल में जगह पक्की की

● कश्मीर चैलेंज कप में थंडरबोल्ट टीम पर 13-02-05 से शानदार जीत दिलाई

जयपुर, वार्ता। जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार परफॉर्मेंस दिया, शानदार नौ गोल करके जयपुर पोलो टीम को कश्मीर चैलेंज कप में थंडरबोल्ट टीम पर 13-2-5 से शानदार जीत दिलाई, जिससे रविवार को कनोता पोलो के खिलाफ फाइनल में उनकी जगह पक्की हो गई। शुरुआती चक्कर से ही, पद्मनाभ सिंह ने अपनी शानदार सटीकता और कंट्रोल से माहौल बनाया, जयपुर के अटैक को लीड किया और पूरे मैच में लगातार दबाव बनाए रखा। उन्हें प्रणव कपूर का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने तीन गोल किए, और दक्षिण अफ्रीका के लांस वॉटसन ने एक और गोल करके जयपुर का स्कोर 13-2-5 कर दिया। मुश्किल के बावजूद, थंडरबोल्ट टीम ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, जिसमें लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान ने एक बार गोल किया। उनके 1-5 के हैंडीकैप को मिलाकर, थंडरबोल्ट ने कुल 2-5 गोल किए। जयपुर ने शुरू से ही मैच पर दबदबा बनाया, जल्दी ही बढ़त बना ली और सभी चक्करों में मजबूत बढ़त बनाए रखी। पद्मनाभ सिंह के शानदार नौ गोल मैच का सबसे अहम हिस्सा साबित हुए, क्योंकि जयपुर के आसान तालमेल और अटैकिंग मोमेंटम ने उन्हें आखिरी घंटी तक मजबूती से कंट्रोल में रखा। इस शानदार जीत के साथ, जयपुर पोलो टीम ने कश्मीर चैलेंज कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है, और टूर्नामेंट में आगे बढ़ते हुए अपने पक्के इरादे, स्किल और जबरदस्त जोश का परिचय दिया है।

बांग्लादेश ने आयरलैंड को 217 रनों से हराया और सीरीज भी जीती

● सीरीज में 13 विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा

बांग्लादेश, वार्ता। तैजुल इस्लाम और हसन मुराद (चार-चार विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन आयरलैंड को दूसरी पारी में 291 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 217 रनों से जीत लिया। इसी के बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। मुशफिकुर रहीम को 106 और नाबाद 53 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज मे 13 विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। आयरलैंड ने कल के छह विकेट पर 176 रन से आगे खेलना शुरु किया। आयरलैंड ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के समर्थन से जबरदस्त विरोध किया। कैमफर ने बहुत हिम्मत और पक्के इरादे के साथ बल्लेबाजी की और उन्हें निचले क्रम के बल्लेबाजों का भी समर्थन मिला। मेजबान टीम पहले सेशन में कुछ विकेट लेने में कामयाब रही। लेकिन उसके बाद कैमफर और होए ने बंगलादेश के गेंदबाजों को पसीना बहाने पर मजबूर कर दिया। सुबह के सत्र में तैजुल इस्लाम ने एंडी मैक्ब्राइन (21) को पगबाधा आउटकर बंगलादेश को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जॉर्डन नील ने कर्टिस कैमफर के साथ पारी को संभाला और आठवें विकेट के लिए 48 रन जोड़े। 82वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने जॉर्डन नील को बोल्डकर इस साझेदारी का अंत किया। जॉर्डन नील ने 46 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 30 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए गेविन होए ने कर्टिस कैमफर के साथ जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए बंगलादेश के गेंदबाजों को जीत के लिए तरसाए रखा। दोनों बल्लेबाजों के बीच नौवें विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी हुई। 114वें ओवर में हसन मुराद ने गो. विन होए को आउटकर आयरलैंड को नौवां झटका दिया। गोविन होए ने 104 गेंदों में चार चौकों की मदद से 37 रन बनाए। इसी ओवर की अगली गेंद पर हसन मुराद ने मैथ्यू हम्फ्रीज (शून्य) को आउटकर आयरलैंड की पारी का 291 रन के स्कोर पर अंत कर अपनी टीम को 217 रनों से जीत दिला दी। कर्टिस कैमफर 259 गें. दों में 71 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए तैजुल इस्लाम और हसन मुराद ने चार-चार विकेट लिए। मेहदी हसन मिराज और खलील अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

साइना-पीटर ने 'द लेजेंड्स' विजन-लेगेसी टूर इंडिया की शुरुआत की

आठ साल बाद भारत लौटे लेजेंड्स विजन का दिल्ली चैप्टर बेहद उत्साह के साथ शुरू हुआ

नई दिल्ली, वार्ता। दिल्ली में आज भारतीय बैडमिंटन के लिए एक यादगार दिन रहा, जब साइना नेहवाल और पीटर गेड ने सीरीफोर्ट डीडीए स्क्वैश एंड बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स में आयोजित ष्द लेजेंड्स' विजन - लेगेसी टूर इंडियाष की शुरुआत की। यह दिन विरासत, युवा ऊर्जा और उद्देश्य का ऐसा संगम लेकर आया, जिसने दिखाया कि जब महान खिलाड़ी अपने नन्हे चाहने वालों के साथ खड़े होते हैं, तो खेल की ताकत कई गुना बढ़ जाती है। आठ साल बाद भारत लौटे 'लेजेंड्स' विजन' का दिल्ली चैप्टर बेहद उत्साह के साथ शुरू हुआ। स्टेडियम शुरुआत से ही दर्शकों से भर गया था-जूनियर खिलाड़ी अपनी क्लब जर्सी में पहुंचे और परिवारों ने इसे एक उत्सव की तरह मनाया। जैसे ही साइना और गेड कोर्ट पर उतरे, चारों ओर गूं. जती तालियों ने साफ कर दिया कि शहर इस पल का लंबे समय से इंतज़ार कर रहा था। एम्बेसडर्स परुपल्ली कश्यप, आनंद पवार, अपर्णा पॉपट और सायली गोखले ने भी लेजेंड्स के साथ बच्चों के साथ मज़ेदार सत्र खेले, जिसमें लेजेंड्स और एम्बेसडर्स ने युवा खिलाड़ियों के साथ मिलकर कई दिलचस्प मुकाबले खेले। दिन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था ' ए रैकेट सेकंड लाइफ' का भारत में शुभारंभ। योनैक्स द्वारा लगाए गए दान बॉक्स में जब बच्चे और प्रशंसक अपने इस्तेमाल किए हुए रैकेट जमा करने लगे, तो इस पहल की असल भावना स्पष्ट दिखी-एक रैकेट, जो किसी ने कभी प्यार से इस्तेमाल किया, अब किसी ऐसे बच्चे के हाथों में जाएगा जिसे खेलने का मौका नहीं मिल पाता।

ऑन-कोर्ट सत्र पूरे कार्यक्रम की धड़कन थे। जूनियर खिलाड़ियों को साइना और गेड के साथ रैली खेलने का दुर्लभ अवसर मिला। लेजेंड्स ने उनके शॉट सुधारे, ग्रिप ठीक करवाई और कई बार सिर्फ बच्चों को उस अनुभव का आनंद लेने दिया-यह एक ऐसी मास्टरक्लास थी, जिसे बच्चे जिदगीभर याद रखेंगे। साइना नेहवाल ने कहा कि 'ये रैकेट सेकंड लाइफ' को भारत लाना मेरे लिए बेहद खास है। इस देश ने मुझे मेरा सफर दिया-कोच, प्रशंसक, सपोर्ट सिस्टम, सबकुछ। इसलिए अब जब मैं कुछ लौटाने की स्थिति में हूं, तो यह दिल से महसूस होता है। इस पहल की खूबसूरती यह है कि यह सिर्फ प्रोफेशनल या बड़े अकैडमियों के लिए नहीं है, बल्कि हर किसी के लिए है। हर फैन, हर खिलाड़ी सिर्फ एक रैकेट दान करके किसी बच्चे की जिदगी बदल सकता है। मेरा संदेश है-आपका रैकेट किसी का भविष्य बन सकता है। इस कहानी का हिस्सा बनें। पीटर गेड ने कहा कि शुरू से ही 'द लेजेंड्स' विजन' का मकसद था दुनिया को बैडमिंटन को नए नजरिए से देखने के लिए प्रेरित करना-सिर्फ मेडल और ट्रॉफियों से आगे बढ़कर। पिछले दस सालों में जागरूकता तो बढ़ी है, लेकिन असली मायने तब हैं जब जागरूकता कार्रवाई में बदलती है। यही वजह है कि भारत में उठाया गया यह कदम इतना महत्वपूर्ण है। 'ए रैकेट सेकंड लाइफ' इस वैश्विक मिशन को जमीन पर लाने जैसा है-बच्चों को उपकरण मिलना, समुदायों तक पहुंच बढ़ना, और ज़िदगियां बदलना। और इसे साइना द्वारा अपने देश में लीड किया जाना इसे और प्रभावशाली बनाता है। कार्यक्रम के अंत में, बच्चों ने दोनों लेजेंड्स के साथ अंतिम रैली खेली और यादगार पलों को कैमरे में कैद किया। यह दृश्य बताने के लिए काफी था कि यह दिन किस बारे में था-एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक लिगेसी का सीधा हस्तांतरण। कल (24 नवम्बर) टूर दिल्ली-एनसीआरके विभिन्न स्थानों पर जारी रहेगा, जहां साइना नेहवाल और पीटर गेड चुनिदा योनेक्स सनराइज स्टोर्स में जाकर फैंस से मिलेंगे, दान को प्रोत्साहित करेंगे और 'ए रैकेट सेकंड लाइफ' को सीधे समुदायों तक ले जाएंगे।

उत्तराखंड में पेपर लीक व अवैध खनन जोरों परः रावत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के आवास पर पहुंचे पूर्व सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में पेपर लीक और अवेध खनन जोरो पर है। भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड सरकार ने तोड़ दिये है और गरीब किसानों को पट्टाविहीन कर उनकी जमीन कब्जायी जा रही है।

श्री रावत ने यह बात देहरादून से लुधियाना जाते हुये अपने करीबी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के छुटमलपुर निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सरकार के पास बताने के लिये कुछ उपलब्धि नहीं है। शहरों में जाम प्रदूषण स्मार्ट सिटी के नाम पर सड़को में गढ्ढे है। उन्होने कहा कि उधोग बंद हो रहे है मिडिल क्लास को भाजपा खत्म करना चाहती है। किसान की जमीनो को उधोगपतियों

को कोडियो के भाव दे कर उन पर उनका कब्जा करवाना चाह रही है।

उत्तराखण्ड कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है कांग्रेस और नेताओ में किसी प्रकार की कोई गुटबाजी नहीं है। श्री रावत ने कहा कि 2027 में कांग्रेस 50 से ऊपर सीटे जीत रही है क्योंकि भाजपा ने भाई से भाई को लड़ाने का काम किया है और कांग्रेस ने रोजगार और भाईचारा बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि आज घर में राशन डीजल बिजली सब मंहगाई की भेट चढ़ रहा है व्यापारी वर्ग अमीर किसान मजदूर मध्यमवर्ग गरीब होता जा रहा है। झूट बोलकर और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर भाजपा लगातार सत्ता में बना रहनी चाहती है लेकिन देश के हालात लगातार खघ्राब होते जा रहे है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश बदलाव के लिये कांग्रेस की और आशा और उम्मीद से देख रहा है। एसआईआर आम जनमानस की परेशान करने और भाजपा को बचाने के लिए देश में लागू की जा रही है। बिहार में वोट चोरी हुआ और जबर्दस्त तरीकध्े से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। अब अति हो गई है जनता सब देख रही है भाजपा शाम ,दाम ,दंड , भेद कैसे भी हो सत्ता पाना चाहती है जो चिंताजनक है संविधान को खत्म कर तानाशाही के बल पर सत्ता में कायम रहना चाहती है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब, असलम खेड़ी, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, नासिर प्रधान, अरविंद काम्बोज, राव यूसुफ, अरशद एडवोकेट, नासिर सैफी, फेसल मिर्जा, आजम मलिक, महबूब तलहेड़ी, रामबीर चौधरी, याहया मलिक, परवीन ठेकेदार, कारी आबिद, कूदूस मलिक, अजीम मलिक, हाजी छोटा, सुखदेव चौहान आदि समेत कार्यकर्ताओं ने हरीश रावत का स्वागत किया।

रूही अंजुम ने एसडीएम के साथ किया लखनौती में शिविर का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने एसडीएम सुबोध कुमार के साथ गांव लखनौती में लगाये गये शिविर का निरीक्षण किया और लोगों की दिक्कतों को सुनकर उन्हे दूर कराया।

रूही अंजुम गांव लखनौती के प्राईमरी स्कूल में लगाये गये कैम्प में पहुंची जहां उन्होने एसडीएम सुबोध कुमार के साथ लोगों की समस्याओं को सुनते हुए एसआईआर फार्म की दिक्कतों को दूर कराया। उन्होने गांव सैयद माजरा में जुबैर द्वारा लगाये गये कैम्प का भी निरीक्षण किया। रूही अंजुम ने कहा मतदाता सूची सबसे अहम दस्तावेज है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल रहना जरूरी है। सभी लोग अपने क्षेत्र में मतदाताओं की मदद करें। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

फरहाद ने कैम्पों में भरवाए एसआईआर फार्म

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। पूर्व सपा जिला उपाध्यक्ष फरहाद आलम द्वारा लगातार एसआईआर पीडीए प्रहरी कैंप आयोजित किये जा रहे हैं इसी कड़ी में उन्होंने चिलकाना क्षेत्र में कई जगह कैम्पो का आयोजन कर लोगों के फार्म भरवाये।

रविवार को नकुड़ विधानसभा से सम्भावित प्रत्याशी सपा नेता फरहाद आलम ने बताया कि इन कैंपों का उद्देश्य नकुड विधानसभा के हर नागरिक का नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज कराना है, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने वोट के अधिकार से वंचित न रह जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह है लोगों के वोट फॉर्म बिल्कुल सही भरकर समय से बीएलओ को जमा हो जाएं। क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में हर वोट की अहम भूमिका है। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग से एसाईआर प्रक्रिया में समय बढ़ाने की मांग भी की है।

कैम्प के माध्यम से आज ग्राम सीकरी, ओरंगजेबपुर, पटनी, चालाकपुर दुमझेडी, सलेमपुर आदि गांव में आयोजित कैंप मे फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया को समझाकर अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बता दें कि फरहाद आलम द्वारा लगातार एसआईआर अभियान को गति देने का कार्य किया जा रहा है।

दुर्लभ प्रजाति का उल्लू मिला

चिलकाना। क्षेत्र के ग्राम मलकपुर में दुर्लभ प्रजाति का पक्षी उल्लू मिलने से ग्रामीणों में कौतूहल बन गया, गांव के लोगों ने डॉयल 112 पुलिस को बुलाकर उल्लू को उनके सुपुर्द किया।

चिलकाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में कुछ बच्चों को जंगल में खेलते समय दुर्लभ प्रजाति का पक्षी उल्लू मिल गया। अनभिज्ञता के चलते छोटे बच्चे उल्लू के पैर में रस्सी बांध कर खेलने लगे। बच्चे उल्लू से खेलते हुए जैसे ही उसको लेकर गांव में अपने घर पहुंचे तो यह बात गांव में जंगल की आग की तरह फैल गयी। जिसके बाद ग्रामीण भी कोतूहलवश उल्लू देखने के लिए बच्चों के घर पहुंच गये। इसी बीच गांव के कुछ जिम्मेदार व जागरूक लोगों द्वारा उल्लू की सुरक्षा को लेकर डॉयल 112 पुलिस को सूचना दी गयी।

सपा कार्यकर्ता अभियान से जुड़ेंः टिंकू अरोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नगर विधानसभा म सपा नेता व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा द्वाराएसआईआर पीडीए प्रहरी कैंप लगाए गये है।

टिंकू अरोड़ा ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए स्पष्ट निर्देश है वोट अभियान से जुड़े रहे और लगातार जनता के सामने आने वाली समस्याओं का निस्तारण करें। आज कैंप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी आए और उन्होंने कैंप का निरीक्षण किया। साथ ही कुछ फॉर्म भरने से संबंधित दिशा निर्देश जारी किए और कहां कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जागरूक होकर घर-घर जाकर लोगों

के फॉर्म भरने का कार्य करें जिससे किसी को कोई असुविधा न हो सके। नगर में लगने वाले कैंपों में समाजवादी पार्टी के कर्तव्य निष्ट महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी और महानगर सचिव राजीव अग्रवाल कैंपों का निरीक्षण कर रहे हैं।

कैंप में वरिष्ठ सपा नेता अहमद खान, शहनवाज सिद्दीकी, शुभम शर्मा, शाहनवाज कुरैशी, सलीम, रामशरण, मोनू, जोगिंदर सिंह, शमीम, रहमान आदि मौजूद रहे।

जन्म प्रमाण पत्र विभाग में नई प्रक्रिया से बढ़ी अफरा-तफरी

सहारनपुर। नगर निगम के जन्म-मृत्यु विभाग में इन दिनों कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि केवल वर्ष 2000 से 2025 के बीच जन्मे नागरिकों के ही आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। वहीं वर्ष 2000 से पहले जन्मे लोगों के आवेदन बिना प्रक्रिया में लिए ही सीधे अस्वीकार किये जा रहे हैं। इस संदर्भ में जब हमने जांच पड़ताल के लिए आयुक्त महोदय से जानकारी चाहिए तो उनका नंबर नहीं लग पाया, दूसरी और जिनके नंबर लगे भी वह फोन उठाने में असमर्थ नजर आये, बरहाल इस अचानक बदली व्यवस्था ने भारी संख्या में उन नागरिकों को परेशानी में डाल दिया है जिन्हें किसी आवश्यक कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत है। विभाग के बाहर रोजाना उमड़ रही भीड़ में कई लोग अपने दस्तावेज लेकर बार-बार चक्कर लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन निर्धारित वर्ष सीमा से बाहर होने पर उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। एक विभागीय सूत्र कर्मचारी के अनुसार बताया गया की वर्तमान में केवल 2000 से 2025 के बीच जन्में वर्ष वालों के ही आवेदन लिए जा रहे हैं,बाकी फाइलें ऊपर से मिले आदेशों के कारण स्वीकार नहीं की जा रही हैं। यही नहीं अपितु जिन लोगों के आवेदन स्वीकार हो रहे हैं, उनके जन्म प्रमाण पत्र जारी होने में भी अपेक्षा से अधिक समय लग रहा है। इससे विभाग पर काम का दबाव बढ़ रहा है और नागरिकों की नाराजगी भी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन को तत्काल इस दिशा में ध्यान देने की आवश्यकता है,ताकि जन्म प्रमाण पत्र जैसी मूलभूत सुविधा सभी नागरिकों तक समय पर और बिना अतिरिक्त परेशानियों के पहुँच सके।

बेहट टीम ने एकता क्लब अंबेहटा को किया पराजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। अंबेहटा - नगर के क्रिकेट एकेडमी में आयोजित एकदिवसीय क्रिकेट मैच बेहट व एकता क्लब अंबेहटा टीम के बीच खेला गया।

बेहट के कप्तान दिनेश कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 255 रन का लक्ष्य विपक्ष एकता क्लब के समक्ष रखा। धमाकेदार बल्लेबाजी करते बेहट के रोहित कुमार ने 23 चौके में चार गगनचुमि छक्को की बदौलत सर्वाधिक 167 रन की नाबाद पारी खेली वहीं कप्तान दिनेश ने 27 रन का योगदान अपनी टीम को दिया जबकि बाकी 7 खिलाड़ी दाही का आंकड़ा भी नहीं छू सके। एकता क्लब अंबेहटा की तरफ से घातक गेंदबाजी करते संजीव शर्मा बलाल खेडी ने 5 ओवर में 32 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्लब की टीम 25 ओवर में 210 रन पर ऑल आउट हो गई । इस प्रकार एकता क्लब अंबेहटा टीम 45 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। एकता क्लब की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते ओपनर बल्लेबाज पारस धीमान 59, अर्सलान 18 जबकि उप कप्तान गोविंद खेड़ी ने 24 गेंद पर 44 रन का योगदान अपनी टीम को दिया। मैन ऑफ द मैच शानदार बल्लेबाजी की बदौलत बेहट के रोहित कुमार को दिया गया। इस दौरान जनक सिंह, कासिफ पठान मौजूद रहे।

लद्देबांस गांव में चोरों ने उड़ाए लाखों रुपये व आभूषण

नकुड़। कोतवाली क्षेत्र के गांव लद्दधेबांस में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पंहुचकर जानकारी ली।

रमेश सैनी की सुपुत्री अलका सैनी की बारात आई हुई थी। शादी का खाना बनाने का कार्य रमेश के घर से सटे उसके छोटे भाई नरेश सैनी के मकान में चल रहा था जहां करीब 20 से 22 बाहरी व्यक्ति भोजन व्यवस्था में लगे हुए थे। जैसे ही शादी का कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ तो शाम को बेटी की विदाई भी हो गई। विदाई के तुरंत बाद जब नरेश अपने घर पहुंचा तो कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा खुला देख उसके होश उड़ गए। अलमारी में उसकी बेटी प्रीति की शादी के लिए संभालकर रखे गए सोने चांदी के जेवरात व नगदी गायब थे। देखते ही देखते नरेश सदमे में आकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर रमेश सैनी समेत परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल की बारीकी से जांच पड़ताल की। पीड़ित रमेश सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने लाखों के आभूषण और नकदी चोरी कर ली है। उसने मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

उधर कोतवाल संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि घटना की गहनता से जांच कराई जा रही है और शीघ्र ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास जारी है।

बाजार व ग्रामीण इलाकों में किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो स्क्वायड प्रभारी महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश राठौर ने रविवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत धुआंधार मुहिम चलाई।

महिला हेड कांस्टेबल नीरज के साथ मदरसे, बाजार और ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर सैकड़ों महिलाओं-बालिकाओं को जागरूक किया। मिथिलेश राठौर ने गुड टच-बैड टच, बाल मजदूरी रोकथाम, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं की पूरी डिटेल दी। साइबर ठगों की नई-नई चालें खोलकर बताया कि "डिजिटल अरेस्ट" नाम की कोई चीज नहीं होती, फर्जी कॉल आए तो कभी ओटीपी या बैंक डिटेल न दें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

कार्यक्रम के बाद मिथिलेश राठौर ने पूरे क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ की।महिलाओं ने कहा, "मिथिलेश मैडम ने हमें इतना मजबूत कर दिया कि अब कोई ठग या छेड़खानी करने वाला पास नहीं फटकेगा।" लोग इस अभियान को महिला सशक्तिकरण और साइबर सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर बता रहे हैं। मिथिलेश राठौर बोलीं, "हर महिला-बेटी सुरक्षित और सशक्त हो, यही मिशन शक्ति का मकसद है। पुलिस 24 घंटे आपके साथ है।"

हर्ष फायरिंग मे बैंडकर्मी गोली लगने से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

नागल। कस्बे में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम मे उस समय अफरा तफरी मच गई जब हर्ष फायरिंग कर रहे एक व्यक्ति का फायर मिस हो जाने से उसे चेक करते समय निकली गोली एक बैंडकर्मी को जा लगी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक भाटखेडी रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में शनिवार की शाम जनपद हरिद्वार के गांव जमालपुर से बारात आई हुई थी। जिसमें आसपास गांव के गणमान्य व्यक्ति भी शामिल थे। रात्री करीब बारह बजे घुड़चड़ी के दौरान सभी बाराती बैंड बाजे के साथ नाचने गाने में मस्त थे । बारात में शामिल गांव आमकी निवासी एक व्यक्ति हर्ष फायरिंग करने लगा तो उसका फायरमिसहो गया। जब वह उसे खोलकर देखने लगा तो अचानक फंसी गोली चल गई जो सीधे बैंड बजाने वाले एक कारीगर को जा लगी। गोली लगने से वह खून से लथपथ नीचे जा गिरा और बारात मे अफरा-तफरी मच गई।घायल बैंड कारीगर को उठाकर बाराती तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये। इस दौरान घटना की सूचना किसी ने एस एस पी सहारनपुर को फोन कर दे दी। सहारनपुर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर आ गई । बाद मे स्थानीय पुलिस भी पंहुची।

चिकित्सकों ने घायल बैंड कारीगर कर्मी को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नही आयी है।

अभियान की प्रगति का जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। भाजपा छुटमलपुर मंडल अध्यक्ष अमित सेन ने रविवार को शक्ति केंद्र-2 के बूथ संख्या 392, 393, 394 व 387 सहित नगर की कई कॉलोनियों में पहुंचकर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

अमित सेन ने बीएलओ और पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि फॉर्म-6, 7, 8 को शीघ्र और सटीक तरीके से वितरित करें। मौके पर ही लोगों से फॉर्म भरवाएं और आधार, राशन कार्ड जैसे पहचान दस्तावेजों की पूरी जांच करें। उन्होंने खास तौर पर उन बीएलओ को चेतावनी दी जिनकी प्रगति कम है और कहा कि अब कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडल संयोजक एडवोकेट मंजू शर्मा ने पार्टी द्वारा लगाए गए बीएलए-2 को निर्देश दिए कि वे फील्ड में पूरी सक्रियता दिखाएं, अपने बीएलओ की रोजाना निगरानी करें और हर तरह का सहयोग दें।इस दौरान बीएलए-1 सीमा, बीएलए-2 सोनिया, नीरज जैन, दिनेश शर्मा, आकाश पंडित, विशाल बंसल, लवी शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, नितिन धीमान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अमित सेन ने कहा, "मतदाता सूची का शुद्धिकरण हमारी प्राथमिकता है। एक-एक वोटर की पहचान मजबूत होनी चाहिए। कार्यकर्ता और बीएलओ मिलकर इसे सफल बनाएं।" अभियान को तेज करने के लिए मंडल स्तर पर रोजाना रिपोर्टिंग और समीक्षा की जाएगी।

धुंध से लगा रफ्तार पर ब्रेक

शाह टाइम्स संवाददाता

गंगोह। मौसम कई दिन से लगातार बदल रहा है। दस दिन के बाद रविवार को फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली तथा सुबह सवेरे ही घनी धुंध छा जाने से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया और चालकों को दिन में ही लाइटें जलानी पड़ी।

पिछले दस दिन से लगातार सुबह के समय ठंड बढ़ रही है। मौसम का उलट फेर बीमारियों को भी न्यौता दे रहा हे। मौसम के बदलाव से दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। पिछले तीन दिन से आसमान में हल्का धुंधलका छाया हुआ है जिससे धूप का प्रभाव कम हो रहा हे। रविवार को सुबह के समय मौसम ने रंग बदल लिया। सुबह सवेरे ही लोग जब घरों से घूमने निकले तो उन्हें घनी धुंध से दो-चार होना पड़ा। आबादी क्षेत्र में तो कुछ दिखाई भी दे रहा था लेकिन इससे निकलते ही अनेक लोग बीच से ही वापिस लौट गए। इस कारण सडक पर चलने वाले वाहनों के चालकों को चंद कदम पर भी कम नजर आने लगा, इस कारण उन्हें लाइट जलाकर चलना पड़ा।

संभावना जताई जा रही है कि मौसम में एक बार फिर कुछ न कुछ परिवर्तन हो सकता है।

मजलिसों में हजरत फातिमा की शहादत का फलसफा सुनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। नगर में आखरी नबी मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैही वसल्लम की बेटी हजरत फात्मा जहरा सलवातुल्लाह अलैहि की शहादत (मौत) की याद में आयोजित पांच दिवसीय मजलिस के तीसरे दिन मौलाना ने हजरत फात्मा के बुलंद मर्तबे पर रोशनी डाली।

शनिवार को देर रात्रि के समय मोहल्ला जाकिर हुसैन स्थित बड़े इमाम बारगाह मजहरे कर्बला में आयोजित मजलिस के तीसरे दिन मौलाना सैय्यद हुसैन जाफर वहब मऊ ने बताया कि मोहम्मद स.अ.व. अपनी बेटी शहजादी हजरत फात्मा के इस्तकबाल में खड़े हो जाया करते थे। शहजादी फात्मा ने सभी औरतों को नेक राह पर चलने की हिदायत की। शहजादी फात्मा की वालिदा ने खघ्दा के रास्ते में इतना माल लुटाया कि आज तक भी अरब अमीरात में कोई आदमी गरीब नहीं है। लेकिन इस सब के बावजूद भी कुछ जालिमों ने शहजादी फात्मा को बहुत ही तकलीफ दी। मजलिस में मर्सिया खानी जैनुल आबेदीन व तासीर हुसैन, नोहा खानी, मौलाना हसन रजा अर्शी, समर अब्बास व कमर अब्बास ने की। सोगवार सदर अली इमाम, जायर हुसैन चांद मियां, तहरीर अब्बास नकवी, मूसा इमाम, चंदू, अलमदार हुसैन, शाहबाज, साकिब, मुकर्रम, अरमान, जाबिर, मोहसिन, तारीफ, अजमी, दानिश, रईस हैदर, बासी आदि सहित शिया समुदाय के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

नानौता। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक एक जमादुस्सानी से तीन जमादुस्सानी तक हजरत फातिमा जहरा सलामु लाहे अलेहा की शहादत के मौके पर नगर के इमामबरगाह असद अली छत्ता में तीन दिवसीय मजलिसों का

आयोजन किया जा रहा हे। जिनको लखनऊ से आए हुए मौलाना सकलेन बाकरी नें सम्बोधित कर रहे हें।

शनिवार रात को आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना नें कहा कि हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वा आलेही वसल्लम अपनी बेटी जनाबे फातेमा जेहरा से बेहद मोहब्बत करते थे। आज से 1400 साल पूर्व मदीना शहर में जनाबे फातेमा जेहरा को बेदर्दी से शहीद कर दिया गया था। मजलिस में मरसिया ख्वानी के फराएज सैय्यद अली मियां कर्बलाई ओर

पेशख्वानी शायरे अहेलेबैत जनाब शौक आब्दी साहब नें की। मजलिस में इकरार हुसैन सोनू नें दर्दनाक नौहा पेश किया। इस दौरान मौलाना मुख्तार हुसैन, मौलाना तनवीर आलम, मौलाना अहसान अब्बास, मौलाना जहीर आलम, इरशाद हुसैन, वसी हैदर शब्बू, इम्तियाज हुसैन, अनीस हैदर, शाबिउल हसन, मोहम्मद मियां गुल्लु, हाजी मोहम्मद अहसन, सिबते हैदर, मास्टर इस्तीखार, मुत्वल्ली नबी अख्तर, मास्टर सफदर, मास्टर अली अख्तर, नियाज अख्तर जोबी, रियाज हुसैन, मोहम्मद अली, फैय्याज अली आब्दी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 24 नवम्बर 2025

चंडीगढ़ पर फिर सियासत

पंजाब और हरियाणा के बीच स्थित केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को लेकर फिर सियासत शुरू हो गई है। यह वही चंडीगढ़ है, जिसको लेकर पंजाब और हरियाण समय-समय पर एक-दूसरे के सामने आते रहे हैं। चंडीगढ़ का विवाद नया नहीं है, लेकिन यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पंजाब और हरियाणा की राजधानी है। दोनों प्रदेशों के सचिवालय यहीं स्थित है। 2002 में जब ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री थे, तब पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार से चंडीगढ़ को मांगा था और इसके बदले हरियाणा ने पंजाब के हिन्दी भाषी क्षेत्र अबोहर और फाजिल्का मांग लिए थे। इसके बाद से ये विवाद चला आ रहा है। अब केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। लोकसभा और राज्यसभा के बुलेटिन में बताया गया है कि सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र (1 दिसंबर से शुरू) में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2025 पेश कर सकती है। अगर ये बिल अपने मौजूदा रूप में पास होता है, तो संभावना है कि चंडीगढ़ के लिए एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जा सकेगा। जैसा कि पहले यहां स्वतंत्र मुख्य सचिव हुआ करते थे। प्रस्तावित बिल पर बवाल इसलिए है, क्योंकि ये बदलाव चंडीगढ़ की प्रशासनिक पहचान को पूरी तरह बदल देगा। अभी तक चंडीगढ़ एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जिसके संचालन में पंजाब की भूमिका मानी जाती है और पंजाब के राज्यपाल उसकी कमान संभालते हैं। एसएसपी और डीसी जैसी प्रमुख नियुक्तियां भी पंजाब और हरियाणा कैडर से होती हैं, इसलिए यह शहर दोनों राज्यों की साझा राजधानी की तरह काम करता है, लेकिन प्रस्तावित संशोधन के बाद चंडीगढ़ का मॉडल बदल जाएगा। इसे राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण वाला केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाएगा, जिसमें एक अलग प्रशासक या उपराज्यपाल नियुक्त होगा। हालांकि गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया कि चंडीगढ़ की शासन व्यवस्था में किसी भी प्रकार का बदलाव करने या पंजाब और हरियाणा के साथ उसके पारंपरिक संबंधों को प्रभावित करने की कोई बात नहीं है। इस मुद्दे पर पंजाब की राजनीति गरमाई हुई है। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने इसे पंजाब के अधिकारों पर हमला बताते हुए केंद्र सरकार पर तीखे आरोप लगाए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रस्तावित संशोधन बिल चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकार को कमजोर करेगा। सीएम मान ने इसे पंजाब के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा था कि चंडीगढ़ सिर्फ पंजाब का है और राज्य अपने अधिकार से पीछे नहीं हटेगा। मान के पोस्ट के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्र पर सीधा हमला बोला था और कहा था कि संविधान संशोधन के नाम पर चंडीगढ़ पर पंजाब के अधिकार खत्म करने की कोशिश की जा रही है, जो पंजाब की पहचान और संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। केजरीवाल ने इसे पंजाब की आत्मा को चोट पहुंचाने वाला कदम बताया था। फिलहाल यह साफ हो गया है कि केंद्र सरकार के स्तर पर अभी कोई बदलाव न तो अंतिम रूप ले चुका है और न ही संसद में इसे तुरंत लाने की योजना है। ऐसे में चंडीगढ़ को लेकर चल रही बयानबाजी पर विराम लगने की संभावना है, हालांकि राजनीतिक हलकों में बहस आगे जारी रहने की पूरी उम्मीद है।

नोटबंदी और लॉकडाउन की याद ताजा



काम के दबाव में बीएलओ की मौत के जो आंकड़े दिखाए जा रहे हैं, वास्तविक संख्या उनसे बहुत अधिक है, यह अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है और इस पर सबको ध्यान देना जरूरी है, एसआईआर इसके लिए जिम्मेदार है, भाजपा की वोट चोरी बीएलओ के लिए जानलेवा रूप ले चुकी है,काम के भार से बीएलओ और पोलिंग अधिकारी लगातार आत्महत्या करने पर मजबूर हैं, मेरी हर एक परिवार, जिसने अपनों को खोया है, उनके प्रति गहन संवेदनाएं हैं, इन पीड़ित परिवारों को न्याय कौन दिलाएग, भाजपा चोरी की सत्ता की मलाई खाने में व्यस्त है और आयोग मूक दर्शक बने तमाशा देख रहा है, हड़बड़ी में बिना योजना के जबरन एसआईआर लागू करना नोटबंदी और कोरोना लॉकडाउन की याद दिलाता है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष

सेना बनाम सर्वोच्च न्यायालय बनाम मानवाधिकार

विनीत नारायण

पिछले दिनों एक पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। इस पोस्ट में सेवानिवृत्त कर्नल एएन रॉय का बयान सेना के उस वर्ग की भावना को स्पष्ट करता है, जो लगातार आतंकवाद, हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता वाले इलाकों में डटा रहता है। जब सैनिक सीमाओं या कश्मीर जैसे 'संवेदनशील क्षेत्रों' में आतंकवाद का सामना करते हैं, तब उन्हें कुछ फैसले अक्सर सेकंडों में लेने पड़ते हैं। इसमें औपचारिकताओं के लिए समय नहीं होता। जो भी निर्णय लेना होता है वह उन सैनिकों को दिए गए प्रशिक्षण और अपने विवेक से ही लेना पड़ता है।

इस पोस्ट ने सीधे सवाल उठाया, क्या आपने कभी अपने बेटे को खोया है? यह व्यवस्था से उपजी पीड़ा और असंतोष की प्रामाणिक अभिव्यक्ति है। इसका मूल भाव यही है कि जब सैनिक आतंकवादी का सामना करता है, तो वह कानून या न्यायालय की व्याख्याओं से अधिक, अपने प्रशिक्षण और परिस्थिति पर ही निर्भर करता है। बाद में उस पर अभियोग या अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगना उसे अपमानजनक महसूस होता है। दूसरी ओर, सर्वोच्च न्यायालय की दृष्टि संविधान की मूल भावना, 'हर नागरिक के मौलिक अधिकार' से निर्देशित होती है। न्यायालय किसी सेना या व्यक्ति का विरोध नहीं करता, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि 'राज्य की शक्ति' जवाबदेही से परे न हो। कश्मीर या किसी अशांत क्षेत्र में नागरिकों पर अत्याचार या फर्जी मुठभेड़ों के आरोप अक्सर सामने आते हैं। यदि जांच का हक छीन लिया जाए, तो लोकतांत्रिक संस्थाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठेंगे। न्यायालय यह नहीं कहता कि आतंकवादी को बचाया जाए, बल्कि यह मांगता है कि निर्दोष लोग आतंकवादी समझकर मारे न जाएं। यही 'न्याय का नैतिक आधार' है।

पोस्ट में आतंकवादियों के मानवाधिकारों को लेकर जो कटाक्ष किया गया है, वह भावनात्मक प्रतिक्रिया है, लेकिन मानवाधिकारों का सार आतंकवादी के प्रति करुणा नहीं, बल्कि बिना भेदभाव सिद्धांतों पर आधारित न्याय को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में है। जब किसी संदिग्ध की मौत की जांच होती है, तो लक्ष्य अपराधियों को बचाना नहीं, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग को रोकना होता है। वैश्विक संदर्भ में भी अमेरिका, ब्रिटेन या फ्रांस जैसे देशों में वॉर क्राइम्स या एक्सेसिव फोर्स पर सवाल उठते रहे हैं। सशक्त लोकतंत्र वे हैं जो अपने संस्थानों से प्रश्न पूछने का साहस रखते हैं। यह साफ है कि सेना को अपराधी न मानें और न्यायपालिका को देशविरोधी न कहें। दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा और संवैधानिक निष्ठा के दो मजबूत स्तंभ हैं। समस्या तब आती है जब संवैधानिक प्रक्रिया को देश विरोधी साजिश या सैनिक कार्रवाई को न्याय की हत्या मान लिया जाता है। इससे संवाद में विघटन और अविश्वास बढ़ता है। समुचित समाधान यही है कि सेना को 'ऑपरेशनल प्रोटेक्शन' मिले, ताकि तत्काल कार्रवाई में की गई गलती अपराध न माना जाए, लेकिन शक्ति का दुरुपयोग करने पर न्यायिक जांच की प्रक्रिया बनी रहे। ऐसे पोस्ट सोशल मीडिया पर राष्ट्रभक्ति की भावना को सीधा स्पर्श करते हैं। खतरा इस बात में है कि भावनाओं की लहरों में तथ्य और कानूनी सीमाओं की अनदेखी होने लगती है। न्यायपालिका, सेना और मानवाधिकार, ये विरोधी नहीं बल्कि लोकतंत्र के पूरक अंग हैं। सोशल मीडिया पर एकांगी नैरेटिव अंततः सार्वजनिक विश्वास को कमजोर करता है। भारत में सेना, सुप्रीम कोर्ट और मानवाधिकार को लेकर टकराव की घटनाएं केवल हाल ही की नहीं, बल्कि देश के इतिहास में समय-समय पर सामने आई हैं।

18वीं शताब्दी में, कोलोनियल शासन के दौरान सुप्रीम कोर्ट और गवर्नर जनरल इन काउंसिल के बीच अधिकार को लेकर पहली बड़ी भिड़ंत कोसिजुरा मामला में देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सेना का इस्तेमाल करते हुए अपनी शक्तियां बढ़ाने का प्रयास किया, जबकि गवर्नर जनरल इन काउंसिल ने अदालत के आदेशों को चुनौती दी और सेना को अदालत के खिलाफ तैनात कर दिया। यह विवाद बंगाल ज्यूडिकेचर एक्ट 1781 के पास होने तक चलता रहा, जिसने अदालत की सीमाएं तय कर दीं और टकराव का अंत किया। इस मामले ने जता दिया कि अधिकारों की अस्पष्टता शक्ति संघर्ष का हमेंशा केंद्र रही है।

1945 में आजाद हिंद फौज के सैनिकों पर देशद्रोह और हत्या के आरोप लगे और उन पर कोर्ट मार्शल चलाया गया। ब्रिटिश सरकार ने इन सैनिकों की गतिविधियों को किंग के खिलाफ युद्ध माना, जबकि भारतीय जनता और नेताओं ने देशभक्ति की भावना को कानूनी प्रक्रिया के विरोध में जोरदार तरीके से रखा। इस संघर्ष में अदालत के आदेशों और जनता के मानस के बीच गहरा विभाजन आया। नगा पीपल्स मूवमेंट बनाम भारत सरकार केस में सर्वोच्च न्यायालय में AFSPA की वैधता को चुनौती दी गई, लेकिन अदालत ने यह माना कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर सेना को अतिरिक्त अधिकार देने का प्रावधान संविधान के खिलाफ नहीं। फिर भी, अदालत ने सेना के अधिकारों पर निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किए। इस मामले में मानवाधिकार और सैन्य अधिकार की सीमा को लेकर बड़ी बहस छिड़ी।

2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा के दौरान सर्वोच्च न्यायालय से सेनाध्पैरामिलिट्री तैनात करने की मांग की गई थी। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि ऐसे आदेश देना न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह कार्यकार्यपालिका का दायित्व है। बावजूद इसके, कभी-कभी अदालत ने सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए हैं, जैसे 2008 के ओडिशा के दंगों या 2023 के पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के दौरान हुआ। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों में भी कभी-कभी सेना और मानवाधिकार संस्थाओं के बीच टकराव सामने आते हैं। मगर वहीं बार-बार यह सुनिश्चित किया जाता है कि जनहित और राज्यहित के बीच संतुलन बना रहे। मणिपुर अथवा कश्मीर में जारी घटनाओं में, अदालत के आदेश, सेना के अधिकार और जनता का विश्वासकृतीनों पहलू परस्पर टकरा सकते हैं। मगर, लोकतंत्र की खूबसूरती इनमें संतुलन बनाना और संवाद की प्रक्रिया में सही समाधान ढूंढना ही होना चाहिए। जरूरत इसी बात की है कि अतीत के अनुभवों से सीखकर, आज के तात्कालिक विवादों को अंधी भावनाओं के बजाय गहन विश्लेषण और खुले संवाद द्वारा हल किया जाए। संविधान की साझा जिम्मेदारी मानते हुए सुरक्षा और अधिकार दोनों के बीच संतुलन जरूरी है। संवाद के बिना, नफरत और अविश्वास बढ़ते हैं। सेना का आत्मसम्मान वही रख सकेगा, जो न्यायपालिका पर भरोसा रखे और न्यायपालिका वही सम्मान पाएगी जो सैनिक के त्याग को समझ सके। इसीलिए, सवाल पूछना गलत नहीं है लेकिन, एक दूसरे पर दोषारोपण करना लोकतंत्र के लिए रचनात्मक नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बसपा का महागठबंधन को जोर का झटका धीरे से

जबकि बीएसपी ने सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, उसने आकाश आनंद द्वारा बनाई गई एक अच्छी तरह से सोची-समझी रणनीति के बाद केवल 40 सीटों पर चुनाव लड़ा और एकमात्र सीट जीती। यह चुनाव एक मजबूत नेता के रूप में उभरे आकाश आनंद के लिए अग्निपरीक्षा था। चुनाव की खूबसूरती यह थी कि बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक रैली को संबोधित किया और आकाश आनंद ने रैलियों को संबोधित किया और पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और चुनाव लड़ रहे पदयात्रा का आयोजन किया।

मसूद हसन

एक सोची-समझी रणनीति के तहत बहुजन समाज पार्टी ने बिहार में सरकार बनाने के न सिर्फ महागठबंधन के सपने को चकनाचूर कर दिया, सियासी गलियारों में चर्चा है कि बसपा ने बिहार में महागठबंधन को जोर का झटका धीरे से ही नहीं दिया बल्कि राज्य में एक सीट जीतकर अपनी पैठ भी बना ली। बसपा की इस जीत में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का भी सहयोग या रणनीतिक चाल मानी जा रही है। बीएसपी ने 243 में से 143 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ा और 57 सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, जिससे गठबंधन जादुई आंकड़े को छूने से काफी पीछे रह गया।

बीएसपी ने राज्य में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में अकेली सीट जीतकर बिहार में बढ़त बना ली है। बसपा प्रमुख मायावती ने दावा किया है कि अगर चुनाव श्स्वतंत्र और निष्पक्षश होते तो उनकी पार्टी को कई और सीटें हासिल होतीं। बीएसपी उम्मीदवार सतीश कुमार यादव ने बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार को 30 वोटों के मामूली अंतर से हराकर रामगढ़ सीट जीती। बीएसपी ने रामगढ़ सीट पर कब्जा कर लिया है, जिसे पारंपरिक रूप से आरजेडी का गढ़ माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों ने दावा किया है कि यह परिणाम राज्य में एकमात्र सीट हासिल करके बीएसपी के प्रवेश का प्रतीक है। बीएसपी उम्मीदवार सतीश यादव ने बिहार में अच्छे प्रतिशत वोट हासिल करके बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार को हरा दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का दावा है कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आकाश आनंद को पार्टी में प्रोजेक्ट करने के इरादे से एक सीट जीतने के बाद उत्साहित और उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं का मानना है कि आकाश आनंद ही बीएसपी सुप्रीमो मायावती के असली उत्तराधिकारी हैं क्योंकि बीएसपी सुप्रीमो ने आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी है, बीएसपी नेतृत्व ने कई बार उन्हें अपना उत्तराधिकारी नामित करने का संकेत दिया है। बामसेफ की पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने संकेत दिया है कि पार्टी को मजबूत करने के लिए आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी, बीएसपी सुप्रीमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके नेतृत्व में काम करने का निर्देश दिया है, बिहार में विधानसभा चुनाव आकाश आनंद के निर्देशन में लड़ा गया था, बिहार में अन्य राजनीतिक दलों को बड़ा झटका लगा है जबकि बीएसपी किसी तरह एक सीट हासिल करने में सफल रही है।

जबकि बीएसपी ने सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है, उसने आकाश आनंद द्वारा बनाई गई एक अच्छी तरह से सोची-समझी रणनीति के बाद केवल 40 सीटों पर चुनाव लड़ा और एकमात्र सीट जीती। यह चुनाव एक मजबूत नेता के रूप में उभरे आकाश आनंद के लिए अग्निपरीक्षा था। चुनाव की खूबसूरती यह थी कि बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक रैली को संबोधित किया और आकाश आनंद ने रैलियों को संबोधित किया और पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया और चुनाव लड़ रहे पदयात्रा का आयोजन किया। बीएसपी की रणनीति ने 57 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को बड़ा झटका दिया है और वे अधर में लटक गए हैं, रामगढ़ सीट पर बीएसपी की सफलता आकाश आनंद को पार्टी में स्थापित करने में मदद करेगी। उत्तर प्रदेश में भी बी एस पी का गढ़ था। पार्टी ने यूपी में अपनी सरकार बनाने के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के साथ क्रमशः एक और तीन बार गठबंधन किया है। बीएसपी ने 2007 में राज्य में आश्चर्यजनक वापसी की थी जब मायावती ने बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई थी। लेकिन 2022 में, बीएसपी ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट जीती और 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में बहुत खराब प्रदर्शन किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

सेहत ही नहीं, त्वचा के लिए भी फायदेमंद हैं ये फल और सब्जियां

फलों और सब्जियों का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी जरूरी होता है। फलों और सब्जियों में मौजूद फाइबर न सिर्फ पाचन को स्वस्थ रखता है, बल्कि इससे आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। इसके अलावा यह हमारी त्वचा के लिए भी लाभकारी होती है। कई ऐसे फल और सब्जियां होती हैं, जो स्किन को हेल्दी बनाए रखने में सहायक होती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन फलों और सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनके सेवन से आपको सेहत संबंधी लाभ मिलने के साथ ही स्किन संबंधी फायदे भी मिलते हैं।

शकरकंद

आपको बता दें कि सेहत के साथ-साथ शकरकंद स्किन के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। शकरकंद में बीटा केरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो हमारी त्वचा को नेचुलर रूप से हेल्दी रखने में मददगार होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा भी पाई जाती है। जो त्वचां संबंधी इंफेक्शन के खतरे को कम करता है। शकरकंद को उबाल. कर खाने से त्वचा को फायदा मिलता है।

एवोकाडो

स्किन के लिए एवोकाडो का सेवन भी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट और ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से आपकी त्वचा अंदर से साफ होता है। जब स्किन अंदर से साफ होती है तो बाहर भी इसका निखार साफ पता चलता है। आप चाट या फिर शेक के तौर पर भी एवोकाडो का सेवन कर सकते हैं।

खीरा

खीरा में पानी की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से त्वचा हाइड्रेड रहती हैं। वहीं खीरे में एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। खीरे के नियमित सेवन से स्किन हाइड्रेट रहने के साथ ही मॉइस्चराइज रहती है।

संतरा

विटामिन सी से भरपूर संतरा त्वचा की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। संतरा में आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो स्किन को नेचुरल तरीके से हेल्दी और ग्लोइंग रखता है। साथ ही संतरे के सेवन झुर्रियां कम होने के साथ कोलेजन बढ़ता है।

पपीता

हमारे पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में पपीता भी अहम भूमिका निभाता है। पपीता में मिनरल्स के साथ-साथ विटामिन-ए, विटामिन बी और विटामिन सी पाया जाता है। जो स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता है। साथ ही यह त्वचा को हाइड्रेट भी रखता है। ऐसे में आप रोजाना पपीते का सेवन कर सकते हैं।

अनानास

स्किन को हेल्दी रखने में अनानास भी मददगार होता है। अनानास में विटामिन ए, सी की अधिक मात्रा पाई जाती है। इसमें मौजूद विटामिन ए और सी त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है। वहीं इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। जो चोट को जल्दी रिकवर करते हैं। इसके सेवन से आपकी त्वचा हील होने के साथही ग्लोइंग भी बनती है।

दही का रायता ही नहीं बल्कि कई तरीके से बनाएं चटनी

भारतीय खाने में दही को जरूर शामिल किया जाता है। अक्सर लोग सादा सदी या फिर रायता खाना पसंद करते हैं। बता दें कि पेट के लिए दही काफी फायदेमंद होता है। वहीं इसके सेवन से गट हेल्थ भी बेहतर होती है। भारतीय खाने में चटनी काफी फेमस है। सब्जी और फल से लेकर नारियल तक की चटनी बनाई जाती है। वहीं बोरिंग खाने के स्वाद को चटनी स्वादिष्ट बना देती है। इसलिए अधिकतर घरों में चटनी बनाकर खाई जाती है। लेकिन क्या आपने दही चटनी खाई हैं। अगर आपका जवाब नहीं है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दही की चटनी बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। आप कई चीजों और कई तरीकों से दही चटनी बना सकते हैं। आइए जानते हैं दही की चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में।।।

राजस्थानी स्टाइल में दही चटनी

पूरे भारत देश में राजस्थानी स्टाइल की चटनी फेमस है। राजस्थान में बनने वाली लहसुन चटनी वाकई स्वाद में बेहद लाजवाब होती है। अगर आपने राजस्थानी दही-लहसुन की चटनी नहीं खाई हैं, तो आप इस रेसिपी को घर पर ट्राई कर सकते हैं।

ऐसे बनाकर करें तैयार

- राजस्थानी स्टाइल की दही चटनी बनाने के लिए सूखे लाल मिर्च को पानी में भिगो दें।
- फिर एक पैन में तेल गर्म करके उसमें लहसुन की कलियों को भूरा होने तक भूनें।
- फिर लहसुन में 2 चम्मच धनिया के बीज, 1 चम्मच जीरा, सूखा लाल मिर्च और आधा चम्मच काली मिर्च डालकर धीमी आंच पर पका लें।
- कुछ देर में चटनी से खुशबू आने लगेगी, तब गैस को बंद कर लें। वहीं पेस्ट को ठंडा होने के लिए छोड़ दें।
- जब पेस्ट ठंडा हो जाए तो इन्हें अच्छे से पीस लें।
- अब पीसे गए पेस्ट को तेल में डालकर तब तक पकाए जब तक उसका तेल अलग न हो जाए।
- फिर इसमें 1 चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग ,करी पत्ता, 1 चम्मच सरसों और फेटा हुआ दही अच्छे से मिक्स कर दें।
- करीब 5 मिनट तक चलाने के बाद गैस बंद कर दें।
- इस तरह से आपकी दही-लहसुन की राजस्थानी स्टाइल चटनी बनकर तैयार है।
- इसे आप सादे चावल से लेकर स्नैक्स तक के साथ खा सकते हैं।

ऐसे बनाएं परफेक्ट चटनी

- चटनी को घर टेस्टी बनाने के लिए ताजे लहसुन का इस्तेमाल करें।
- क्योंकि लहसुन के खराब होने पर चटनी का स्वाद बिगड़ जाएगा। इस चटनी के लिए अंकुरित लहसुन का इस्तेमाल न करें।
- वहीं ताजे दही का इस्तेमाल करें, क्योंकि अगर दही खट्टा होगा तो चटनी उतनी स्वादिष्ट नहीं होगी।
- अधिक मात्रा में इसमें तेल का उपयोग न करें।
- वही चटनी बनने के बाद इसको सही से स्टोर करें। जिससे कि यह 2-3 दिन चल जाए।
- आप कांच के जार में चटनी को स्टोर करके रख सकती हैं।
- चटनी अधिक पतली नहीं होनी चाहिए। क्योंकि चटनी गाढ़ी अच्छी लगती है।

दही हरी मिर्च चटनी की रेसिपी

हरा मिर्च भी खाने के स्वाद को दोगुना करता है। हरी मिर्च का इस्तेमाल खाने को चटपटा करने के लिए किया जाता है। आप चाहें तो हरी मिर्च की चटनी भी बना सकती हैं। आज हम आपको दही और हरी मिर्च की चटनी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आप भी इसे घर पर बनाकर खा सकते हैं। हरी मिर्च की चटनी बनाने के लिए हरी मिर्च को अच्छे से धो लें। फिर इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अगर आप स्वादिष्ट चटनी बनाना चाहते हैं, तो मिर्च को मिक्सी की जगह सिलबट्टे पर पीसें। इससे चटनी का स्वाद दोगुना हो जाएगा। हरी मिर्च को बारीक पीसने के बाद इसमें दही मिक्स कर लें। फिर इसमें हींग, जीरा पाउडर और स्वादानुसार नमक मिला लें। इस तरह से आपकी दही-हरी मिर्च की चटनी बनकर तैयार हो जाएगी।

वेनेजुएला में तख्तापलट करा सकता है अमेरिका

सीक्रेट ऑपरेशन की तैयारी, इलाके में घेराबंदी कर रहा, टकराव की आशंका बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिका और लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में वेनेजुएला के खिलाफ नया ऑपरेशन शुरू हो सकता है। ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट भी करवा सकता है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी रायटर्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है।

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक शुरुआत सीक्रेट ऑपरेशन से हो सकती है। अभी साफ नहीं है कि यह कदम कब उठाया जाएगा और इसका दायरा कितना बड़ा होगा, लेकिन इतना जरूर है कि ट्रम्प प्रशासन इसे लेकर काफी गंभीर है। हाल के हफ्तों में अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई इलाके में बड़ी संख्या में जहाज, विमान और सैनिक तैनात किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच टकराव की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन और सीक्रेट एजेंसी सीआईए इस पूरे मामले पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ड्रग तस्करी रोकने के लिए हर तरह की ताकत का इस्तेमाल करने को तैयार हैं। कैरेबियाई इलाके में बीते कुछ महीनों से अमेरिकी सेना का जमावड़ा लगातार बढ़ रहा है। सबसे बड़ा अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर 'जेराल्ड आर फोर्ड' और उसके साथ कई युद्धपोत, एक परमाणु पनडुब्बी और एफ-35 विमान तैनात किए गए हैं। अमेरिका लंबे समय से मादुरो पर आरोप लगाता रहा है कि वह ड्रग तस्करी में शामिल हैं, हालांकि मादुरो इन आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताते हैं। दूसरी तरफ मादुरो का कहना है कि अमेरिका उन्हें सत्ता से निकालना चाहता है, लेकिन देश और सेना किसी भी बाहरी दखल का विरोध करेगी। अमेरिकी सेना सितम्बर से अब तक दर्जनों ड्रग बोट्स पर हमले कर चुकी है, जिनमें 80 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

■ ट्रम्प प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर गिराएगा गाज

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि अमेरिका बिना सबूत के लोगों को मार रहा है और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। दो महीने पहले वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। हालात और तनावपूर्ण तब हो गए जब अमेरिका की फेडरल एविएशन एजेंसी (एफएए) ने वेनेजुएला के ऊपर उड़ान भरने को लेकर चेतावनी जारी कर दी। एफएए ने कहा कि वेनेजुएला के एयर स्पेस में मिलिट्री एक्टिविटी बढ़ गई है और जीपीएस सिस्टम में दखल जैसी समस्याएं देखी गई हैं, जो उड़ानों के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं।

मोदी ने जमैका के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 समिट के दौरान जमैका के अपने समकक्ष एंड्रयू होलनेस के साथ बातचीत की और कैरेबियाई देश के साथ भारत के मजबूत और बढ़ते रिश्तों को पक्का किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया कि जोहान्सबर्ग में जी-20 समिट के दौरान जमैका के प्रधानमंत्री मिस्टर एंड्रयू होलनेस से बातचीत की। भारत और जमैका इतिहास से बनी और सांस्कृतिक जुड़ाव से मजबूत हुई दोस्ती से बंधे हैं। हमारी पार्टनरशिप मिलकर तरक्की करने के गहरी प्रतिबद्धता के साथ बढ़ती जा रही है।

प्रयागराज। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता फॉर्म जमा करते हुए।

वियतनाम में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 90 लोगों की मौत

हनोई। मध्य वियतनाम इलाके में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 90 हो गई। समाचार पत्र थान निएन ने वियतनाम आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक 12 लोग अभी भी लापता हैं। तेज बारिश और बाढ़ से इलाके में 1154 घरों और 80800 हेक्टेयर से जयादा चावल और दूसरी फसलों को नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने मध्य प्रांतों में गंभीर बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उपाय बढ़ाने को कहा है। वियतनाम न्यूज़ एजेंसी ने बताया कि वियतनामी सरकार ने इस आपदा से बुरी तरह प्रभावित इलाकों की सहायता के लिए 700 बिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 26.6 लाख डॉलर) की आपातकालीन मदद दी है।

गाजा में फिर एयरस्ट्राइक, 24 लोगों की मौत

सीजफायर के बाद भी नहीं मान रहा इजरायल, 54 लोग घायल, अस्पतालों ने की पुष्टि

गाजा/तेल अवीव। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने हमास ठिकानों में हवाई हमले किए, जिनमें 24 लोगों की मौत हो गई और 54 लोग घायल हुए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली सेना ने दावा किया कि ये हमले उन हमास लड़ाकों के जवाब में किए गए, जिन्होंने संघर्षविराम के बावजूद इजरायल-नियंत्रित क्षेत्र में घुसकर सैनिकों पर गोली चलाई। सेना ने इस घटना को सीजफायर का गंभीर उल्लंघन बताया।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि कार्रवाई में हमास के पांच वरिष्ठ सदस्य मारे गए, जबकि हमास ने आरोप लगाया कि इजरायल बहाने बनाकर युद्ध फिर शुरू करना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका द्वारा कराए गए युद्धविराम के बावजूद इजरायल अब तक गाजा में 394 हमले कर चुका है, जिनमें 300 से अधिक लोग मारे गए और करीब 700 से ज्यादा घायल हुए। इससे पहले बुधवार को भी आईडीएफ ने गाजा में हमले कर 25 लोगों को मार दिया था, जब इजरायल ने दावा किया कि हमास ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। गाजा में कई इलाकों पर एक के बाद एक हुए हमलों ने पूरे माहौल को दहशत से भर दिया। गाजा सिटी के रिमाल क्षेत्र में एक वाहन को निशाना बनाए गए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए। शिफा अस्पताल के डाक्टरों के मुताबिक, घायलों में बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हैं। इसी के साथ, अल-अवदा अस्पताल के पास एक मकान पर हुए हमले में 3 लोगों की जान गई और 11 घायल हुए। नुसेरात कैंप में एक घर पर किए गए हमले में सात लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था। दैर अल-बलाह में एक और आवासीय घर को निशाना बनाए जाने से तीन लोगों की मौत हुई, जिनमें एक महिला भी थी। दैर अल-बलाह के खालिल अबू हातब ने भयावह दृश्य बताते हुए कहा अचानक जोरदार धमाका हुआ और चारों तरफ धुआं ही धुआं फैल गया। कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। यह कैसा संघर्षविराम है? यहां तो कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 से शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 69733 लोग मारे जा चुके हैं, 170000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले में इजरायल में 1,139 लोगों की मौत हुई थी और 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया गया था। संघर्षविराम के दौरान भी मौतों का आंकड़ा बढ़ा है, क्योंकि नए हमलों के अलावा मलबे से पुराने शव भी निकाले जा रहे हैं। मंत्रालय का कहना है कि मृतकों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। वहीं इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने दावा किया है कि फलस्तीनी संगठन हमास पूरे यूरोप में आतंकी हमलों की साजिश रच रहा है। इसके लिए हमास द्वारा स्लीपर सेल द्वारा आतंकी नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

■ गाजा सिटी के रिमाल क्षेत्र में एक वाहन को निशाना बनाए गए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए

■ अब यूरोप में हमले की साजिश रच रहा हमास, इजरायली खुफिया एजेंसी ने किया दावा

एक बयान में मोसाद ने कहा कि यूरोपीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया है और हथियारों को जब्त किया है। साथ ही कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और हमलों को रोका गया है। मोसाद का कहना है कि हमास का आतंकी नेटवर्क यूरोप में यहूदी समुदाय औरइजरायली नागरिकों पर हमले की साजिश रच रहा था। जर्मनी, आस्ट्रिया जैसे देशों में भी मोसाद ने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वित ऑपरेशन चलाकर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पिछले सितम्बर में वियना में आस्ट्रिया की डीएनएस सिक्योरिटी सर्विस ने हथियारों का एक जखीरा ढूंढा, जिनमें विस्फोटक और हैंडगन शामिल थे। सुरक्षा बलों ने मोहम्मद नईम नामक संदिग्ध के बारे में पता लगाया, जांच में पता चला कि मोहम्मद नईम हमास के शीर्ष ब्यूरो अधिकारी बासेम नईम का बेटा है, जो गाजा में हमास के शीर्ष नेता खलील अल-हया का करीबी बताया जा रहा है। मोसाद ने आरोप लगाया कि हमास का नेतृत्व भी यूरोप में आतंकी नेटवर्क तैयार करने में मदद कर रहा है। तुर्की में भी हमास के संगठन बेस की जांच चल रही है।

प्रतिबद्धता के साथ हो रियो समझौते का पालन: भारत

नई दिल्ली। भारत ने ब्राजील के बेलेम में जलवायु वित्त के मुद्दे को सामने लाने में सीओपी प्रेसीडेंसी के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि जलवायु संरक्षण के मुद्दे पर पूरी दुनिया रियो में 33 वर्ष पहले किए वादों को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगी। भारत ने यूएनएफसीसीसी सीओपी30 के समापन पूर्ण सत्र में उच्चस्तरीय वक्तव्य में सीओपी30 प्रेसीडेंसी के समावेशी नेतृत्व का पूरा समर्थन किया और सम्मेलन में लिए गए निर्णयों का स्वागत किया। भारत ने सीओपी अध्यक्ष के नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मेलन समावेसिता, संतुलन पर आधारित रहा और उसने सीओपी30 का ईमानदारी से मार्गदर्शन किया। सम्मेलन में भारत ने जलवायु वित्त प्रदान करने हेतु विकसित देशों के दीर्घकालिक दायित्वों पर जोर दिया और कहा कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना से पूरी उम्मीद है कि 33 वर्ष पहले रियो में किए गए वादे अब बेलेम में उठाए गए शुरुआती कदमों के कारण पूरे होंगे। इसके साथ ही भारत ने सीओपी30 के न्यायसंगत बदलाव तंत्र की स्थापना प्रमुख परिणामों पर संतोष व्यक्त किया।

आठ में से पांच युद्ध टैरिफ की धमकी से रुकवाए: ट्रम्प

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि उन्होंने टैरिफ की धमकी देकर आठ में से पांच युद्ध रुकवाए हैं। ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि टैरिफ के चलते अमेरिका को दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी टैरिफ नीति को कामयाब बताते हुए कहा कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने आठ में से पांच लड़ाइयों को सीधे टैरिफ के खतरे की वजह से रोका।

ट्रम्प ने लिखा कि हम टैरिफ की वजह से विभिन्न देशों से टैरिफ और निवेश के रूप में खरबों डॉलर्स ले रहे हैं। मैंने आठ में से पांच युद्ध को टैरिफ की धमकी से रोका, क्योंकि अगर वे लड़ना बंद नहीं करते हैं तो उन पर टैरिफ लगने का खतरा है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को रोकने के लिए भी टैरिफ की धमकी देने का दावा किया था। हालांकि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम में ट्रम्प की भूमिका की कभी पुष्टि नहीं की है। ट्रम्प ने अपने पोस्ट में लिखा कि अब अमेरिका में कोई महंगाई नहीं है जबकि जो बाइडन के समय में यह इतिहास में सबसे खराब थी। ट्रम्प ने लिखा कि स्टॉक मार्केट 9 महीनों में 48वीं बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि टैरिफ ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मदद की है और अमेरिका को लूटने वाले लोगों पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी, अमेरिका अब तक का सबसे अमीर, सबसे मजबूत और सबसे इज्जतदार स्थिति में है और इसके वजह उन्होंने खुद के राष्ट्रपति चुने जाने और टैरिफ को बताया।

■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: टैरिफ के चलते अमेरिका को दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर मिल रहे हैं

भारत ने सीओपी-30 में ब्राजील के नेतृत्व को सराहा

बेलेम। भारत ने ब्राजील के बेलेम में हुई संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी-30 में जलवायु न्याय की मजबूत आवाज बनकर उभरते हुए ब्राजील के समावेशी नेतृत्व की सराहना ही। साथ ही जलवायु न्याय, समानता और वैश्विक एकजुटता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

भारत ने सम्मेलन में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया और सीओपी अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व समावेश, संतुलन और ब्राजील की सामूहिक प्रयास की भावना पर आधारित रहा, जिसने पूरे सम्मेलन को सकारात्मक दिशा दी। इसके साथ ही भारत ने ग्लोबल गोल आन एडाप्टेशन (जीजीए) में हुई प्रगति का स्वागत किया। साथ ही कहा कि यह फैसले विकासशील देशों की जरूरतों को समझते हैं, क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे ज्यादा उन पर है। इस दौरान भारत ने दोहराया कि विकसित देशों की लंबे समय से चली आ रही जिम्मेदारी है कि वे विकासशील देशों को पर्याप्त जलवायु वित्त उपलब्ध कराएं। भारत ने उम्मीद जताई कि 33 साल पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ेंगे। भारत ने सीओपी-30 के सबसे महत्वपूर्ण परिणाम के रूप में 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म' की स्थापना को बताया। भारत ने कहा कि यह कदम वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा। इस दौरान भारत ने एकतरफा, जलवायु के नाम पर लगाए जाने वाले व्यापारिक प्रतिबंधों का मुद्दा भी उठाया। साथ ही कहा कि ऐसे कदम विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं और समानता तथा साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारी के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। इस दौरान भारत ने यह भी स्पष्ट कहा कि जलवायु परिवर्तन का बोझ उन देशों पर नहीं डाला जाना चाहिए जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। भारत ने विज्ञान-आधारित, न्यायपूर्ण और समानता पर आधारित जलवायु कार्रवाई के प्रति फिर से प्रतिबद्धता जताई। अंत में, भारत ने ब्राजील और सभी देशों को धन्यवाद दिया।

■ सम्मेलन में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का स्वागत किया और सीओपी अध्यक्ष का धन्यवाद किया
■ यह कदम वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु न्याय को लागू करने में मदद करेगा

दुबई एयर शो में रूसी विमानों ने नमांश सयाल को दी श्रद्धांजलि

दुबई। दुबई एयरशो के आखिरी दिन रूसी विमानों टीम ने तेजस हादसे में मारे गए विंग कमांडर नमांश स्याल को खास श्रद्धांजलि दी। रूसी विमानों ने आकाश में मिसिंग मैन फार्मेशन बनाया। रूसी टीम ने बताया कि उन्होंने एयर शो में अपना प्रदर्शन जारी रखने का फैसला इसलिए लिया, ताकि उन भाइयों की याद में उड़ान भरी जा सके जो आखिरी उड़ान से वापस नहीं लौटे। टीम ने कहा कि तेजस क्रैश के तुरंत बाद के पल बयां करना मुश्किल थे। 21 नवम्बर को दुबई एयर शो के दौरान भारतीय तेजस जेट क्रैश हो गया था। हादसे में विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई थी। वे विमान से इजेक्ट नहीं कर पाए थे। डेमो फ्लाइट के दौरान तेजस नीचे आकर जमीन से टकराकर क्रैश हो गया।

अब उत्तरी अफ्रीकी देश में विद्रोह की चिंगारी भड़की

ट्यूनीशिया में सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

ट्यूनिस। उत्तरी अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में भी सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। शनिवार को हजारों की संख्या में लोग राष्ट्रपति काइस सईद के खिलाफ राजधानी ट्यूनिश की सड़कों पर उतरे।

लोग राष्ट्रपति सईद की बढ़ती कथित तानाशाही और जेल में बंद राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने अन्याय के खिलाफ बैनर के तले विरोध प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व जेल में बंद राजनीतिक कैदियों के परिवारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदर्शन में हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी शामिल हुए, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब ट्यूनीशिया आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर परेशानियों से घिरा हुआ है। इससे पहले गुरुवार को ट्यूनीशिया के पत्रकारों ने भी सरकार विरोधी प्रदर्शन किए। दरअसल पत्रकारों ने प्रेस की आजादी को दबाने और प्रमुख नागरिक समाज संगठनों के खिलाफ कार्रवाई विरोध प्रदर्शन किया।

■ प्रदर्शन में हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी शामिल हुए, जिन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राष्ट्रपति सईद न्यायपालिका में दखलअंदाजी कर रहे हैं। साथ ही उन पर अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल करने आरोप है। जेल में बंद विपक्षी नेता अब्देलहामिद जलसी की पत्नी मोनिया ब्राहिम ने कहा कि वह मार्च में इसलिए शामिल हुईं क्योंकि उनका मानना है कि कई ट्यूनीशियाई लोगों के साथ बहुत नाइंसाफी हो रही है। मैं एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों की रक्षा करने आई हूं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कैदी अच्छी तरह जानते हैं कि वे अपने उसूलों, सिविल और पॉलिटिकल एक्टिविज्म के अपने संवैधानिक हक की कीमत चुकाने के लिए जेल में हैं, और आज ट्यूनीशिया में बनी सरकार उन्हें बंधक बनाए हुए है। हिरासत में लिए गए लोगों में से कुछ भूख हड़ताल पर हैं, जिसमें संवैधानिक कानून के प्रोफेसर जाहेर बेन म्बारेक भी शामिल हैं, जो 20 दिनों से जयादा समय से हड़ताल पर हैं। ट्यूनीशिया में बढ़ते दमन पर कई मानवाधिकार संगठनों ने चिंता जताई है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा है कि 2022 के आखिर से 50 से ज़्यादा लोगों को, जिनमें राजनेता, वकील, पत्रकार और एक्टिविस्ट शामिल हैं, अपनी बात कहने की आजादी, शांति से इकट्ठा होने या राजनीतिक गतिविधि चलाने के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए गिरफ्तार किया गया।

बांग्लादेश में विशेषज्ञों ने दी भीषण भूकंप की चेतावनी

कहा: अगर सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है

ढाका। बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह आए 5.7 तीव्रता के भूकंप ने कम से कम 10 लोगों की जान ले ली और राजधानी ढाका समेत कई जिलों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचाया।

वहीं विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह झटका किसी बड़े विनाशकारी भूकंप की आहट हो सकता है और अगर सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो नुकसान कहीं ज्यादा हो सकता है। शनिवार को भी देश तीन हल्के झटकों से कांपता रहा, जिससे लोगों में डर और बढ़ गया। स्थानीय समाचार पत्र में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार का भूकंप 'ढाका की नाजुकता' को साफ दिखाता है। ढाका जिला प्रशासन ने 14 इमारतों में नुकसान की पुष्टि की है। वहीं राजुक ने 50 से अधिक इमारतों में नुकसान की बात कही है, और मान रही है कि जांच आगे बढ़ने पर यह संख्या और बढ़ेगी। राजुक के चेयरमैन एम. रियाजुल इस्लाम ने कहा कि हमारी जांच जारी है। कई और इमारतें जोखिम भरी मिलेंगी। राजुक पर वर्षों से निर्माण निगरानी में लापरवाही और कम स्टाफ होने के आरोप लगते रहे हैं। बांग्लादेश भूकंप सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रो. मुनाज अहमद नूर ने कहा कि राजुक हमेशा किसी बड़े हादसे के बाद ही जागता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश नेशनल बिल्डिंग कोड का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। नूर के अनुसार, समस्या अक्सर डिजाइन में नहीं बल्कि उसके लागू होने में होती है, जैसे लोहे की मजबूती को गलत जगह लगाना। वहीं बांग्लादेश इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रो. मेहंदी अहमद अंसारी ने चेतावनी दी कि जिन इमारतों में दरारें या नुकसान दिख रहा है, उनका तुरंत मूल्यांकन होना चाहिए। जोखिम के आधार पर उन्हें श्रेणीबद्ध कर कार्रवाई होनी चाहिए। यह हाल के झटके किसी बड़े भूकंप के पूर्व संकेत यानी पूर्वाभास भी हो सकते हैं। उनका कहना है कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़ी घटना में भारी जनहानि हो सकती है। वरिष्ठ भूकंप वैज्ञानिक सईद हुमायूं अख्तर ने कहा कि भारत-बर्मा सबडक्शन क्षेत्र में बहुत ऊर्जा जमा हो रही है, जो किसी भी समय बहुत बड़े भूकंप का रूप ले सकती है। ढाका दुनिया के 20 सबसे भूकंप-जोखिम वाले शहरों में शामिल है। घनी आबादी, पुरानी और जर्जर इमारतें, और अवैध निर्माण इसे और ज्यादा असुरक्षित बनाते हैं। इतिहास की

■ ढाका जिला प्रशासन ने 14 इमारतों में नुकसान की पुष्टि की
■ राजुक पर वर्षों से निर्माण निगरानी में लापरवाही और कम स्टाफ होने के आरोप लगते रहे हैं

श्रीलंका: पहले मौके पर गिराएंगे सरकार

कोलंबो। श्रीलंका में सरकार और विपक्षी दल के बीच जारी तनाव के बीच पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाले विपक्षी दल ने राष्ट्रीय जनशक्ति (एनपीपी) सरकार पर चुनावी वादों को पूरा ना करने का आरोप लगाया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए तो पहले मौके पर सरकार को गिरा दिया जाएगा। राजधानी कोलंबो के उपनगर नुगेगोडा में शुक्रवार को आयोजित एक रैली में महिंदा राजपक्षे के बेटे और राजनीतिक उत्तराधिकारी नमल राजपक्षे ने कहा कि हम तैयार हैं और सरकार को चेतावनी देते हैं कि हम पहले मौके पर इसे गिरा देंगे। नमल ने आगे कहा कि श्रीलंकाई सरकार को जनता से किए गए अपने वादे पूरे करने चाहिए। इस दौरान उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल या जमानत पर कई पार्टी नेताओं के बावजूद वह डरेंगे नहीं और संघर्ष जारी रखेंगे। बता दें कि श्रीलंकाई सरकार के खिलाफ आयोजित रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, हालांकि मुख्य विपक्षी दल एसजेबी ने इसमें भाग नहीं लिया।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108